आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 22°C | 10°C |

इनसाइड न्यूज
केले से होगी यूपी के किसानों को और कमाई
उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



मंगलवार 31 दिसंबर, 2024 / पेज : 12 / मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ वर्ष : 16, अंक : 79 www.janexpresslive.com/epaper

सरकारी योजना के लाभार्थी किसी को पैस... 12

## बारिश के बाद ठंडी हवाओं का सितम जारी, बढ़ गई ठिठुरन

# ठंड होगी और प्रचंड

**हिमाचल में ढाई फीट बर्फ, 340 सड़कें बंद: उत्तराखंड में एवलांच का अलर्ट, कश्मीर में फंसे पर्यटकों के लिए मस्जिद-घर खोले**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दो दिन की लगातार बारिश और ठंडी हवाओं के चलते दिल्ली में कंपकंपी बढ़ गई है। शहर सर्द की चपेट में है और तापमान में लगातार गिरावट जारी है। भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार को धुंध और कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार बर्फबारी हो रही है। हिमाचल में 340 सड़कों पर आवाजाही बंद हो गई है। छितकुल में ढाई फीट से भी ज्यादा बर्फ पड़ी है, जिससे कई टूरिस्ट फंस गए हैं। कश्मीर में बर्फबारी के चलते श्रीनगर-लेह रोड बंद है। कश्मीर यूनिवर्सिटी के एग्जाम रद्द कर दिए गए हैं। करीब 1800 गाड़ियां फंसी हुई हैं। गांदरबल, सोनमर्ग, पहलगाम, गुंड, बारामूला समेत कई जगहों पर तापमान माइनस 10 से 22 डिग्री तक पहुंच गया है। यहां पर एक फीट तक बर्फबारी भी हुई, जिससे करीब 2 हजार पर्यटक अलग-अलग जगहों पर फंस गए। स्थानीय कश्मीरियों ने घर और मस्जिद के दरवाजे खोले। इन्हें रुकने की जगह दी, कंबल रजाई के साथ खाने-पीने का गर्म सामान भी दिया। उत्तराखंड के चमोली जिले में अगले 24 घंटों में 3 हजार मीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर एवलांच (बर्फ ढहना) का ऑरेंज अलर्ट है। बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पांडुकेश्वर-बद्रीनाथ के बीच बर्फबारी के कारण बंद है।



### यूपी के 61 जिलों में कोहरा, पारा 4 डिग्री लुढ़का

यूपी में पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं से ठंड बढ़ गई है। कोहरे का भी सितम जारी है। सुबह से 61 जिलों में घना कोहरा छाया हुआ है। विजिबिलिटी 50 मीटर तक रह गई है। ठंड के चलते गाजियाबाद और मेरठ में 8वीं तक के स्कूल 31 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं। कोहरे के चलते रविवार को कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर 23 ट्रेनें 6 घंटे तक लेट आईं। वाराणसी-लखनऊ आने वाली कई फ्लाइट्स भी लेट आईं। मौसम विभाग का कहना है कि पछुआ हवाएं चलने लगी हैं। अगले 3 से 4 दिनों तक पूरे प्रदेश में घने कोहरे और सर्द हवाओं का दौर जारी रहेगा। 48 घंटों में तापमान में तेजी से गिरावट आएगी। 24 घंटे में अधिकतम तापमान 4 और न्यूनतम तापमान 2 डिग्री गिरावट आई है। वातावरण में नमी बढ़कर 96 प्रतिशत हो गई है। कल बुलंदशहर सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का पारा 9 डिग्री दर्ज किया गया।

### हिमाचल के 5 जिलों में 10 सेमी से ज्यादा बर्फबारी

हिमाचल के कल्पा में 14.9, कुफरी में 14.5, पूह में 12, मुरंग में 12, खदराला में 10, सांगला में 8.5, केलंग में 8, कुकमसेरी में 1.6 सेमी ताजा बर्फबारी हुई है। इससे न्यूनतम तापमान सामान्य से 1 से 5 डिग्री सेल्सियस तक कम रिकॉर्ड किया गया है।

### लद्दाख में इस साल पर्यटक घटे, कश्मीर में बढ़े

लद्दाख में 2023 में 5.25 लाख पर्यटक पहुंचे थे। 2024 में यह आंकड़ा घटकर 3.75 लाख रह गया। लद्दाख पर्यटन विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में 2023 में 2.10 करोड़ पर्यटक आए थे। 2024 में संख्या बढ़कर 2.11 करोड़ हो चुकी है।



**पर्यटक बोले, हमें मस्जिद में जगह दी, हमेशा याद रहेगा**

कश्मीर के दूधपखरी में फंसे 9 पर्यटकों में से एक राजेश राजपूत ने बताया कि बर्फबारी में हम 4 घंटे फंसे रहे। रास्ता बर्फ से भरा था। गाड़ी नहीं चला सकते थे। शाम होने लगी और तापमान गिरने लगा तो अनीस अहमद और उनके परिवार के लोग आए और हमें साथ ले गए। उन्होंने हमारा जो ख्याल रखा, हमेशा याद रहेगा। कश्मीर के गुंड के गांवों में करीब 1 हजार पर्यटक विभिन्न स्थानीय लोगों के घरों में दो दिन से रुके हुए हैं। यहां जामिया मस्जिद भी पर्यटकों के लिए खोल दी गई। यहीं अपने परिवार के साथ रुकीं कविता मोइत्री ने बताया कि हम सोनमर्ग से लौट रहे थे, तभी बर्फबारी में फंस गए। लोगों ने हमें मस्जिद में जगह दी। फिर गरमागरम तेहरी खिलाई। यह यादगार था।

### 3 दिन कैसा रहेगा मौसम

**31 दिसंबर**
- उत्तर भारत के राज्यों में शीतलहर चलेगी
- पहाड़ों की बर्फीली हवा से मध्य भारत ठिठुरेगा। यूपी, बिहार, छत्तीसगढ़, मप्र, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली में तापमान गिरेगा।
- उत्तर भारत में शीतलहर और घने कोहरे के आसार हैं। इन राज्यों में हवा की रफ्तार भी 40 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा रहेगी।

**01 जनवरी**
- 10 राज्यों में कोहरे का अलर्ट
- मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में घना कोहरा छाया रहेगा।
- हिमाचल प्रदेश में सीवियर कोल्डवेव का अलर्ट रहेगा। हिमाचल प्रदेश में ग्राउंड फॉस्ट कंडीशन रहेगी।
- तमिलनाडु-पुडुचेरी में तेज रफ्तार में हवा चलेगी। इन राज्यों के कुछ जिलों में बिजली भी गिर सकती है।

**02 जनवरी**
- 3 राज्यों में बर्फबारी, नॉर्थ-ईस्ट में कोहरा
- असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में घना कोहरा रहेगा।
- उत्तरी भारत के राज्यों में शीतलहर चलेगी, जिससे तापमान में गिरावट होगी।
- जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का दौर जारी रहेगा।

## स्वास्थ्य मंत्री और मुख्य सचिव पर मेरठ के युवक ने लगाए गंभीर आरोप

# सीएमओ का पद चाहिए तो 40 लाख रुपये लाइए...

जन एक्सप्रेस । राज्य मुख्यालय

लखनऊ। भ्रष्टमुक्त शासन और जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही योगी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री और मुख्य सचिव पर स्वास्थ्य विभाग में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति के लिए भारी लेन-देन का आरोप लगा है। मेरठ के एक युवक ने मुख्यमंत्री योगी आदियत्नाथ को पत्र लिखकर जांच की मांग की है। सीएम को लिखा गया पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बहरहाल जन एक्सप्रेस स्वास्थ्य विभाग पर लगे आरोपो की सत्यता की पुष्टि नही करता है।

### जांच कर कार्रवाई की मांग

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में अमेठी के आशीष सिंह ने आरोप लगाया कि प्रमुख सचिव और स्वास्थ्य मंत्री की मिली भगत से मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के पद नीलाम किया जा रहा है। आशीष ने करीब दर्जन भर डॉक्टर के नाम भी गिनाए हैं और दावा किया है कि इनमें से ही सीएमओ के पदों पर तैनाती की जाएगी। आशीष ने सीएम से जांच कराने की मांग करते हुए कार्रवाई करने के लिए कहा है।

### पहले भी लगे लग चुके आरोप, हुई थी कार्रवाई

बता दें कि स्वास्थ्य महकमे में लेनदेन कर नियुक्ति कराने का यह आरोप नया नहीं है, इससे पहले भी इस विभाग की फजीहत होती रही है। 2017 से 2022 के कार्यकाल में ही स्वास्थ्य महकमे में नियुक्ति और स्थानातंरण में घोटाला सामने आया था, जिसके बाद सीएम योगी ने सख्ती दिखाते हुए स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर नियुक्ति और सभी स्थानांतरणों को रद कर दिया था। मामले में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री की क्लास भी लगाई गई थी और बाद में मंत्रालय में छंटनी भी कर दी थी।

### इन 15 डॉक्टरों में से 10 जिलों में बनाए जाएंगे सीएमओ



आशीष सिंह ने आरोप लगाते हुए जो नाम गिनाए उनमें डॉ. नंदू राम, डॉ. नरेंद्र कुमार , डॉ. राजेंद्र कुमार, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. प्रभा, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. पुष्पेंद्र, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. संत, डॉ. सचिव वैश्य, डॉ. रंजन गौतम, डॉ. मनोज कुमार शुक्ला, डॉ. दीपा सिंह, डॉ. भावनाथ पांडे, डॉ. आश्विन कुमार शामिल हैं। आशीष का दावा है कि प्रदेश के 10 जिलों में जल्द ही सीएमओ के पदों पर नियुक्तियां होंगी। सीएमओ पद के दावेदारों में से 10 नाम इन्हीं लोगों में से होंगे। आरोप है कि सीएमओ पद पर चयन के लिए डॉक्टरों से 40 लाख रुपए लेनदेन तय हुआ है।

### स्वास्थ्य विभाग में करप्शन पर अखिलेश ने साधा था निशाना



इसी महीने दिसंबर 12 को उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को योगी सरकार पर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निशाना साधा था । कहा था कि स्वास्थ्य विभाग भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और स्वास्थ्य सेवाएं दलाली और मुनाफाखोरी की गिरफ्त में है। अखिलेश ने यह मुद्दा प्रयागराज में नक़ली प्लेटलेट्स का खुलासा हुआ और आगरा में नक़ली दवाई के गोरखधंधे के भंडाफोड़ को लेकर उठाया था। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को भी बिना नाम लिए कठघरे में खड़ा किया था। कहा था कि पूरव से पश्चिम तक ड्रग माफ़ियाओं का राज चल रहा है। इस नेटवर्क को चलाने वालों के तार किस सत्ताधारी से जुड़े हैं और उनके सिर पर किसका हाथ है, इसका पर्दाफ़ाश होना ही चाहिए।

## मुरादाबाद में 43 साल बाद खुला गौरीशंकर मंदिर का गर्भगृह, खोदाई में मिली मूर्तियां



जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

मुरादाबाद के झब्बू का नाला मोहल्ले में स्थित गौरीशंकर मंदिर का गर्भगृह 43 साल बाद सोमवार को खोल दिया गया। 1980 के दंगों के दौरान पुजारी की हत्या के बाद मंदिर को बंद कर दिया गया था। मंदिर के पुजारी के पोते ने डीएम को अर्जी देकर इसे दोबारा खुलवाने की मांग की थी। प्रशासन ने तीन दिन पहले मौके का निरीक्षण कर मंदिर की स्थिति का आकलन किया। सोमवार को पुलिस और प्रशासन की कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर की दीवारों को तोड़कर खोदाई शुरू की गई। मंदिर के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि मंदिर को जल्द ही पूरी तरह से पूजा-पाठ के लिए खोला जाएगा। वर्षों से बंद इस मंदिर के खुलने से क्षेत्रवासियों में उत्सुकता बढ़ गई है।

## एसजीपीजीआई में नौकरी के नाम पर केजीएमयू की नर्स से 14 लाख की ठगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ में केजीएमयू में संविदा पर तैनात नर्स से दंपती समेत तीन लोगों ने 14 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपियों ने पीजीआई में नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। मामला पारा क्षेत्र के डूडा कॉलोनी का है। यहां की रहने वाली सरिता ने बताया कि करीब दो साल पहले उनकी मुलाकात सुशांत गोल्फ सिटी निवासी सूरज केसरवानी से हुई। सूरज उसकी पत्नी खुशी और साले प्रिंस का सरिता के घर आना जाना हो गया। सूरज ने उन्हें बताया कि उसकी पत्नी की नौकरी पीजीआई में स्टाफ नर्स के पद पर लगी है। वह सरिता की नौकरी लगवा सकता है। नर्स ने यह बात पति आशीष को बताई। आशीष के हामी भरने पर सूरज ने नौकरी में 14 लाख का खर्च बताया। इस पर सरिता ने रुपये सूरज को दे दिए। मगर उनकी नौकरी नहीं लगी। दबाव डालने पर आरोपी टालमटोल करता रहा। दो साल बीतने पर पीड़िता ने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने धमकाना शुरू कर दिया। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह के मुताबिक मामले की तफ्तीश की जा रही है।

### आईपीएस वितुल कुमार होंगे सीआरपीएफ महानिदेशक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। भारतीय पुलिस सेवा में 1993 बैच के वरिष्ठ अधिकारी वितुल कुमार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का कार्यवाहक महानिदेशक बनाया गया है। वितुल कुमार मौजूदा डीजी अनीश दयाल सिंह की जगह लेंगे। आईपीएस अनीश 31 दिसंबर, 2024 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। 30 दिसंबर को उन्होंने वितुल कुमार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक का पदभार सौंपा। उत्तर प्रदेश कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी वर्तमान में सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। महानिदेशक के रूप उनकी नियुक्ति के संबंध में गृह मंत्रालय ने आदेश जारी किया। गृह मंत्रालय के मुताबिक नियमित पदाधिकारी की नियुक्ति या अगले आदेश तक आईपीएस वितुल महानिदेशक का पदभार संभालेंगे। आठ अगस्त, 1968 को पंजाब के बठिंडा में जन्मे वितुल कुमार के पास इलेक्ट्रॉनिक्स में बैचलर ऑफ़ इंजीनियरिंग की डिग्री है।

# नए साल की शुरुआत में यूपी को मिल सकता है भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष

## सामाजिक समीकरणों और संगठन के बीच संतुलन बैठाकर उपयुक्त चेहरे का चुनाव करने के लिए केंद्रीय नेतृत्व सक्रिय

- प्रयास किया जा रहा है कि संगठन और सरकार में बेहतर तालमेल बना रहे इसलिए सीएम योगी से अच्छी ट्यूनिंग बनाने वाले चेहरे को प्राथमिकता
- मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 15 जनवरी के आसपास नये जिलाध्यक्षों के नाम घोषित कर दिए जाएंगे
- भाजपा अब जल्द ही यूपी में अपने जिला अध्यक्षों का चयन करने की प्रक्रिया पूरी करेगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

नए साल की शुरुआत में उत्तर प्रदेश भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल सकता है। सामाजिक समीकरणों और संगठन के बीच संतुलन बैठाकर उपयुक्त चेहरे का चुनाव करने के लिए केंद्रीय नेतृत्व सक्रिय है। सूत्रों के अनुसार प्रयास किया जा रहा है कि संगठन और सरकार में बेहतर तालमेल बना रहे इसलिए सीएम योगी से अच्छी ट्यूनिंग बनाने वाले चेहरे को प्राथमिकता दी जाएगी। भाजपा अब जल्द ही यूपी में अपने जिला अध्यक्षों का चयन करने की प्रक्रिया पूरी करेगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 15 जनवरी के आसपास नये जिलाध्यक्षों के नाम घोषित कर दिए जाएंगे।




### 1.62 लाख बूथों में से पार्टी अब तक लगभग 1.30 लाख बूथ बना चुकी है

भाजपा में इन दिनों संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश के करीब 1.62 लाख बूथों में से पार्टी अब तक लगभग 1.30 लाख बूथ बना चुकी है। इसके अलावा, 1918 मंडलों में से लगभग 60 प्रतिशत मंडल अध्यक्षों का चयन भी हो चुका है। जिलों के चुनाव के लिए 51प्रतिशत से अधिक मंडलों का गठन जरूरी है।

### राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया को तेज करने की बात कही

रविवार को दिल्ली में भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें आगे की चुनाव प्रक्रिया पर चर्चा हुई। इस बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष और राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण मौजूद थे। डॉ. लक्ष्मण ने आगे की चुनाव प्रक्रिया को लेकर जानकारी दी और इसे तेज करने की बात कही। बैठक में प्रदेश के चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भी शामिल हुए।

**मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा शुरू**

प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए एक और केंद्रीय पर्यवेक्षक (प्रेक्षक) नियुक्त किया जाएगा। रविवार को दिल्ली में भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें संगठन चुनाव से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया को तेज करने के लिए मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा भी रविवार रात से शुरू हो गई है।

# एक बाघ नहीं पकड़ पा रहा अमला, आतंकी होते तो क्या होता

## लखनऊवासियों में दहशत का पर्याय बना बाघ वन विभाग की टीम के सामने डेढ़ घंटे तक रहा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- आंख के सामने होने के बाद भी बाघ को टीम ट्रैंकुलाइजर गन बेहोश नहीं कर पाई
- बाघ देर तक पेड़ की आड़ में गाय का बचा हुआ हिस्सा खा रहा था, देखते ही देखते बाघ विशेषज्ञों की आंखों से ओझल हो गया
- जब एक बाघ पूरे सिस्टम को धूल चटा रहा है तो अत्याधुनिक हथियारों से लैस मुट्ठी भर आतंकियों का सामना करने में प्रदेश का तंत्र कितना कारगर साबित होगा

प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अंदर सरकार के पूरे अमले को एक बाघ ने नचा कर रखा हुआ है। आश्चर्य की बात है कि अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त वन विभाग की टीम के सामने बाघ आता है इत्मीनान से गाय का मांस खाता है और पूरी बेफिक्री के साथ चला जाता है। वहीं, बाघ को अपनी गिरफ्त में लेने के लिए घात लगाए इंतजार कर रहीं वन विभाग की टीम हाथ मलती रह गईं। सवाल उठता है कि जब एक बाघ पूरे सिस्टम को हिला सकता है तो किसी आतंकी योजना को अंजाम देने आने वाले अत्याधुनिक हथियारों से लैस मुट्ठी भर आतंकियों का सामना करने में प्रदेश का तंत्र कितना कारगर साबित होगा। लखनऊ वासियों में दहशत का पर्याय बना बाघ वन विभाग की टीम के सामने डेढ़ घंटे तक रहा। आंख के सामने होने के बाद भी बाघ को टीम ट्रैंकुलाइजर गन बेहोश नहीं कर पाई। देखते ही देखते बाघ विशेषज्ञों की आंखों से ओझल हो गया। बाघ देर तक पेड़ की आड़ में गाय का बचा हुआ हिस्सा खा रहा था। वन विभाग की कॉम्बिंग टीम देखती रही लेकिन बाघ को ट्रैंकुलाइर गन से शॉट देकर बेहोश न कर पाई। बाघ को ट्रैंकुलाइज करने के लिए तैनात की गई तीन टीमें खाली हाथ लौटीं।

इस दौरान बाघ एक दिन पहले जिस गाय का शिकार किया था उसका शेष हिस्सा भी आ कर खा गया। दरअसल, रहमान खेड़ा संस्थान के जंगल से निकलकर बाघ शुक्रवार रात बुधड़िया गांव पहुंच गया था। यहां किसान महेश रावत के आम के बाग में उसने गाय का शिकार किया था। शनिवार की रात दोबारा बाघ उसी जगह आया और गाय के शव को पांच मीटर खींच कर एक पेड़ की आड़ में ले गया। वहां उसने अपनी भूख मिटाई।

### शव को पांच मीटर खींचकर ले गया

डीएफओ डॉ सितांशु पांडेय के अनुसार शुक्रवार रात को मृत गाय के पास ट्रांसपोर्टिंग पिंजरा और ट्रैप कैमरा लगाया गया था। साथ ही वेटेनरी डॉक्टर नासिर, डॉ. बृजेंद्र मणि यादव व डॉ. दक्ष वन विभाग की टीम के साथ निगरानी कर रहे थे। देर रात लगभग एक बजे बाघ मृत गाय के बचे हिस्से को खाने आया था। शव को पांच मीटर खींचकर ले गया। रात के अंधेरे की वजह से टीम बाघ को ट्रैंकुलाइज नहीं कर सकी। सुबह होने का इंतजार करते हुए चार बजे दूसरी टीम के आने पर गाड़ियों की आवाज से बाघ झाड़ियों में छुप गया। डब्लूटीआई की टीम ने थर्मल ड्रोन कैमरे से निगरानी की लेकिन बाघ कहीं नहीं दिखा। आसपास मिले पगचिन्हों से बाघ के वापस रहमान खेड़ा के जंगल में जाने की पुष्टि हुई है।

### गाय के अवशेष की घेराबंदी कर तीन विशेषज्ञ आसपास मौजूद थे

वन विभाग की टीम को अंदाजा था कि बाघ ने जहां शिकार किया है, वापस जरूर आएगा। इसीलिए गाय के अवशेष की घेराबंदी कर तीन विशेषज्ञ आसपास मौजूद थे। अंदाजा सही निकला और बाघ अवशेष खाने के लिए पहुंच गया लेकिन घुप अंधेरा होने की वजह से वन विभाग की टीम कुछ न कर पाई। विशेषज्ञों के अनुसार बाघ शिकार के आसपास काफी देर तक मंडराता रहा। सुबह चार बजे के आसपास वन विभाग की दूसरी टीम पहुंची तब तक बाघ पानी में कूदकर आगे घनी झाड़ियों में ओझल हो गया। इस दौरान तीनों विशेषज्ञ बाघ को ट्रैंकुलाइज नहीं कर पाए।

### अब तक कुल 17 कैमरों की मदद से पांच टीमें निगरानी कर रही हैं

डीएफओ ने बताया कि रहमान खेड़ा के जंगल सहित मीठे नगर में पांच नए ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। एक नया मचान बनवाकर निगरानी की जाएगी। अब तक कुल 17 कैमरों की मदद से पांच टीमें निगरानी कर रही हैं। बुधड़िया गांव में रखा गया पिंजरा हटवा लिया गया है।



# जिलाधिकारी व चिकित्साधिकारी ने श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

■ पौष मास की सोमवती अमावस्या में धर्मनगरी में उमड़ी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**





पौष मास की सोमवती अमावस्या मेला के अवसर पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं चिकित्साधिकारी डॉ तनुषा टीआर ने सोमवार को भगवान कामतानाथ के दर्शन के लिए धर्मनगरी आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इसके पूर्व जिलाधिकारी व चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भगवान कामतानाथ की पूजा-अर्चना कर प्रसाद का भोग भी लगाया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं चिकित्साधिकारी डॉ तनुषा टीआर सोमवार को परिक्रमा मार्ग स्थित बरहा हनुमान मंदिर में आयोजित भंडारा में श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पौष मास की सोमवती अमावस्या मेला के दौरान तीर्थ क्षेत्र चित्रकूट आए हुए श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रसाद की व्यवस्था की गई है। जिसके तहत परिक्रमा मार्ग पर प्रसाद का वितरण किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने सफाई, सुरक्षा व पेयजल आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मेला क्षेत्र में तैनात सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। सभी लोग मुस्तैदी के साथ अपने निर्धारित स्थलों पर तैनात रहकर सोमवती अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए। प्रसाद वितरण के दौरान कामदगिरि पर्वत आरती स्थल के विपिन विराट महाराज, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उमेश चंद्र निगम, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, आरआई राहुल पांडेय, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार, सभासद अरुण कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### मेला क्षेत्र में एडीएम व एएसपी ने किया भ्रमण

**चित्रकूट।** पौष माह के सोमवती अमावस्या मेले को सकुशल सम्पन्न करान के उद्देश्य जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम एवं अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने रामघाट, तुलसीघाट, नयापुल, वरिष्ठ आश्रम, लक्ष्मण पहाड़ी, जलेबीवाली गली, बरहा हनुमान मंदिर, निर्मोही अखाड़ा, टैम्पोस्टैण्ड सीतापुर, यूपीटी तिराहा, रैनबसेरा, बेडीपुलिया एवं परिक्रमा मार्ग का पैदल भ्रमण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने एवं श्रद्धालुओं से विन्रमता पूर्वक व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया।

## अवैध गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

रैपुरा थाना प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रैपुरा के उपनिरीक्षक शिवसागर दुबे, उपनिरीक्षक राजेश कुमार व उनकी टीम आरक्षी अशोक पाल, हेमन्त आर्य, आरक्षी चालक पवन यादव ने आरोपी लकी निवासी मुह्ला तालाब घोसिया थाना औराई जनपद भदोही को एक किलो 282 ग्राम सूखा गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना रैपुरा में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में शुरु हुई पांच दिवसीय कार्यशाला



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के ललित कला एवं चित्रकला विभाग द्वारा ''चित्रकूट और प्रयाग महाकुंभ एक आध्यात्मिक यात्रा'' विषय पर पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ कुलपति प्रो शिशिर कुमार पाण्डेय ने सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

कार्यशाला में कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय ने कहा कि चित्रकला में सिंदूरी आभा एवं हरीतिमा की रंगीय आभा जीवन की गति एवं स्थिति का द्योतन करती है। कलाकार सात रंगों की धार से अंतःचेतना को कृतियों में उद्घाटित करते हैं। बताया कि कार्यशाला में बनाई गई कलाकृतियों को प्रयाग महाकुंभ 2025 में प्रदर्शित किया जाएगा। इस मौके पर डॉ गुलब्धार प्रोफेसर महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ विनोद मिश्रा, डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ सुशील त्रिपाठी, डॉ हरिकांत मिश्रा, डॉ संध्या पाण्डेय, डॉ नीतू शुक्ला, डॉ मनोज कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चोरी कर भाग रहे चोर को पुलिस ने चंद समय में किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई**




कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना से ई-रिक्शा चोरी कर भाग रहे शातिर चोर की सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर रिक्शा सहित दबोच लिया। पुलिस की पूंछतांछ के बाद पुलिस ने पकड़े गए चोर की निशानदेही पर एक चोरी की बाइक भी बरामद की है।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बबीना निवासी शिवम ने शनिवार को पुलिस को सूचना दी। जिसमें बताया कि बीती रात को उसने अपने घर के बाहर ई-रिक्शा को खड़ाकर वह सोने चला गया था। तभी देर रात अज्ञात चोरों ने उसे निशाना बनाया और वह उसका रिक्शा चुरा ले गए। देर रात आंख खुलने पर वह लघुशंका के लिए बाहर निकला तो उसका ई-रिक्शा गायब था। उसी समय उसने अपने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो अज्ञात चोर उसका ई-रिक्शा ले जाते दिखा। जिस पर उसने पुलिस को सूचना देने के साथ-साथ खुद उसकी तलाश के लिए निकल पड़ा, लेकिन सफलता न मिली। पीड़ित ने सुबह अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर सीसीटीवी की मदद से अपना जाल बिछाते हुए चोर की तलाश शुरू कर दी। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे से पुलिस को काफी हद तक सफलता मिल गई थी। क्योंकि चोरी करते हुए चोर की तस्वीर सीसीटीवी में कैद हो गई थी। थाना प्रभारी प्रभात सिंह ने एसआई राजकुमार के साथ अपने हमराहियों कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह व अमन पटेल के साथ नाका तिराहे पर आरोपी गोविन्द निवासी धोबीपुरा कस्बा कदौरा को मय रिक्शा के दबोच लिया। जब आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक तमंचा व कारतूस और लोहे की रॉड बरामद हुई। इतना ही नहीं कड़ाई से पूछताछ करते हुए एक बाइक भी बरामद हुई जो फतेहपुर जिले की है। मामले में थाना प्रभारी प्रभात सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को चोरी के रिक्शे के साथ पकड़ा गया है।

# आदर्श प्रजापति समाज के शपथ ग्रहण समारोह में नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ

**जन एक्सप्रेस । उरई**




आदर्श प्रजापति सभा का 22 दिसंबर को जिलाध्यक्ष व अन्य पदों के लिए चुनाव संपन्न हुआ था। रविवार को चुनाव के बाद जिलाध्यक्ष के साथ अन्य पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश प्रजापति ने नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष छेदालाल प्रजापति को कार्यभार सौंपा और माला पहनाकर स्वागत किया। जिसमें समाज के लोगों को एकजुट होकर राजनीति में भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। बैठक में आदर्श प्रजापति सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश प्रजापति ने कहा कि समाज ने तीन साल के लिए उन्हें जो जिम्मेदारी दी थी उन्होंने उसे बखूबी निभाया है। अब चुनाव के नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष इस जिम्मेदारी को संभालेंगे और समाज को एकजुट करने का काम करेंगे। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष छेदालल प्रजापति ने कहा कि सभी लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं साथ ही एक मंच कर आकर एक जुटकर होकर समर्थन करें। समाज के विकास के लिए राजनीति में भागीदारी बढ़ानी होगी तभी तरक्की की जा सकती है। उन्हें समाज के लोगों ने जो जिम्मेदारी दी है उसको वह पूरी ईमानदारी से निभाएंगे साथ ही समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। क्योंकि युवा ही समाज को आगे ले जाने का काम करते हैं। इसके बाद उपाध्यक्ष, मंत्री, महामंत्री समेत सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में देवेंद्र प्रजापति, अनिल प्रजापति, केदार प्रजापति, नरेंद्र प्रजापति, राहुल प्रजापति, संदीप प्रजापति, जयपाल सिंह अशोक कुमार, सुशील कुमार समेत समाज के दो सैकड़ा से अधिक लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम ने आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए एक परिवार को टूटने से बचाया। परामर्श केन्द्र प्रभारी उपनिरीक्षक गुड्डी देवी ने बताया कि रोशनी देवी पत्नी पराविन रैदास निवासी ग्राम चनहट चैकी गनीवा थाना राजापुर ने बताया कि उसका पति पराविन रैदास द्वारा शराब पीकर उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट व लड़ाई झगड़ा करता है। इस सम्बन्ध में उसने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण के लिए दिए गए निर्देश के क्रम में परामर्श केन्द्र की महिला आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव ने शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया तथा दोनों पक्षों को समझाया। इस पर दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में मारपीट, गाली-गलौज व लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

## ग्रुप बी के मैचों में रीवा व झांसी की टीमों ने जीता मैच

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वें सुभाष चैलेंज कप 2024-25 में ग्रुप बी का पहला मैच सोमवार को रीवा और बांदा तथा दूसरा मैच प्रयागराज व झांसी के बीच खेला गया। जिसमें पहले मैच में रीवा की टीम ने बांदा की टीम को 42 रनों से हरा दिया तथा दूसरे मैच में झांसी की टीम ने प्रयागराज की टीम को 23 रनों से हरा दिया। मैच में पहले टॉस जीतकर रीवा ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए रीवा की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में पांच विकेट खोकर 156 रन बनाए। जिसमें हर्षित के 73 और आयुष्मान के 20 रन शामिल रहे। बांदा के गेंदबाज शुभम व संदीप ने एक-एक विकेट लिए। 157 रनों का लक्ष्य प्राप्त करने उतरी बांदा की टीम ने 15 ओवर में 114 रन ही बना सकी। जिसमें माही के 23 और सलमान के 21 रन शामिल रहे। रीवा के गेंदबाज मनीष आयुष व हर्षित ने तीन-तीन विकेट लिए। रीवा की टीम ने इस मुकाबले को 42 रन से जीत लिया। रीवा के खिलाड़ी हर्षित को मैच का सर्वश्रेष्ठ चुना गया। इसी प्रकार ग्रुप बी का दूसरा मैच प्रयागराज और झांसी के बीच खेला गया। जिसमें झांसी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 146 रन बनाए। जिसमें आकाश दीप के 81 और विवेक के 11 रन शामिल रहे। प्रयागराज के गेंदबाज कृष्णा और दीपक ने दो-दो विकेट लिए। 147 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी प्रयागराज की टीम 20 ओवर में 123 रन ही बना सकी। जिसमें अथर्व के 37 और मनु के 23 रन शामिल रहे। झांसी के गेंदबाज शशांक ने दो व शकील ने एक विकेट लिया। झांसी ने इस मुकाबले को 23 रनों से जीत लिया। झांसी के आकाश दीप को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इन दौनों मैचों में ऋषि यादव व आशुतोष त्रिपाठी ने अंपायर की भूमिका निभाई। इस मौके पर रामसागर चतुर्वेदी, अनुराग शर्मा, सुधीर सिंह, जशीन, दीपक मिश्रा, सौरभ नाहर, लोकेश सिंह, राहुल सोनी, आदेश अनुराग आदि मौजूद रहे।

# दोबारा नगर अध्यक्ष बने रवि गुप्ता कार्यकर्ताओं ने जतायी खुशी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

विगत कुछ दिनों से चल रहे संगठन चुनाव पर आखिरकार सोमवार को विराम लग गया है। भाजपा हाईकमान ने आठ मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। इसमें नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता के अलावा शेष नए चेहरों को पहली बार मौका मिला है। प्रदेश नेतृत्व, क्षेत्रीय नेतृत्व तथा जिला नेतृत्व में आम सहमति एव संगठात्मक चुनाव प्रक्रिया से गुजरने के बाद प्रदेश चुनाव अधिकारी महेंद्रनाथ पांडेय ने जिला चुनाव अधिकारी कौशलेंद्र पटेल की संस्तुति पर सोमवार को 11 में से आठ भाजपा मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी ।शेष मऊ,बरगढ़ और गनीवा मंडल की सूची को होल्ड कर दिया गया है। सूची में पिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ताओं को विशेष मौका मिला है।



### जिले के सात मंडल में नए चेहरों को मिला मौका

भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी ने आठ मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी हैं। पहली बार नए चेहरों को मौका मिला है। जिसमें चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के सरधुआ मंडल से शंकरदयाल निषाद, भरतकूप से प्रमोद पटेल, शिवरामपुर से ओम प्रकाश मिश्र, पहाड़ी से फूलचंद्र राजपूत को पहली बार मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र मानिकपुर मंडल से राकेश कोल, ऐंचवारा से श्रवण पटेल और रामनगर से मन्नालाल प्रजापति को दायित्व सौंपा गया है। शेष तीन मंडल के अध्यक्षों के नाम होल्ड कर दिया गया है।

### पार्टी हाईकमान ने रवि गुप्ता पर पुनः जताया भरोसा

भाजपा ने रवि गुप्ता को कर्वी नगर अध्यक्ष का पुनः दायित्व सौंपा है। भाजपा का नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष बनने पर रवि गुप्ता को निवर्तमान सांसद आरके पटेल,चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, हरिओम करवरिया, शक्ति तोमर सहित सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, नगर पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है।

### पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने एसडीएम से मिलकर बताई समस्याएं

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन की टीम ने उपजिलाधिकारी कालपी सुशील कुमार सिंह से मुलाकात कर पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को हो रही समस्याओं को उनके समक्ष रखा। एसडीएम ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए जल्द से जल्द समाधान का भरोसा दिया। मुलाकात के दौरान एसोसिएशन के वरिष्ठ संरक्षक कमांडर अनूप कुमार मेहरोत्रा, तहसील अध्यक्ष कैप्टन छेदा सिंह, तहसील उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सरदार सरसेला और संगठन सचिव दिनेश निगम ने पूर्व सैनिकों के बच्चों के जीवन प्रमाण पत्र एवं दाखिल-खारिज में हो रही समस्याओं को विस्तार से बताया। इस पर एसडीएम ने सभी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने की बात कही।पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने एसडीएम से आशा जताई कि प्रशासन उनके मुद्दों का शीघ्र हल निकालेगा, ताकि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को राहत मिल सके।

## किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में ग्रामोदय के 24 विद्यार्थियों का हुआ चयनित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय से बीएससी कृषि और एमएससी कृषि पाठ्यक्रम में पढ़ाई कर चुके 24 विद्यार्थियों का चयन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मध्य प्रदेश के अंतर्गत संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) में हुआ है।

अधिष्ठाता कृषि संकाय प्रो डीपी राय ने बताया कि किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग द्वारा बीते 27 दिसंबर को घोषित परीक्षा परिणाम के आधार पर कृषि संकाय के छात्र भवानी सिंह राठौड़, ललिता डुडवे, राकेश काकोडिया व दुर्गेश कुमार घोरसे का चयन बीटीएम (ब्लाक टेक्नोलॉजी मैनेजर) तथा आकृति गौतम, दिव्या सिंह भारती, काजल शर्मा, सचिन असोने, बलवीर सिंह कुशवाहा, सतेंद्र कुमार डेहरिया, कृष्णेन्द्र सिंह, पुनम डेहरिया, अनिल राउत, शुभम पाटीदार, शिवम शुक्ला, राकेश तरोले, ललित मालवीय, मंजुला जामरा, संदीप सिंह राजपूत, दीक्षा सिंह, पायल पटले, अमृता चैहान, चंद्रकांता अलावा व हिमांशु यादव का चयन एटीएम (अस्सिटेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर) के पद पर हुआ है। बताया कि गत वर्षों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के पद पर एक सौ से अधिक कृषि स्नातक और कृषि परास्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थी चयनित हो चुके हैं। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के 24 विद्यार्थियों के एक साथ चयन होने पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस गर्व महसूस कर रहा है। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के 24 विद्यार्थियों के एक साथ चयन होने पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय कैंपस गर्व महसूस कर रहा है। कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा ने इसे गौरवपूर्ण विशेष उपलब्धि बताया है। कृषि संकाय के अधिष्ठाता प्रो डीपी राय सहित संकाय प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों के चयनित होने पर प्रसन्नता जाहिर की है।

# ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ मजदूर की मौत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

मंडी से घर जा रहा अधेड़ मजदूर की रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

शहर के मुहल्ला गांधी नगर निवासी महेश वर्मा 57 वर्ष गल्ला मंडी में पत्नी शशि वर्मा के साथ पल्लेदारी का काम करता था। उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं रहता था। इसी कारण पत्नी उसे अपने साथ ही काम पर ले जाती थी।बताया गया कि उसके दिमाग का कई सालों से इलाज भी चल रहा था। सोमवार की दोपहर को वह मंडी से घर जाने की बात कहकर चला आया था। इसी दौरान डा. नरेश के मकान के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।बताया गया कि उसके दिमाग का कई सालों से इलाज भी चल रहा था। सोमवार की दोपहर को वह मंडी से घर जाने की बात कहकर चला आया था। इसी दौरान डा. नरेश के मकान के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने सूचना रेलवे व कोतवाली पुलिस की दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल करने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र राज वर्मा ने कहा कि पिता का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने कहा कि शव को पीएम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

### 33 केबी लाईन से कंटेनर टकराते ही वर्षे आग के शोले, टला बड़ा हादसा

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र में उरई रोड़ पर ग्राम पड़री गांव के बाहर रविवार को कोल्ड स्टोर पर माल लेकर एक कंटेनर आया हुआ था। जो कुछ ही देर बाद वापस जाने के लिए कोल्ड स्टोर के नजदीक बैक हो रहा था। तभी कंटेनर वहां से गुजरी लाइन हाईटेंशन लाइन से जा टकराया, जिससे टैंकर में करंट दौड़ गया। टैंकर में करेंट दौड़ते ही ड्राइवर योगेंद्र सिंह ने ब्रेक पैर पर रखा तो उसके झटका लग गया। जिससे एक्सीलरेटर दब गया और टैंकर 33 केबी लाईन से जा टकराया। जिसके बाद वहां आग के शोले गिरने लगे और इलाके में हड़कंप मच गया, लेकिन ड्राइवर ने सूझबूझ से कंटेनर को अलग कर दिया। फिलहाल चालक की सक्रियता के चलते एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

# मंडलायुक्त ने बिछाई जा रही पाइप लाइन व गौशाला का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**



नगर में पेयजल की आपूर्ति के लिए तीन ओवरहेड पानी की टंकी के साथ ही पाइप लाइन बिछाई जा रही है। सोमवार को मंडलायुक्त ने छत्रसाल रोड पर बनाई जा रही पानी की टंकी की निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गोशाला का भी निरीक्षण किया। बाद में उन्होंने कान्हा गोशाला का भी निरीक्षण किया।

सोमवार को मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे नगर में पहुंचे। सबसे पहले वह छत्रसाल रोड पर बनाई जा रही पानी की टंकी के निर्माण की प्रगति देखने पहुंचे। जहां उन्होंने ओवरहेड टैंक के साथ ही पंप हाउस, ऑफिस आदि के निर्माण को देखा। पानी की टंकी के निर्माण से वह संतुष्ट नजर आए। वहीं, ऑफिस के निरीक्षण में बनाए जा रहे कमरों से वह संतुष्ट नजर नहीं आए। उन्होंने कहा कि ऑफिस को बंद कमरे के रूप में नहीं नहीं बल्कि केबिन के रूप में बनाया जाए। ताकि कर्मचारियों को कार्य करने में सहूलियत हो और स्पेस नजर आए। अमृत 2.0 के अंतर्गत जालौन नगर पालिका परिषद पेयजल परियोजना के अंतर्गत मैसर्स ब्रिज इंजीनियरिग वर्क्स एंड बैंको कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। कंपनी के कर्मचारी ने बताया कि 4560.61 रुपये की लागत से नौ नए ट्यूबबैल, दो ट्यूबबैल का रीबोर, तीन अवर जलाशय, जिसमें एक 500 किली, दूसरा 450 किली व तीसरा 600 किली का बनाया जा रहा है। 1550, 1800 व 2350 किली की क्षमता के तीन उच्च जलाशय का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा पाइप लाइन व 14586 गृहसंयोजन का लक्ष्य है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ले आउट व पाइप कार्यों की फिटिंग संबंधी कार्यों को अपने सामने कराकर देखा। टंकी के निरीक्षण के बाद वह कान्हा गोशाला के निरीक्षण के लिए पहुंचे। गोशाला में पशुओं में सर्दी से बचाव के इंतजाम दिखे। पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा व हरा चारा मिला। निरीक्षण के उपरांत मंडलायुक्त ने कहा कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत कराए जा रहे ओवरहेड टैंक की प्रगति व गोशाला का निरीक्षण किया गया। इस योजना के अंतर्गत लगभग 65 हजार की आबादी को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल आपूर्ति कराने का लक्ष्य है। परियोजना का समयसीमा जुलाई 2025 तक पूरा कराने के निर्देश देने के साथ ही अन्य आवश्यक निर्देश दिए हैं।इस मौके पर डीएम राजेश पांडेय, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, एसडीएम विनय मौर्य, डॉ. एनडी शर्मा, सीडीओ राजेंद्र आदि मौजूद रहे।




**एयरलाइन संचालकों को सूचना कस्टम्स को...**

साल 2025 में अंतरराष्ट्रीय यात्री डाटा शेयर करने के मामले में बड़ा बदलाव होगा। अप्रैल, 2025 से एयरलाइन संचालकों को ये सूचनाएं कस्टम्स के साथ अनिवार्य रूप से साझा करनी होंगी। अगले साल 1 अप्रैल से इस अनिवार्य शर्त का पालन न करने... पढ़ें पेज 12 पर...

# केले से होगी यूपी के किसानों को और कमाई

- बढ़ते निर्यात, इसे और बढ़ाने की योजना का योगी की पहल के नाते किसानों को होगा लाभ
- केंद्र का अगले दो तीन वर्षों में एक अरब रुपये निर्यात का लक्ष्य

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



केले से होगी उत्तर प्रदेश किसानों को और कमाई। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी इसके निर्यात के आंकड़े और आगे की संभावना तो यही बताते हैं। स्वाभाविक रूप से उत्तर प्रदेश के केला उत्पादक क्षेत्र के किसानों को इससे अच्छा खासा लाभ होगा। योगी सरकार की मंशा भी यही है। इस बाबत सरकार लगातार पहल भी कर रही है। केले को कुशीनगर का वन डिस्ट्रिक वन उत्पाद (ओडीओपी) घोषित करना इसकी मिसाल है। उल्लेखनीय है कि दस साल में केले का निर्यात करीब दस गुना बढ़ा है। केंद्र ने अगले दो तीन वर्षों में इसे एक अरब रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। बढ़ते निर्यात और इसे और बढ़ाने की योजना का यूपी के किसानों को होगा सर्वाधिक लाभ होगा। केले की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने उसे कुशीनगर का वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट भी घोषित कर रखा। साथ ही किसान बाजार की मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण केले की खेती करें, इसके लिए सरकारबतौर प्रोत्साहन अनुदान भी दे रही है। इसके नतीजे भी दिख रहे हैं।

### वर्ष 2023-24 में 25.14 करोड़ अमेरिकी डॉलर हुआ केले का निर्यात

केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय से जारी आंकड़ों के अनुसार दस साल में केले का निर्यात करीब दस गुना बढ़ा है। 2013 में भारत से कुल 2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर केले का निर्यात हुआ था। वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 25.14 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। जिस तरह से वैश्विक स्तर पर हेल्दी फूड की मांग बढ़ी है उसके मद्देनजर अभी इसके और बढ़ने की संभावना है। इन संभावनाओं को भारत के केला उत्पादक किसानों को अधिकतम लाभ मिले इसके लिए मोदी सरकार भी प्रयासरत है। इसी बाबत मुंबई में पहली बार केले को को केंद्र में रखकर सेलर-बायर मीट भी प्रस्तावित है। यही नहीं केंद्र सरकार समुद्री रास्ते से दो दर्जन फलों के किफायती निर्यात के लिए पायलट प्रोजेक्ट बना रही है। उसमें बेहतर संभावनाओं के नाते केला भी शामिल है। स्वाभाविक है कि इन सबका लाभ उत्तर प्रदेश के केला उत्पादक किसानों को मिलेगा।

### दो-तीन वर्षों में केले का निर्यात बढ़ाकर एक अरब डॉलर करने का लक्ष्य

केंद्र के खाद्य उत्पाद निर्यात प्रसंस्कृत प्राधिकरण (एपीडा) ने अगले दो से तीन वर्षों में केले का निर्यात बढ़ाकर एक अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है।

### भारत सबसे बड़ा उत्पादक, पर निर्यात में सिर्फ एक फीसद हिस्सेदारी

एपीडा के आंकड़ों के मुताबिक भारत विश्व का सबसे बड़ा केला उत्पादक है। केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान से मिले आंकड़ों के मुताबिक भारत में लगभग 3.5 करोड़ मीट्रिक टन के उत्पादन के साथ लगभग 9,61,000 हेक्टेयर भूमि में इसकी खेती की जाती है। एपीडा के अनुसार वैश्विक उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी करीब 30 फीसद है। पर, करीब 16 अरब के वैश्विक निर्यात में भारत की भागीदारी हिस्सेदारी सिर्फ एक फीसद है।

### यूपी के प्रमुख केला उत्पादक जिले

उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल और अवध क्षेत्र में शामिल कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, अमेठी और बाराबंकी जैसे कई जिलों में केले की खेती की जा रही है। पिछले डेढ़ दशक से केले के रकबे में लगातार वृद्धि हो रही है। साथ ही बेहतर प्रजातियों और खेती के उन्नत तौर तरीकों से उपज और गुणवत्ता भी सुधरी है। इससे यूपी के केले की देश के महानगरों सहित नेपाल, बिहार, पंजाब, दिल्ली, जम्मू आदि में भी यहां के केले की खासी मांग है।

### केले की खेती को पहले से ही प्रोत्साहन दे रही योगी सरकार

योगी सरकार के सात वर्षों के कार्यकाल के दौरान यूपी की कनेक्टिविटी एक्सप्रेसवे, एयरवेज और रेल सेवाओं के जरिये वैश्विक स्तर की हो गई है। इसे लगातार और बेहतर बनाया जा रहा है। ऐसे में लैंड लॉक्ड होना यूपी की प्रगति के लिए कोई खास मायने नहीं रखता। लिहाजा केंद्र की पहल का सर्वाधिक लाभ भी यूपी के किसानों को होगा। ऐसा इसलिए भी होगा क्योंकि योगी सरकार पहले से ही केले की खेती को प्रोत्साहन दे रही है। सरकार प्रति हेक्टेयर केले की खेती पर करीब 38 हजार रुपये का अनुदान दे रही है। जगह-जगह केले को प्रसंस्कृत कर उसके फल, रेशे एवं तने के जूस से अन्य उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग भी योगी सरकार की ओर से किसानों को दी जा रही है। केले को प्रसंस्कृत कर अन्य उत्पाद बनाने वाले किसानों को एक्सपोजर भी दिया जा रहा है। नोएडा में कुछ माह पूर्व आयोजित ट्रेड शो में कुशीनगर के भी कुछ किसान गए थे।

## स्वच्छता को सभी के लिए अभ्यास बनाने के लिए पखवाड़े का आयोजन



- 16 से 31 दिसंबर के दौरान भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीएफजीआर) की ओर से हो रहा संचालन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

भारत सरकार के दिशा निर्देशन में स्वच्छता को सभी के लिए एक अभ्यास बनाने के क्रम में प्रधान मंत्री की पहल से प्रेरित स्वच्छता पखवाड़ा उत्साहपूर्वक आयोजित किया जा रहा है। लखनऊ में 16 से 31 दिसंबर के दौरान भाकृअनुप-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीएफजीआर) की ओर से इसका संचालन हो रहा है।

पखवाड़े के दौरान प्रतिदिन की जाने वाली स्वच्छता गतिविधियों की रिपोर्ट संबंधित मुख्यालय को प्रेषित की जाती है। आयोजित की गई कुछ गतिविधियों में स्वच्छता शपथ, स्वच्छता-आग्रह-वाक , पुराने कार्यालयी रिकॉर्डों की समीक्षा और छंटाई, परिसर का एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्तिकरण अभियान, अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण, श्रमदान गतिविधि, सामुदायिक भागीदारी कार्य, किसान दिवस, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने हेतु क्रीड़ा गतिविधियां, स्वच्छता पोस्टर पर हस्ताक्षर अभियान, स्वच्छता रन और स्कूली बच्चों द्वारा गंगा एक्वेरियम का दौरा आदि शामिल हैं। कार्यक्रम की योजना और पर्यवेक्षण निदेशक, डॉ. उत्तम कुमार, सरकार द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि पर्यावरण में स्वच्छता रखना हर किसी की प्रवृत्ति होनी चाहिए और स्वच्छता की ओर हमारा प्रयास पूरे परिसर और परिवेश में प्रतिबिंबित होना चाहिए क्योंकि स्वच्छता संयुक्त राष्ट्र के एसडीजी लक्ष्य -3 को पूरा करने के लिए भी आवश्यक है जो समाज के अच्छे स्वास्थ्य और जनकल्याण को सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम का संयोजन व समन्वयन डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. अचल सिंह, डॉ. रजनी चंद्रन, डॉ. राघवेंद्र सिंह डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. अखिलेश मिश्रा, विजय कुमार, देव नारायण, बीएन पाठक, केके सिंह, अभिषेक कुमार, रंजन सिंह, अंशुल वर्मा और सैय्यद कविश द्वारा किया गया।

## विदाई समारोह: महिगवां थाना में सेवानिवृत्त दरोगा को पुष्प माला पहनाकर दी गई विदाई

- बीकेटी क्षेत्रीय पत्रकार सहित ग्राम प्रधान,जनप्रतिनिधियों ने दी दरोगा को बधाई व शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन क्षेत्र के महिगवां थाना परिसर में एसआई बजरंगी गौतम दरोगा को सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं दरोगा बजरंगी गौतम ने बताया कि 42 साल मैंने पुलिस विभाग की निष्पक्ष व ईमानदारी से सेवा की हैं, इस दौरान दरोगा बजरंगी गौतम बड्डूपुर थाना, इटौंजा थाना, महिगवां थाना अन्य थानों में तैनात रहकर जनता की सेवा की और महिगवां थाना में कार्यरत रहे दरोगा ने सेवानिवृत्त होकर विदाई ले लीं। वहीं एडीसीपी जितेन्द्र दुबे के नेतृत्व में एसीपी बीकेटी ऋषभ रूणवाल व महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह ने दरोगा बजरंगी गौतम को फूल-माला पहनाकर, पुष्पा माला पहनाकर अन्य सामान भेंट कर बधाई दी गई। वहीं विदाई समारोह में बीकेटी थाना प्रभारी संजय सिंह व अतिरिक्त थाना प्रभारी कैलाश दुबे, इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव सहित अन्य थाना क्षेत्रों के कई दरोगा व सिपाही अन्य पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं दरोंगा बजरंगी गौतम को चादर, छाता, रामायण व गीता देकर अन्य सामान भेंट देकर विदाई की गई। एसआई बजरंगी गौतम को एसीपी बीकेटी ऋषभ रूणवाल व महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान परसहिया प्रधान रविन्द्र कुमार,अलदमपुर प्रधान प्रतिनिधि, उसरना प्रधान प्रतिनिधि चंद्रिका सिंह, महिगवां थाना प्रभारी शिवमंगल सिंह, एस एस आई रविन्द्र कुमार, सिपाही बनारसी अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

## नेपाली टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स व इन्फ्लूएंसर का दल आएगा यूपी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

- 08 से 14 जनवरी तक करेगा प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, मथुरा, लखनऊ, सारनाथ, श्रावस्ती का भ्रमण
- फैम ट्रिप का उद्देश्य महाकुंभ को व्यापकता प्रदान करना-जयवीर
- नेपाल और भारत की संस्कृति खाती है मेल




महाकुंभ-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए नेपाल से टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स व इन्फ्लूएंसर का 27 सदस्यीय दल उत्तर प्रदेश आ रहा है। यह दल प्रयागराज सहित प्रदेश के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेगा। यह फैम ट्रिप उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और नेपाल टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की जा रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि नेपाल से आने वाला 27 सदस्यीय दल 08 से 14 जनवरी तक प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, मथुरा-वृंदावन, लखनऊ, सारनाथ, श्रावस्ती आदि स्थलों का भ्रमण करेगा। बिजनेस-टू-बिजनेस बी-टू-बी मीटिंग के दौरान नेपाल और उत्तर प्रदेश के टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स को आपस में जानकारी साझा करने तथा पर्यटन प्रमोशन के बारे में विचार-विमर्श करने का मौका मिलेगा। नेपाल और भारत की संस्कृति आपस में मेल खाती है। इसीलिए हम नेपाल से यह फैम ट्रिप आमंत्रित कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य महाकुंभ के संदर्भ और महत्ता को व्यापकता के साथ वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना है ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु पर्यटक इस महापर्व का हिस्सा बन सकें। उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तीव्र गति से विकास करने वाला राज्य है। अभी हम घरेलू पर्यटन के मामले में पहले स्थान पर हैं। विदेश से आने वाले पर्यटकों के आगमन में भी यही उपलब्धि हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के पर्यटन स्थलों का दुनियाभर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विभिन्न देशों के टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स सहित पर्यटन से जुड़े अन्य लोगों की फैम ट्रिप कराई जा रही है, ताकि वे यहां के आकर्षणों को देखें और अपनी आइटनरी में शामिल करें।

## 'पवित्र को भी पवित्र बना देते हैं भगवान'

- महिलाओं की तीन श्रेणियां हैं अधवा, सधवा और विधवा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



भगवान के श्रीचरणों तक पहुंचने का सबसे सशक्त माध्यम होता है सत्संग। जीवात्मा सत्संग से चलकर ही भगवान के चरणों तक पहुंचता है। सत्संग से जब निष्पृहता प्राप्त होती है, तब सद्गुरु की तलाश होती है और पूर्ण समर्पण के फलस्वरुप सद्गुरु ईश्वर तक पहुंचने का माध्यम बनते हैं। यह बात आज संध्याकाल मोतीमहल लॉन में चल रही श्रीराम कथा के पंचम दिवस श्रीरामलला सदन अयोध्याधाम के पीठाधीश्वर स्वामिश्री राघवाचार्य जी महाराज ने कही। वह विभिन्न अंचलों से हजारों की संख्या में पधारे ज्ञान-जिज्ञासुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान की अहेतुकी कृपा से ही मनुष्य को सत्संग का सौभाग्य प्राप्त होता है। वस्तुतः सत्संग भगवान की कृपा से ही व्यक्ति को मिल पाता है। पूर्वकृत कर्म पाप और पुण्य दोनों ही बन्धन के कारण हैं। पाप और पुण्य के धुल जाने पर जीव निरंजन हो जाता है। और, यह काम साधु सत्संग से ही सम्भव होता है। स्वामी राघवाचार्य महाराज ने महिलाओं की तीन श्रेणियां बताईं और कहा कि अधवा, सधवा और विधवा यह नारियों की तीन श्रेणियां होती हैं। धव का अर्थ होता है पति। अधवा वह है जिसका विवाह नहीं हुआ। पति सहित दाम्पत्य जीवन वाली स्त्री को सधवा कहते हैं और पति के नहीं रहने पर स्त्री को विधवा कहा जाता है। उन्होंने नारी-मात्र को देवी दृष्टि से देखने की प्रेरणा पुरुष समुदाय को दी। उन्होंने महापुरुषों के क्रोध को भी वरदान बताया और कहा कि यदि गौतम ऋषि अहिल्या को श्राप नहीं देते तो उन्हें राम कहां मिलते। कथा संयोजक संजीव पाण्डेय ने बताया आज राजधानी लखनऊ सहित पड़ोसी जनपदों के कथा जिज्ञासु भारी संख्या में उपस्थित रहे। आज के यजमान का दायित्व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने उठाया। श्री सतीश अवस्थी,जितेन्द्र सिंह जीतू एवं अनुराग यादव अन्नू सुनील कुमार यादव जज साहब ने व्यास पूजन कर रामायण की आरती की तथा डॉ एल पी मिश्र, पूर्व मंत्री एवं सांसद कुसुम राय, मनोज द्विवेदी महामंत्री अवध बार, अमरेश पाल सिंह महामंत्री सेंट्रल बार ने माल्यार्पण कर व्यास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंच समन्वयक डॉक्टर सप्तर्षि मिश्र ने बताया कि दो जनवरी को सन्त सम्मेलन, यज्ञ - हवन पूजन तथा महाप्रसाद के साथ श्रीराम कथा महोत्सव को विश्राम दिया जाएगा।

## 24 घण्टे के अंदर महिला की पर्स छीनकर भागने के घटना का किया सफल अनावरण, पुलिस ने दो अभियुक्त किया गिरफ़्तार

- पुलिस ने एक लेडीस पर्स व घटना में प्रयुक्त एक बुलेट मोटरसाइकिल की बरामद

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



लखनऊ कमिश्नरेट में एक वादिनी मुकदमा की लिखित शिकायती प्रा0पत्र पर मु0अ0सं0-610/2024 धारा 309(2) बीएनएस बनाम व दो अज्ञात व्यक्ति बावत अज्ञात व्यक्तियों वादिनी मुकदमा से पर्स छीनकर भाग जाने के सम्बन्ध में पंजीकृत कराया गया। वहीं मुकदमा उपरोक्त में अनावरण हेतु चार टीमें गठित की गई। जिनके द्वारा सीसीटीवी फुटेज अवलोकन, सीडीआर अवलोकन, ग्राउण्ड सूचना की सहायता से घटना में संलिप्त दो अभियुक्तगण की गिरफ्तारी कर छीनी गयी पर्स की बरामदगी की गई। वहीं अभियुक्त नसीम खान उर्फ गोलू व शैलेन्द्र त्रिवेदी उर्फ जीतू द्वारा बताया गया कि हम दोनों द्वारा स्प्रिंगडेल स्कूल के पास सूनसान रोड पर जा रही आटो में बैठी महिला से पर्स छीनकर भाग गये थे। वहीं अभियुक्त नसीम खान उर्फ गोलू व शैलेन्द्र त्रिवेदी उर्फ जीतू एक साथ मिलकर चोरी छिनैती की घटनाएं करने के अभ्यस्त अपराधी हैं। वहीं मुकदमा में गठित टीम द्वारा मुखबिर खास सूचना पर प्रकाश में आयें। वहीं नसीम खान उर्फ गोलू पुत्र नियामत खान निवासी ओशोनगर कनौसी थाना कृष्णानगर कमि0 लखनऊ, शैलेन्द्र त्रिवेदी उर्फ जीतू पुत्र सुन्दरलाल निवासी ओशोनगर कनौसी थाना कृष्णानगर कमिश्नरेट लखनऊ को भोलाखेडा चौकी के पास से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रहीं हैं।

## 'वसुधैव कुटुंबकम् से विश्व शांति संभव'

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**




सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस द्वारा आयोजित 'एनुअल पैरेन्ट्स डे' समारोह बड़े धूमधाम से उमंग व उल्लास से सराबोर वातावरण में सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डॉ दिलीप अग्निहोत्री, राज्य सूचना आयुक्त, ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा में नैतिकता और आध्यात्मिकता के समावेश को आवश्यक बताया। इससे बच्चे भविष्य में आदर्श नागरिक और श्रेष्ठ इंसान बन सकते है। तभी समाज और विश्व में शांति सौहार्द का वातावरण स्थापित होगा। राज्य सूचना आयुक्त ने विश्व शांति की प्रेरणा देने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 का उल्लेख किया। कहा कि सीएमएस द्वारा विगत पच्चीस वर्षों से इस अनुच्छेद पर विश्व के मुख्य न्यायाधीशों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से सीएमएस के संस्थापक डॉ जगदीश गांधी विश्व को शांति का संदेश देते थे। राज्य सूचना आयुक्त ने अभिभावकों व शिक्षकों का आह्वान किया कि घर व विद्यालय में बच्चों को नैतिकता एवं आध्यात्मिकता का वातावरण उपलब्ध कराकर आदर्श विश्व समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करें। इससे पहले, 'एनुअल पैरेन्ट्स डे' समारोह में सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस के छात्रों ने शिक्षात्मक साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सी.एम.एस. की संस्थापिका निदेशिका डा.भारती गाँधी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि सी.एम.एस. में शिक्षा के माध्यम से ऐसे प्रयास किये जा रहे है जिसके द्वारा प्रत्येक बालक ईश्वर की शिक्षाओं का पालन करें और इस बात को आत्मसात कर सकें कि मानव जाति की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। हेडमिस्ट्रेस गगन प्रीत सेठी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## नगर विकास मंत्री ने की महाकुम्भ की तैयारियों की समीक्षा

- महाकुम्भ से जुड़े शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने का सुनाया फरमान

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रयागराज सर्किट हाउस में महाकुम्भ की तैयारियों को अंतिम रूप देने तथा चल रहे निर्माण कार्यों की उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिये। विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने मेला क्षेत्र में लगाये जाने वाले विद्युत पोलो के कार्यों के प्रगति के बारे में जानकारी ली, जिसपर सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शेष बचे विद्युत पोल, जिनको घाटों पर लगाया जाना है, उनको 05 जनवरी तक लगा दिया जायेगा। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए पाण्टुन पुलों के निर्माण के बारे में जानकारी ली, जिसपर उन्हें बताया गया कि मेले में 30 पाण्टुन पुल बनाये जाने है, जिनमें से 28 पुलों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, और उनपर आवागमन भी चालू हो गया है, शेष 02 पाण्टुन पुल के कार्य को 31 दिसम्बर तक पूर्ण करा लिया जायेगा। पीडब्लूडी विभाग द्वारा बताया गया कि कुम्भ के लिए 585 साइनेज बोर्ड लगाये जाने है, जिनका कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने निरीक्षण कर साइनेज बोर्ड की संख्या को और बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मेला क्षेत्र में बनायी गयी पार्किंग स्थलों के बारे में जानकारी ली। जिसपर बताया गया कि पार्किंग का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जहां भी कुछ कार्य शेष है, उसे जल्द से जल्द पूरा कर लिया जायेगा। सम्बंधित विभाग द्वारा बताया गया कि एयरपोर्ट रोड़ का कार्य पूर्ण हो चुका है, रेलिंग के कार्य को 3 से 4 दिन में पूर्ण कर लिया जायेगा। मंत्री ने फुटपाथ बनाये जाने के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि महाकुम्भ के आयोजन के दृष्टिगत सारे कार्य पूर्ण हो गये है, फिनिशिंग के कार्य को समय से पूर्ण करा लिया जायेगा। नगर विकास की समीक्षा करते हुए मंत्री जी ने कहा कि पीडीए, नगर निगम हर वार्ड के लिए एक टीम बनाकर रिव्यू कर ले और उन वार्डों में जो भी समस्यायें है उनका निराकरण सुनिश्चित करायें। उन्होंने मालवीय नगर में 02 ट्रांसफार्मर सतीचौरा एवं भारती भवन पर रखे हुए है, विद्युत विभाग के अधिकारी से बार-बार कहने के बाद भी कार्रवाई न होने पर मंत्री जी द्वारा संज्ञान लेते हुए उसको तत्काल हटाये जाने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। संगम रिंग रोड़ से शिवकुटी कोटेश्वर महादेव मंदिर को पीडीए की सड़क से मिलाये जाने के निर्देश दिए है। मंत्री जी द्वारा रोड पर पड़े हुए रेत/मलबा, पेड के चबूतरें जो रोड चौड़ीकरण के दौरान तोड़े गये है उसको ठीक कराने, सीवर का पानी चोक न होने पाये, उसका 1 सप्ताह में निराकरण कराये जाने, सड़क पर लगे ट्रांसफार्मर को हटाये जाने, खराब स्ट्रीट लाइटो को बदलने के निर्देश दिए। नालों की साफ-सफाई के लिए सुपर साकर मशीन की संख्या को बढ़ाने के लिए कहा है। कहा कि जो ठेकेदार कार्यों को पूर्ण रूप से गुणवत्ता के साथ पूरा नहीं करते है, उनका भुगतान किसी भी दशा में न किया जाये। मंत्री ने कार्यालयों में साफ-सफाई, पेंटिंग का कार्य कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज, अपर रेल प्रबंधक प्रयागराज, एडीजी भानु भाष्कर, पुलिस आयुक्त तरूण गाबा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भ मेला, पीडीए उपाध्यक्ष, विशेष कार्याधिकारी कुम्भ मेला आकांक्षा राणा, अपर नगर आयुक्त सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदेशभर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पहली जनवरी से

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

प्रदेश सरकार द्वारा यूआई में 01 जनवरी से 31 जनवरी तक एक माह का राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जायेगा। प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। इस संबंध में शासन द्वारा जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, परिवहन विभाग आदि को निर्देश दिये गये हैं कि राज्य के सभी जिलों में जिलाधिकारी पुलिस आयुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए जिलावार लक्ष्य निर्धारित करते हुए सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने हेतु समेकित प्रयास किए जाए।सड़क दुर्घटनाओं में योगदान देने वाले सड़क इंजीनियरिंग कारकों जैसे कि अवैध मीडियन गैप, एक्सपोज्ड ऑबजेक्ट, जंक्शन पर ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स की स्थापना न होना, समुचित प्रकाश व्यवस्था न होना तथा स्कूल जोन चिन्हित कर आवश्यक सड़क सुरक्षा प्राविधान न होना आदि पर आवश्यक कार्यवाही किया जाना। राज्य की प्रमुख सड़कों के लिए राज्य इंजीनियरिंग कॉलेजों के माध्यम से सड़क इंजीनियरिंग ऑडिट कराया जाना।राज्य में सड़क सुरक्षा को एक जन आंदोलन बनाने के लिए भावनात्मक, प्रभावशाली अभियान अन्तर्गत जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक सार्वजनिक समारोह एवं मुख्यधारा सोशल मीडिया अभियान के माध्यम से जनसामान्य को तेज गति से गाड़ी चलाने, शराब पीकर गाड़ी चलाने, गलत दिशा में गाड़ी चलाने और सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करने आदि के खतरों के बारे में जागरूक किया जा सके। इस हेतु परवाह की थीम पर एक डिजिटल अभियान भी आयोजित किया जा सकता है।पुलिस परिवहन विभाग द्वारा शराब पीकर गाड़ी चलाने, तेज गति से गाड़ी चलाने, गलत दिशा में गाड़ी चलाने तथा विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों द्वारा सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करने के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस अभियान चलाया जाए।

# सलोन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोढिया के मृतक शैलेन्द्र मौर्य के परिजनों को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की तरफ से दी गयी आर्थिक सहायता

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उ0प्र0 के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों (पी0डी0ए0) की आवाज बनकर राष्ट्रीय स्तर पर उभरे हैं और हमेशा उनके सुख दुख में साथ खडे मिलते हैं उसी क्रम में सलोन विधान सभा क्षेत्र के ग्राम गोठिया मजरे तिवारीपुर के शैलेन्द्र मौर्य व उनके छोटे भाई संदीप मौर्य के ऊपर सामंती दबंगों द्वारा विगत 02 दिसम्बर 2024 को ऊँचाहार थाने के ग्राम डेडौली में जानलेवा हमला किया गया था जिसमें शैलेन्द्र मौर्य की मृत्यु हो गयी थी थाना ऊँचाहार की पुलिस दबंगों को बचाने के प्रकरण में उदाशीनता बरत रही थी लेकिन सपा जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव के मौके पर जाने व हस्तक्षेप करने पर मुकदमा हत्या की धाराओं में तरमीम किया गया और मुल्जिमों की गिरफ्तारी की गयी एक मुल्जिम की गिरफ्तारी अब भी शेष है जिसकी पैरवी समाजवादी पार्टी कर रही है। घटना की जानकारी मिलने पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव नें सांसद नीरज मौर्या के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल भेजकर घटना की जानकारी ली और पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु एक लाख रूपये की चेक जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव, विधायक श्याम सुंदर भारती, विधायक राहुल लोधी के नेतृत्व में मृतक शैलेन्द्र मौर्या के घर पहुंचे जहां उनकी पत्नी श्रीमती सुनीता मौर्या, पिता बद्री प्रसाद मौर्य एवं उनकी मां को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दी गयी आर्थिक सहायता की धनराशि एक लाख रूपये की चेक प्रदान की गयी। इस असवर पर वरिष्ठ नेता ओ0पी0 यादव, रमेश मौर्या, बी0एन0 मौर्य, राजेश मौर्या, आकाश मौर्या, सपा नेता, महामंत्री मो0 अरशद खान, वरिष्ठ नेता चौ0 सुरेश कुमार निर्मल, शशिकांत शर्मा, जिला पंचायत सदस्य देशराज यादव, रज्जू खान, मो0 मुशीर, मो0 हसीन, पुत्तन यादव, मुनेश्वर पासी, लवकुश मौर्या, सरफराज राईनी, अशरफ मेवाती आदि लोग उपस्थित रहे हरचन्दपुर विधान सभा क्षेत्र के थाना खीरों के गांव मोहनपुर, मजरे लोदीपुर, निवासी रामदेव पासी उर्फ गुड्डू को विगत दिनांक 05 दिसम्बर 2024 को खीरों पुलिस द्वारा अकारण थाने में लाकर बुरी तरह से मारा पीटा गया और रामदेव पासी उर्फ गुड्डू व उनकी मां सुखाना पासी को फर्जी मुकदमे में जेल भेज दिया पुलिस द्वारा पहुंचायी गयी चोटों के कारण रामदेस पासी उर्फ गुड्डू की दिनांक 11 दिसम्बर 2024 को जेल में दुखद मृत्यु हो गयी। इस घटना की जानकारी होने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल उक्त घटना की जानकारी हेतु रामदेव पासी के परिजनों से मिलने भेजा और घटना की जानकारी प्राप्त कर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता हेतु एक लाख रूपये का चेक जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव के माध्यम से भेजा जिसे लेकर समाजवादी पार्टी के नेताओं द्वारा मृतक रामदेव पासी उर्फ गुड्डू के घर पहुंच कर उनकी पत्नी मीना पासी एवं परिजनों के समक्ष जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव क्षेत्रीय विधायक राहुल लोधी विधायक श्याम सुंदर भारती द्वारा प्रदान की गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता ओ0पी0 यादव, विधान सभा अध्यक्ष राकेश यादवसुरेश पासी डा0 सन्त लाल, मो0 अनवर, राष्ट्रीय नेता रज्जू खान, जिला महासचिव मो0 अरशद खान, राजेश मौर्यआदि बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सघन टीबी अभियान को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान को जनपद में सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी निशा अनंत ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।और जनपद में टीबी मरीजों को खोजने, उनके समुचित इलाज तथा जन जागरूकता को लेकर विस्तृत चर्चा किया।बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी,विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह,पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में सौ दिवसीय सघन टीबी अभियान के अंतर्गत 80000 से अधिक संवेदनशील व्यक्तियों की जांच की गई।1000 संदिग्ध व्यक्तियों के एक्सरे किए गए।और 300 का नाट परीक्षण किया गया।185 से अधिक मरीजों का इलाज शुरू किया गया है।निदान किए गए।एवं मरीजों को 72 निक्षय पोषण किट वितरित की गई हैं।आशा द्वारा घर-घर जाकर 70 वर्ष से ऊपर आयु वाले व्यक्तियों को मोबलाइज किया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर निक्षय शिविर का आयोजन कर टीबी मरीजों को चिन्हित करने के साथ ही उनकी जांच की जा रही है।उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य टीबी के लापता रोगियों को खोजना है।इसके लिए आशाओं द्वारा घर-घर जाकर 70 वर्ष से ऊपर आयु के व्यक्तियों को चिन्हित करने के साथ ही गांव में प्रचार प्रचार भी किया जा रहा है।डीएम ने सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध करते हुए कहा कि इस अभियान में आप सभी से सहयोग की अपेक्षा है।आप लोग भी जब क्षेत्र में निकले तो इस अभियान का जन सामान्य के मध्य व्यापक प्रचार प्रसार करें।जो लोग टीबी से ग्रसित हैं,उन्हें नियमित दवाई खाने के लिए प्रेरित करें।हम सभी लोगों को मिलकर इसे एक मुहिम की तरह लेकर आगे बढ़ना है।तभी हमारा जनपद,प्रदेश व देश टीबी मुक्त बन पाएगा।

# सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई आस्था की डुबकी



**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या में सोमवार सुबह से सोमवती अमावस्या का स्नान शुरू हुआ। सरयू के घाटों पर श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। ब्रह्म मुहूर्त से ही स्नान दान का दौर शुरू हो गया। सरयू स्नान के बाद हनुमानगढ़ी, राम जन्मभूमि, नागेश्वर नाथ और कनक भवन में श्रद्धालु दर्शन पूजन कर रहे हैं। सोमवती अमावस्या पर पवित्र नदियों में स्नान की प्रथा है। पवित्र नदियों में स्नान से अक्षय पूर्ण की प्राप्ति होती है।

# प्रतियोगिता से बच्चों में होता है बौद्धिक विकास: धीरेन्द्र प्रताप सिंह




**जन एक्सप्रेस । तिलोई अमेठी**

कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला तिलोई में जननायक भारतीय राजनीति के अजात शत्रु,पूर्व प्रधानमंत्री,भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की शताब्दी जयन्ती के उपलक्ष में निबन्ध प्रतियोगिता सम्पन्न करायी गयी।प्रतियोगिता का शीर्षक ÷अटल जी एवं सुशासन÷ पर एक हजार शब्दों के माध्यम से निबन्ध सम्पन्न कराया गया।विद्यालय के सभी विजेता बच्चों को उपहार देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया।निबन्ध में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।विजेताओं में शायमा कक्षा-8 प्रथम,महक कक्षा 7 द्वितीय,एवं ललिता कक्षा 8 तृतीय स्थान पर रहीं।प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि भारत रत्न श्री अटल बिहिरी बाजपेयी एक आदर्श राजनेता थे।उन्होंने राष्ट्र के उत्थान के लिए विपक्ष में भी रहकर पूर्ण समर्थन व सरकार का सहयोग किया।उन्होंने कहा कि निबन्ध प्रतियोगिताओं के आयोजन से महत्वपूर्ण जानकारी व बच्चों में बौद्धिक ज्ञान होता है।बच्चों में शब्द कोष का भण्डार बढ़ता है।तथा प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है।इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में उल्लास व उत्साह बना रहता है।पुरस्कार वितरण के अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं रजिया बानो,शशि कुमारी सिंह,सरिता सिंह पल्लवी श्रीवास्तव,एवं सुचित्रा सती उपस्थित रहीं।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ऊषा सिंह का हुआ सम्मान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

■ कम्पोजिट विद्यालय भीटी की प्रधानाध्यापक ऊषा सिंह की हुई विदाई

डलमऊ ब्लॉक कम्पोजिट विद्यालय भीटी में कार्यरत रही प्रधानाध्यापक ऊषा सिंह का सोमवार को सम्मान किया। विद्यालय परिवार की तरफ से आयोजित विदाई समारोह में उनके कार्यों को याद किया गया। इस मौके पर अटेवा के संयोजक डलमऊ प्रकाश यादव ने कहा कि एक शिक्षक अपने कार्यों से कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता है। इस मौके पर अटेवा के संयोजक डलमऊ प्रकाश यादव ने कहा कि एक शिक्षक अपने कार्यों से कभी भी सेवानिवृत्त नहीं होता है। वह ज्ञान का प्रकाश फैलाता ही रहता है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ऊषा मैम के कार्यों को सदैव ही याद किया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपनी सेवा से भले ही सेवानिवृत्त हो जाता है, लेकिन इसके बाद भी अपने शिक्षक कार्य को जारी रख सकता है इस मौके पर प्रधानाध्यापक सुनील कुमार अजय दीक्षित, निशांत पाण्डेय, राजेश सिंह, माया देवी, राजेंद्र सिंह, जय करन सिंह, पदमा देवी, रेखा, रवी सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कंपोजिट विद्यालय भीटी के प्रभारी प्रधानाध्यक रंजीत कुमार ने किया और संचालन प्रकाश चन्द्र यादव ने किया।

# प्रेमी को बांका से काटा... फिर खुद भी दे दी जान

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

प्रेमिका ने प्रेमी को बांके से काटा। फिर खुद भी जान दे दी। आगे पढ़ें और जानें वो कहानी जिसने वर्षों पुरानी प्रेम कहानी एक झटके में खत्म कर दी। यूपी के अयोध्या में दूसरी जगह शादी तय होने के बाद से प्रेमी ने प्रेमिका से दूरी बना ली। उससे बातचीत कम करने लगा तो दोनों में झगड़ा बढ़ गया। बार-बार वह प्रेमिका का मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट करने लगा। इन्हीं वजहों से प्रेमिका और आक्रोशित हो गई थी। पुलिस ने सोमवार को अपराध छिपाने के आरोप में मृतक के दोस्त और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। इनायतनगर थाना क्षेत्र के पठखौली अगरवा निवासी सरिता प्रजापति (26) का शव बृहस्पतिवार की सुबह बोरी में मिला था। उसके प्रेमी सुल्तानपुर के वल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे फत्ते निवासी विकास पाल की भी लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। जांच में पता चला कि प्रेमी की शादी कुछ माह पूर्व अन्यत्र तय हो गई थी। कई बार दोनों में मध्यस्थता कराई इसके बाद से ही वह प्रेमिका को नजरअंदाज करने लगा था। उससे बात बंद करने पर दोनों में अक्सर झगड़ा होता था। बीच-बीच में प्रेमी उसका नंबर भी ब्लैकलिस्ट कर देता था। तब प्रेमी का दोस्त उसी थाना क्षेत्र के हैधनाकला पूरे बरई निवासी जय सिंह चौरसिया समझौता कराता था। उसने कई बार दोनों में मध्यस्थता कराई थी। सोमवार को घटना का खुलासा करते हुए सीओ मिल्कीपुर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि 22 दिसंबर को भी दोनों का झगड़ा हो गया था। प्रेमी ने युवती का मोबाइल नंबर ब्लैकलिस्ट कर दिया था। बुधवार को युवती ने जय सिंह से संपर्क किया तो उसने विकास से मिलाने के लिए उसे सुल्तानपुर बुलाया था।

# 100 दिवसीय सघन टीबी खोज अभियान में संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सराहनीय योगदान

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



अमावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमवा के अंतर्गत आज ग्राम सभा चकदादर के ग्राम प्रधान होरीलाल द्वारा निजी वाहन से मरीज को टीबी यूनिट तक भेजकर एक्स-रे और टू नोट कराने शानदार पहल की प्रधान द्वारा जैसा पुनीत कार्य किया गया है वह अत्यंत अतुलनीय है इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमवा के अधीक्षक डॉक्टर रोहित कटियार के नेतृत्व में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्र ग्राम सभा सिधौना,ग्रामग्राम सभा रसेहता ग्राम सभा सोथीमेआमजनमानस के साथ बैठक कर के रैली निकालकर बच्चों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं ताकि वल्नरेबल पापुलेशन के ज्यादा से ज्यादा लोगोंको अस्पताल पहुंचाकर जांच कराई जा सके करुणा शंकर मिश्र से पूछे जाने पर बताया गया कि इस मुहिम में सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचने पर तत्काल रेफर करते हुए जांच कराई जाएगी और मरीज धनात्मक होने पर निःशुल्क दवा के साथ पोषण हेतु 1000 प्रतिमाह सरकार की ओर से दिया जाएगा। इस मौके पर गांव के अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे इस मौके पर मेडिकल अफसर ट्यूबरक्लोसिस डॉ. आनंद शंकर, डॉ.सुनील सिंह, अपूर्व मिश्रा, चंद्र किशोर यादव, बीसीपीएम सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी रितेश रामबली एक्स-रे टेक्निशियन अजय के द्वारा एक्स-रे करके तुरंत रिपोर्टिंग की गई।

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो स्मैक तस्कर पचास लाख रुपए की स्मैक बरामद

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं धरपकड़ अभियान में पुलिस को सफलता मिली है।जहां सोमवार दोपहर चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो शातिर स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया।तस्करों के पास से पचास लख रुपए की कीमत की स्मैक बरामद हुई।दोनों तस्कर बाराबंकी जिले से स्मैक खरीदकर अमेठी में बेचा करते थे। सोमवार दोपहर इन्हौना पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की तलाशी कर रही थी।इसी बीच अपाचे बाइक सवार दो व्यक्ति आते दिखे।जिन्हें पुलिस ने रोक कर तलाशी ली तो युवकों के पास से पांच सौ ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस के हत्थे चढ़े स्मैक तस्कर मोहम्मद वकील और दूसरा तस्कर शमशेर आलम है।तलाशी के दौरान वकील के कब्जे से तीन सौ ग्राम स्मैक जबकि शमशेर आलम के कब्जे से दो सौ ग्राम स्मैक बरामद हुई।पूछताछ में दोनों तस्करों ने बताया कि यह इसे बाराबंकी से खरीदते और अमेठी के अलग अलग स्थान पर बेचा करते थे।फिलहाल पुलिस ने दोनों तस्करों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। दोनों तस्करों पर अमेठी और बाराबंकी में कई मामले पहले भी दर्ज हैं।

# भाकपा माले ने देशव्यापी आवाहन पर धरना प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

संविधान पर हमला और अम्बेडकर की विरासत का अपमान करने वाले गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग को लेकर भाकपा (माले) ने देशव्यापी आह्वान पर आज विकास भवन में धरना दिया बाद में डिग्री कॉलेज चौराहे से होते हुए जुलूस जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकारकर अपना आक्रोश व्यक्त किया

जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शनकारियों ने सभा कि।जिसे सम्बोधित करते हुए माले जिला सचिव उदय भान पटेल ने कहा कि अमित शाह की टिप्पणी संविधान और बाबा साहब के प्रति भाजपा व आर एस एस की घृणा का प्रदर्शन है। मनुस्मृति को देश का संविधान बना देने की उनकी बेचैनी साफ तौर पर जाहिर हो रही है लेकिन देश की जनता संविधान और बाबा साहब पर हो रहे हर हमले का जोरदार प्रतिवाद जारी रखेगी इंकलाबी नौजवान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हनुमान आंबेडकर ने कहा कि मोदी सरकार के गुजरे साढ़े दस वर्षों में संविधान पर सर्वाधिक हमले हुए हैं जिसकी असलियत अमित शाह के वक्तव्य से सामने आ गई। बीते लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने यदि भाजपा को न रोका होता तो वह संविधान बदलने की ओर बढ़ चुकी होती

आरवाईए जिला उपाध्यक्ष अहमद सिद्दीकी ने कहा कि अम्बेडकर का अपमान और संविधान पर हमले को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सजग देशवासियों के आगे मनुवादियों की मंशा की हार होगी। गणतंत्र पर हिंदू राष्ट्र की काली छाया छंटेगी और अंततः संविधान व लोकतंत्र की जीत होगी इंसाफ मंच के जिला अध्यक्ष डॉ हलीम महमूद ने कहा कि महात्मा गांधी जीपंडित जवाहर लाल नेहरू जी मौलाना आजाद आदि महापुरुष किसी अपमान ,सम्मान की श्रेणियों से ऊपर हैंइनका कोई क्या अपमान करेगा किंतु संघ परिवार की कुंठा है जिसके कारण वह कभी नेहरू तो कभी अंबेडकर के प्रति घृणा उड़ेलता रहता है संविधान से बराबरी और आजादी की खुशबू आती है, और वहीं आजादी की खुशबू अंग्रेजी हुकूमत की सेवा का व्रत लेने वालों को तकलीफ दे रही हैं। इसी खुशबू को बचाने की जरूरत हैं किसान महासभा जिलाध्यक्ष फूल चंद्र मौर्या ने कहा कि बाबा साहब के बहाने संविधान और समूचे वंचित समाज पर हमला है। आज मेहनतकश वर्ग को इनके वास्तविक चेहरे को समझना और अपने संविधान नागरिक आजादी को बचाने की लड़ाई में डटकर संविधान को नष्टकर राजा रानी का राज बनाने का सपना देखने वाली फासिस्ट ताकतों को धूल चटाने की जरूरत है अंत में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन देकर गृह मंत्री को अपनी शक्तियों का प्रयोग कर बर्खास्त करने की एक सूत्रीय मांग वाला मांगपत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में एपवा जिला संयोजक गायत्री शिवम राही ब्लॉक माले सचिव हरि लाल, अतीत कुमार सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# यूपी विधानसभा अध्यक्ष बोले - महाकुंभ में आएंगे 40 करोड़ श्रद्धाल

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

यूपी के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि 144 वर्ष बाद महाकुंभ का योग बन रहा है। देश दुनिया को निमंत्रण भेजा गया है। मुख्यमंत्री योगी खुद इसकी निगरानी कर रहे हैं। यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सोमवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि महाकुंभ धरती में एकत्रीकरण का महायज्ञ है। जहां समरसता, संस्कार, त्याग और तपस्या का संगम है। महाकुंभ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं की आने की संभावना है। सरकार की तरफ से तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# आबकारी दबिश में 60 लीटर अवैध शराब बरामद,दो अभियोग पंजीकृत

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत सोमवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम बलाई का पुरवा,घुसियावां निजामुद्दीनपुर,सोंगरा व हंसा का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र तीन के थाना मुसाफिरखाना के अन्तर्गत ग्राम निजामुद्दीनपुर व हंसा का पुरवा से लगभग साठ ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।तथा लगभग 250 किलो लहन महुआ मौके पर नष्ट किया।इस कार्यवाही मे दो अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए गए।साथ ही आबकारी दुकानो का सघन निरीक्षण किया गया।एवं भट्ठों व आर ओ प्लांट का निरीक्षण भी किया गया।ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई।इस दौरान चंद्रभान वर्माआबकारी निरीक्षक क्षेत्र तीन व समस्त स्टाफ दबिश में शामिल रहे।

# एनएसपीएस त्रिपुला में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी (पीटीएम) का आयोजन किया गया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी (पीटीएम)का आयोजन किया गया। इस दौरान आर्यभट्ट गणित चैलेंज -2024 और विभिन्न ओलंपियाड में सफल विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति द्वारा सम्मानित किया गया

पीरियोडिक टेस्ट-द्वितीय के लिए आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक के दौरान अभिभावकों से बच्चों की प्रगति पर चर्चा करते हुए उत्तर पुस्तिकाओं की समीक्षा एवं विद्यार्थियों के प्रदर्शन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में सीबीएसई द्वारा आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज -2024 प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल में शीर्ष सौ प्रतिभागियों में अपना स्थान बनाकर विद्यालय सहित जनपद का नाम रोशन करने वाले एनएसपीएस त्रिपुला के अभ्युदय प्रताप सिंह कक्षा 9 एवं कक्षा 10 के आयुष शर्मा और अनुष्का मिश्रा ने अपना स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन किया पीटीएम में इन विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही इंग्लिश ओलंपियाड के प्रतिभागी कक्षा 7 की अंशी विश्वकर्मा, आराध्या शुक्ला, श्रेया, वान्या त्रिवेदी, और कक्षा 8 से सुहानी मौर्या तथा जीके ओलंपियाड के प्रतिभागी कक्षा 6 के अभिनव कुमार, आरुष राय, अंजली, अभिजीत प्रताप सिंह, दिव्यांश यादव, शिवम गुप्ता, कक्षा 7 से आयुष मौर्य और कक्षा 9 की अदिति यादव भी सम्मानित हुएकार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने आये हुए सभी अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के लिए सौम्य एवं सहज वातावरण उपलब्ध करता है जहाँ वह शिक्षण के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद जैसे अन्य कार्यक्रमों में भी प्रतिभाग कर सकें जिससे कि उनका सर्वांगीण विकास हो। श्री प्रजापति ने प्रतियोगिताओं में सफल विधयर्थियों को हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर उनका उत्साहवर्धन किया और नववर्ष की अग्रिम शुभकामनएं दीइस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, शिवकरन पाल, शाहीन खान,राकेश अवस्थी, अखिल त्रिपाठी, अभिषेक श्रीवास्तव, रामदेव, पिंकी जायसवाल, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी और अभिभावक उपस्थित रहे।



**पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव हत्याकांड...**

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सबरहद गांव निवासी पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की निर्मम हत्या 13 मई को कर दिया गया था। नामजद मुख्य आरोपित नासिर जमाल... शेष पेज 10 पर...

# सिगरेट के लिए दुकानदार युवक को उतारा मौत के घाट





जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शहर में दबंगों की दबंगई थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते दिन दबंग की पिटाई से पान की दुकान चलाने वाले युवक हर्ष कुमार विश्वकर्मा उम्र 20 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिवार के लोगों ने मौत के बाद हंगामा किया। चकेरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। अस्पताल में हंगामा कर रहे परिजनों को शांत कराकर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना क्रम के मुताबिक चकेरी के अहिरवां के यादव नगर में रहने वाले हर्ष कुमार विश्वकर्मा की पुराने एयरपोर्ट के पास पान की दुकान है। परिवार में मां शांति और बड़ी बहन पूनम है। चचेरे भाई विकास ने बताया कि रविवार रात मवैया मोड़ के रहने वाले दबंग यीशु यादव दुकान पर आया और हर्ष से सिगरेट मांगी। सिगरेट देने में देरी हो गई तो ईशु ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर बात इतनी बढ़ गई की ईशु यादव ने दुकानदार हर्ष को दुकान से नीचे खींच लिया और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान दुकान में लगी कांच टूट गई। कांच हर्ष की गर्दन में घुस गई। हर्ष को लहू लोहान देखकर आरोपी ईशु मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल हर्ष को काशीराम अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। यहां पर प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने के चलते उसे हैलेट रेफर कर दिया गया। हाइलाइट में देर रात इलाज के दौरान हर्ष ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद गुस्सा आए परिवार वालों ने हैलेट में जमकर हंगामा काटा। सूचना पर एडीसीपी ईस्ट मनोज पांडे चकेरी थाना प्रभारी अशोक दुबे समेत कई थाने का फोर्स अस्पताल पहुंच गया।

### इकलौते बेटे की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल

ईशु परिवार का इकलौता घर का चिराग था। इकलौते बेटे की मौत के बाद मां शांति और बहन पूनम का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार और मोहल्ले के लोगों ने उन्हें किसी तरह संभाला। मन भर-भर रोते हुए यही कह रही थी कि हे भगवान मुझे उठा लेते अब मैं किसके सहारे जिऊंगी। मेरे बेटे को लौटा दो यह कहते हुए वह बार-बार अचेत हो जा रही थी। बहन और मां को रोते देखा इलाके और परिवार के लोगों की भी आंखें नम हो गई।

एडीसीपी ईस्ट मनोज पांडे ने बताया कि हर्ष के भाई की तहरीर पर आरोपी ईशु यादों के खिलाफ हत्या की धारा में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी की तलाश में टीमों को लगाया गया है। इसी के साथ युवक केशव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# उद्योगपति को उसी के कर्मचारियों ने दे दी जान से मारने की धमकी



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कानपुर शहर के जाने-माने उद्योगपति एवं शुद्ध प्लस पान मसाला प्राइवेट लिमिटेड के मालिक दीपक खेमका को उन्हीं के फैक्ट्री में काम करने वाले एक कर्मचारी ने जान से मारने की धमकी दे दी। कोहना पुलिस और सेंट्रल जोन की सर्विलांस टीम ने आरोपी को धर दबोचा है। मगर पुलिस ने फिलहाल उसकी पहचान उजागर करने से मना कर दिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी सेंट्रल के मुताबिक इस मामले में कुछ और जानकारियां मिलने अभी बाकी है।

आपको बताते चलें बीते शुक्रवार को पर्वती बागला रोड के रहने वाले दीपक खेमका अपनी फैक्ट्री जाने के लिए निकले थे। इस दौरान उनके मोबाइल पर एक कॉल आई थी। जिसमें उन्हें दूसरा नंबर दिया गया था उनसे कहा गया था कि इस नंबर पर संपर्क कर लो। व्यापार करना हो तो दूसरे नंबर पर कॉल करके बात कर लो।

उद्योगपति ने कॉलर के अनुसार जब दूसरे नंबर पर बात की तो उसे नंबर पर पैसे की डिमांड की गई। जो उद्योगपति ने ठुकरा दी थी। इसके बाद दीपक खेमका ने कोहना थाने में आरोपी कॉलर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

### आरोपी उन्हीं की गोरखपुर फैक्ट्री का निकला एक कर्मचारी

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक दीपक खेमका को उन्हीं के एक कर्मचारियों ने फोन पर धमकी दी थी। यह उनकी गोरखपुर वाली फैक्ट्री में सन 2011 में कार्य करता था। सूत्रों के मुताबिक आरोपी कर्मचारी फैक्ट्री में प्रोडक्शन का काम किया करता था।

### पार्टनरशिप टूटने पर चली गई थी उसकी नौकरी

गोरखपुर में खेमका परिवार ने अपने ही एक परिवार के सदस्य के साथ पार्टनरशिप में काम की शुरुआत की थी। जब पार्टनरशिप टूटी तो आरोपी कर्मचारियों की नौकरी भी चली गई थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इस घटना से पहले भी कंपनी मालिक के मैनेजर और आरोपी के बीच बातचीत होने की बात सामने आई है। आरोपी ने मैनेजर को भी फोन करके कहा था की नौकरी दे दो।

### कुछ और तथ्य सामने आने की संभावना

डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। उससे कुछ और तक सामने आने की उम्मीद है। इस कारण अभी उसकी आइडेंटी का खुलासा नहीं किया गया है। जल्दी ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## फ्रीहोल्ड प्लाट की त्रुटिवश केडीए ने निकाली नीलामी

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

केडीए के खेल निराले देखने को मिलते है, पूर्व में ही प्लाट संख्या 124, ब्लॉक बी, सुजातगंज की फ्री होल्ड रजिस्ट्री को भी नीलामी में निकाल दिया। जिस पर रजिस्ट्री धारक ने केडीए में आपत्ति जताई, और अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखी। वहीं केडीए के अधिकारियों ने भी अपनी भूल सुधार करने का आश्वासन दिया है।

आपको बताते चलें कि सुजातगंज स्थित भूखण्ड संख्या 124, ब्लॉक बी का फ्रीहोल्ड निबंधन इंद्रावती मिश्रा के नाम पर केडीए द्वारा किया जा चुका है। लेकिन केडीए ने बिना रिकॉर्ड चेक किये ही लापरवाही पूर्ण रवैये से उक्त भूखण्ड को नीलामी में लगा दिया। जब यह जानकारी श्रीमती मिश्रा को हुई, तो वह तत्काल केडीए पहुंची, और अपनी आपत्ति जताई, तथा केडीए के उच्च अधिकारियों से मिली। केडीए के अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया है

कि उक्त मामले में लापरवाह कर्मचारियों से जवाब तलब किया जाएगा। और उक्त प्लाट की नीलामी पर रोक लगाने का भी आश्वासन दिया है।

# सोमवती अमावस्या के दिन भयंकर ठंड के बाद भी श्रद्धालु ने किया गंगा में स्नान





जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

बिठूर। सोमवती अमावस्या के दिन भोर से ही बिठूर के सुप्रसिद्ध घाटों पर कानपुर के अलावा अन्य जिलों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा की पवित्र एवं निर्मल धारा में आस्था की डुबकी लगाकर घाट पर बैठे तीर्थ पुरोहितों को दान पुण्य कर गंगा मां से अपने परिवार की कुशलता की मंगल कामना की।

सोमवती अमावस्या के महत्व के बारे में पुराणों के वर्णित है कि सोमवती अमावस्या के दिन स्नान-दान करने की परंपरा है। सोमवती अमावस्या के दिन गंगा स्नान करने का विशेष महत्व होता है स्नान करके शिव-पार्वती और तुलसीक्षजी पूजा करना चाहिए। इस दिन शिव-पार्वती और तुलसी मां की पूजा करना लाभदायक माना गया है।

सोमवती अमावस्या के दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखती हैं। ऐसी भी मान्यता है कि सोमवती अमावस्या के दिन पितरों का तर्पण करने और पितरों के निमित्त दान करने से पूरे परिवार के ऊपर पितरों का आशीर्वाद बना रहता है, जिससे घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली बनी रहती है। सोमवती अमावस्या के दिन बिठूर के खासकर ब्रह्मावर्त घाट, गोदारा घाट, पत्थर घाट, बारादरी घाट, सीता घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। ऐसी मान्यता है कि यदि किसी व्यक्ति के कुंडली में पितृदोष है तो सोमवती अमावस्या का दिन कुंडली के पितृदोष निवारण का बहुत उत्तम दिन माना गया है।

## पॉलीथिन जब्त कर जुर्माना वसूला

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

शिवराजपुर। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने पॉलीथिन हटाओ अभियान के तहत कस्बे की दुकानों में छापेमारी की। इस दौरान स्टाफ और पुलिस प्रशासन साथ 10 दुकानों में छापेमारी हुई, जिसमें 2 किलो पॉलीथिन जब्त कर 19,300 रुपये का जुर्माना वसूला गया।

सोमवार को लिपिक बाबू अतुल दुबे ने बताया कि यह अभियान पॉलीथिन के उपयोग को रोकने और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए चलाया गया। उन्होंने कहा कि

आगे भी इस तरह के अभियान चलाए जाएंगे और पॉलीथिन के उपयोग पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी।

छापेमारी का मुख्य उद्देश्य पॉलीथिन के उपयोग को कम करना और पर्यावरण को स्वच्छ बनाना है।

छापेमारी दौरान अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता, लिपिक बाबू अतुल दुबे, व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# बैडटच करने पर 3 साल की मासूम चीखी



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र में 3 साल की मासूम के साथ बैड टच एक मामला सामने आया है। मामले में पड़ोसी युवक मासूम को अपने घर ले गया। जहां उसने कैमरा बंद कर मासूम को बैड टच किया। बैड टच होते ही वह चीख पड़ी और जोर-जोर से रोने लगी। आरोपी ने उसे चुप करने का प्रयास किया उसका मुंह दबाया। मगर उसने रोना बंद नहीं किया। इस पर आरोपी मासूम को घर के बाहर सड़क पर छोड़कर भाग गया। बेटी के के रोने की आवाज सुनकर मां घर के बाहर आए तो बेटी ने आप बीती बताई। इस पर पीड़ित परिवार शिकायत करने आरोपी के घर पहुंचा तो उसके छोटे भाई ने अभद्रता कर दी। उसने अपने दोस्त को बुला लिया और मारपीट शुरू कर दी। परिजन बोले अगर बेटी चिकती नहीं तो उसके साथ अनहोनी हो सकती थी।

घटना में सेन पश्चिम पारा थाने की पुलिस ने आरोपी पर अश्लीलता और उसके पिता वह भाई समेत अन्य दबंग पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सूत्रों के मुताबिक उन्नाव के रहने वाले युवक ने बताया कि वह सेन पश्चिम पारा क्षेत्र में किराए के मकान में रहता है। रविवार देर शाम बच्ची घर के बाहर खेल रही थी इसी दौरान पड़ोसी सुमित उर्फ सिंटी उम्र 30 वर्ष ने बच्ची को गोद में ले लिया। उसे खिलाते हुए अपने घर ले गया। यहां उसने कैमरा बंद करके बच्ची के साथ बैड टच किया। इस पर बच्ची जोर-जोर से रोने लगी आरोपी ने उसे चुप करने की कोशिश की मगर वह चुप नहीं हुई। इस पर आरोपी ने बच्ची को घर के बाहर रोता हुआ छोड़कर नौ दो ग्यारह हो गया। बेटी की चीख सुनकर मां बाहर पहुंची, और बच्ची को घर के भीतर ले गई। पूछताछ के दौरान बच्चों ने बताया कि सिंटी अंकल ने उसके कपड़े उतरे और गंदी बात कर रहे थे। वह लगातार रोए जा रही थी। मां ने उसे मुश्किल से चुप कराया। मां का कहना है कि मेरी बेटी दरी और सहमी हुई है। उसे बाहर निकलने में डर लग रहा है। वह करीब 1 घंटे तक उसके सीने से चिपकी रही।

### आरोपी के पिता ने कहा तूने मुझे मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ा

बेटी के साथ हुए बैड टच की शिकायत करने के लिए मन आरोपी के घर पहुंची। आरोपी आरोपी के पिता को पूरा हाल सुनाया। इसके बाद आरोपी का पिता बेटे को पीटने लगा। वह बोल तूने मेरी बेइज्जती कर दी। मेरी नाक कटवा दी मोहल्ले में रहने लायक नहीं छोड़ा। इसके बाद परिजनों ने सिंटी की हकीकत उसके पिता और परिवार के लोगों को बताई इस पर आरोपी का छोटा भाई गोलू भिड़ गया और गाली गलौज करने लगा। इतना ही नहीं मारपीट करने पर आमादा हो गया। उसने अपने तीन दबंग दोस्तों को भी बुला लिया और धमकाते हुए मारपीट शुरू कर दी। कहा कि अगर थाने पर शिकायत की तो ठीक नहीं होगा। इसके बाद सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बच्ची के पिता की तहरीर पर आरोपी सुमित उर्फ़ सिटी के खिलाफ बच्ची से अश्लीलता करने पास को एक्ट हुआ उसके भाई गोलू और उसके तीन दोस्तों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद से लगातार पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

## तरबिया इस्लामिक इंग्लिश स्कूल के वार्षिक महोत्सव का हुआ समापन



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

सोमवार को तरबिया इस्लामिक इंग्लिश स्कूल चिश्ती नगर का वार्षिकोत्सव पुरुस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ।

समारोह मे समाजिक संस्था एमएमए जौहर फैन्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात ज़फ़र हाशमी मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के डायरेक्टर मौलाना सालिम मिस्बाही ने किया। स्कूल के बच्चों द्वारा सवाल - जवाब प्रतियोगिता,नात शरीफ प्रतियोगिता, जर्नल नॉलेज प्रतियोगिता मे भाग लिया गया।

प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि हयात ज़फ़र हाशमी ने पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज मुझे यहां आकर बहुत खुशी हो रही है कि एक छत के नीचे तरबिया इस्लामिक इंग्लिश स्कूल दीन और दुनिया दोनों तालीम से बच्चों को जोड़ने का काम कर रहा, हाशमी ने कहा स्कूल के डायरेक्टर मौलाना सालिम मिस्बाही,मौलाना हस्सान क़ादरी की मेहनतों का नतीजा है कि छात्र छात्राओं को दीन दुनिया दोनों की बेहतर उम्दा तालीम मिल रही और बच्चे मुस्तकबिल मे ना केवल कानपुर बल्कि देश प्रदेश स्कूल का नाम रोशन करेगे। हाशमी ने आगे कहा कि बच्चों के अभिभावकों को चाहिए कि तरबियाह इस्लामिक इंग्लिश स्कूल से जुड़ें वहां दाखिला कराएं ताकि बच्चे दीन की मुकम्मल मालुमात के साथ ही हाईटेक एजुकेशन भी हासिल कर सकें। अभिभावकों से अपील करते हुए हयात ज़फ़र हाशमी ने कहा कि आप बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखें,लडका हो या लड़की किसी के भी हाथ मे मोबाइल फोन ना रहने दें। मोबाइल फोन ना केवल तालीम के रास्ते का रोड़ा है बल्कि किसी शैतान से कम नही भविष्य को नष्ट करने वाला हथियार है इससे बच्चों को दूर रखकर ही उनका भविष्य उज्जवल बनाया जा सकता है। समारोह मे हाजी इम्तियाज़ बरकाती, हाफ़िज़ खुर्शीद, हाफ़िज़ तनवीर अत्तारी, हाजी नासिर बरकाती, हाफ़िज़ तनवीर निजामी, हाजी असलम, साजिद बरकाती, आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में महिला समेत दो की मौत





जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

घाटमपुर के टेनापुर मोड के पास ओवरटेक कर रही पिकअप सामने से आ रहे ट्राला में जा घुसी। पिकअप के पीछे चल रही कार पिकअप से टकराकर हाईवे पर पलट गई। हादसे में कर सवार महिला की मौत हो गई वही तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें पतरा सीएचसी से कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### चार गाड़ियां आपस में टकराई गाड़ियों के परखच्चे उड़े

कानपुर के हर हंसपुरम के रहने वाले जय नारायण उम्र 50 वर्ष अपनी पत्नी गीता गुप्ता के साथ रविवार देर रात कार से घाटमपुर से कानपुर लौट रहे थे ? तभी घाटमपुर थाना क्षेत्र के टेनापुर मोर के पास पहुंचते ही। आगे चल रही डीसीएम से पिक अप ओवरटेक करने लगी। जिसके पीछे कार चल रही थी। तभी पिकअप और ट्राला के आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसके बाद कार पिक अप पर टकराने के बाद अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई। हाथ से में कर सवार गीता गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। वही किशनगढ़ निवासी ट्राला क्लीनर कान्हा राव उम्र 32 वर्ष प्रधान पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में श्याम नगर चौकी निवासी पवन वाजपेई उम्र 40 वर्ष पुत्र गणेश शंकर डीसीएम चालक बिलासपुर निवासी 35 वर्षीय राजेंद्र पुत्र गंगाराम घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से प्यारा सीएचसी पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में तीन घायलों को कानपुर रेफर कर दिया। जो कर के दौरान पवन वाजपेई ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने शवों का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नए साल पर बदली रहेगी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

कानपुर में नए साल का जश्न मानने में शहर के लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने प्लान तैयार किया है। 31 दिसंबर और 1 जनवरी को शहर में यातायात व्यवस्था में बदलवा रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार के मुताबिक नववर्ष-2025 के मौके पर 31 दिसंबर को दोपहर दो बजे से रात दो बजे तक और एक जनवरी को सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक जगह-जगह पर ट्रैफिक डायवर्जन प्रभावी रहेगा।

मेघदतू तिराहा से कोई भी वाहन बड़ा चौराहा की ओर नहीं जा सकेगा। ऐसे वाहन मेघदूत तिराहा से सरसैया घाट चौराहा से चेतना चौराहा होते हुए जेड स्क्वॉयर मॉल अथवा बड़ा चौराहा को जाएंगे।

कोतवाली चौराहा, नवीन मार्केट व म्योर मिल तिराहा की ओर से जेड स्कायर मॉल अथवा बड़ा चौराहा की ओर जाने वाले वाहन सीधे बडा चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन ठग्गू के लड्डू तिराहा से बाएं मुड़कर भार्गव हॉस्पिटल चौराहा से डीजे गेट कचहरी चेतना चौराहा होते हुए गंतव्य को जा सकेंगे।

चेतना चौराहा से कोई भी वाहन डीजे कार्यालय गेट, पुलिस ऑफिस की ओर नहीं जा सकेंगे। ऐसे सभी वाहन चेतना चौराहा से सरसैया घाट चौराहा से महिला थाना होते हुए अथवा बडा चौराहा से ठग्गू के लड्डू होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेंगे।

मेघदतू की ओर से सरसैया घाट होते हुए बड़ा चौराहा की ओर आने वाली बसें, ऑटो व ई-रिक्शा डीएम कार्यालय गेट से आगे नहीं जा सकेंगे। ऐसे वाहन सरसैया घाट चौराहा से डीएम कार्यालय गेट के मध्य वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा कर सवारियां चढाएं और उतारेंगे।

कारसेट चौराहा, सद्भावना चौराहा व कोतवाली चौराहा से आने वाले ई-रिक्शा व ऑटो सोमदत्त प्लाजा से आगे नहीं जा सकेगें। सोमदत्त प्लाजा पर वाहनों को खड़ा कर सवारियां चढा व उतार सकेंगे।

मेघदतू तिराहा से बडा चौराहा, चेतना चौराहा से बडा चौराहा व डीजे गेट से ठग्गू के लड्डू तिराहा ,सोमदत्त प्लाजा से बडा चौराहा व कोतवाली चौराहा से बड़ा चौराहा तक नो रिक्शा व ऑटो जोन रहेगा।

शिवाला तिराहा से किसी भी तरह के वाहन बड़ा चौराहा की तरफ नहीं जा सकेंगे।

## गंगा बैराज पर ही लगेगी 20 वर्ष से स्टोर में रखी मां गंगा की मूर्ति- अजय कुमार मिश्र



जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर



सनातन वैदिक रामराज परिषद् एवं सनातन मंदिर चेतना सोसायटी के सदस्यों का 20 वर्ष से अधिक समय से बंद मां गंगा की मूर्ति गंगा बैराज पर लगाये जाने के लिए किया जाने वाला संघर्ष अब रंग लाया है। 26 दिसम्बर को सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर यह वायदा किया कि वे शीघ्र ही इस मूर्ति को गंगा स्थापित करवायेंगे।

सनातन वैदिक रामराज परिषद् के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र ने बताया कि यह मूर्ति पिछले 20 वर्षों से गंगा बैराज द्वितीय स्टोर में रखी है।यह मूर्ति सिंचाई विभाग द्वारा गंगा बैराज पर लगाने के लिए खरीदी गई थी लेकिन राजनीतिक दलों की इच्छा शक्ति की कमी के कारण यह 20 वर्षों से लंबित हैं परंतु सनातन वैदिक रामराज परिषद् एवं सनातन मंदिर चेतना सोसायटी के सदस्यों के लगातार मामले को गंभीरता से उठाने के कारण सिंचाई विभाग ने अधिकारियों ने प्रार्थना पत्र स्वीकार कर मूर्ति स्थापना हेतु अपनी प्रतिबद्धता जताई है।

### माता पिता की याद में गंगा घाट पर सीढियां बना श्रद्धालुओं को समर्पित की

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। बिठूर। ब्रह्मावर्त घाट के पास रहने वाले प्रदीप शुक्ला उर्फ पप्पू समाजसेवी के साथ-साथ पत्रकार भी हैं। बिठूर के लक्ष्मण घाट के बगल में नया पक्का पुल घाट को स्नान के लिए जाने के लिए सीढ़िया नही थी। पुल से उतरते वक्त काफी ढलान की वजह से कई लोग बालू में फिसलकर गिर जाते थे और चोटिल हो जाते थे। और कुछ तो घाट पर स्नान करने नही जाते थे।प्रदीप शुक्ला ने अपने स्वर्गीय पिता रामकुमार और स्वर्गीय माता रूपरानी देवी की याद में करीब 30 हजार रूपये की लागत से घाट पर सीढ़िया बनवा कर सोमवती अमावस्या के दिन नारियल फोड़कर श्रद्धालुओं को समर्पित की। सोमवती अमावस्या के दिन गंगा स्नान करने आई मकदूम नगर लधौसी सफीपुर की सत्यभामा और निर्मला देवी ने प्रदीप शुक्ला द्वारा जनहित में कराए गए कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की है।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# बुद्धि: ज्ञान का उपकरण

**अब मेरे मन में अपने संशय को लेकर भी संशय है कि विद्यार्थी-जीवन में ही मेरे चित्त में संशय का जन्म क्यों हुआ था? पाश्चात्य दर्शन में बुद्धिवाद है। भारतीय चिंतन में बुद्धि की महत्ता है। यहाँ बुद्धि, साध्य नहीं है, ज्ञान-प्राप्ति का साधन है। गीता (2.39) में श्रीकृष्ण, अर्जुन से कहते हैं, मैंने सांख्य (दर्शन) के अनुसार ज्ञान का विवेचन किया है, अब बुद्धि-योग बताता हूँ। सुनो। ऐसे ज्ञान से तुम कर्म बंधन से मुक्त हो जाओगे। इस श्लोक में सांख्य का अर्थ ज्ञान-प्राप्ति की विश्लेषण पद्धति है। गीता का बुद्धियोग, डेकार्ट, स्पिनोजा आदि दार्शनिकों के बुद्धिवाद से उच्चतर है।**

*संसार प्रत्यक्ष है। संसार समझने के लिए प्रकृति-प्रदत्त पाँच इन्द्रियाँ हैं। आँख से देखते हैं, कानों से सुनते हैं। त्वचा से स्पर्श करते हैं। जीभ से स्वाद लेते हैं और नाक से सूंघते हैं। संक्षेप में रूप, रस, गंध, ध्वनि और स्वाद ही संसार समझने के उपकरण हैं। मन को इनका स्वामी बताया गया है। दृश्य पर मन न लगे तो देखना व्यर्थ हो जाता है। गीत-संगीत में मन न लगे तो सुनना बेकार। यही बात सभी इन्द्रियों पर लागू होती है। पढ़ता-सुनता आया हूँ कि इन्द्रियों से प्राप्त सूचना मस्तिष्क तक जाती है। मस्तिष्क निर्णय लेता है। मस्तिष्क में लाखों कोष हैं। इसमें अध्ययन-अनुभव के संग्रह हैं। प्रकृति सुंदर संरचना है। इसके रहस्य जटिल हैं। मनुष्य की आंतरिक संरचना और भी जटिल है। मैं विद्यार्थी की तरह सत्य जानने का प्रयास करता हूँ लेकिन निष्कर्षों के प्रति संशय बना रहता है। जीवन की लम्बाई व गहराई से अनुभव बढ़े हैं। लोभ घटे हैं। यश-लिप्सा बढ़ी है। राग बढ़ा है। द्वेष घटा है। क्या इसका कारण अनुभूतियाँ हैं? इसपर संशय है। मैं इस संशय का कारण जानना चाहता हूँ। प्रत्येक कार्य का कारण होता है। संशय का भी कारण होना चाहिए। संशय के कारण अनेक हैं लेकिन मुख्य कारण सत्य के अनुसंधान में संशय का सदुपयोग करना है। संभवतः बढ़ी उम्र के कारण जीवन-वीणा के सुर गहन हुए हैं। गीत-संगीत आकर्षित करते हैं। संसार के प्रति आसक्ति घटी है। सुखद स्मृतियाँ न सोने देती हैं, न जागने। मन ही मन अपनी ही वाह-वाह करते हैं। कुछ मित्र हमारे लेख की प्रशंसा करते हैं। हम आनंदित होते हैं। इस लिप्सा का कारण समझ में नहीं आता। लाखों बार छपने के बाद भी यह तृष्णा वैसी ही क्यों है? मैं संशयी हूँ। अपना मत प्रसारित करने की इच्छा सब लोगों में होती है। रेने डेकार्ट (1596-1650) प्रतिष्ठित बुद्धिवादी दार्शनिक थे। वे इन्द्रियों से प्राप्त अनुभव को वास्तविक ज्ञान नहीं मानते थे। उनके मतानुसार वास्तविक ज्ञान बुद्धि-प्रत्ययों (कंसेप्ट) से ही संभव है। मनुष्य की बुद्धि को कुछ सत्यों की जानकारी जन्म के साथ ही मिलती है। ऐसा कम या ज्यादा सभी मनुष्यों में होता है। जनचर्चा में इसे गॉड-गिफ्टेड कहा जाता है। डेकार्ट दर्शन में प्रभुत्व और परंपरा के विरोधी थे। उन्होंने दो धारणाओं की स्थापना की। पहली धारणा के अनुसार ÷बुद्धि में यथार्थ-ज्ञान प्राप्त करने की अपूर्व क्षमता÷ है। दूसरी धारणा के अनुसार ÷मनुष्य की बुद्धि में यथार्थ-ज्ञान को अयथार्थ से पृथक करने की कसौटी÷ भी है। उन्होंने बुद्धि की इन दोनों क्षमताओं को ÷बुद्धि का स्वाभाविक प्रकाश÷ कहा है। डेकार्ट के अनुसार बुद्धि के दो कार्य हैं। उन्होंने पहले को ‘इन्ट्यूशन’ कहा है। प्रयाग विश्वविद्यालय के दर्शन विभाग के अध्यक्ष डॉ. जगदीश श्रीवास्तव ने ‘इनट्यूशन’ को हिन्दी में प्रतिभान कहा है। यह शब्द उचित भी है। भान आंतरिक अनुभव से प्राप्त ज्ञान है। उन्होंने प्रातिभान की परिभाषा भी की है, ÷प्रतिभान से हमारा तात्पर्य इन्द्रियों के अस्थिर साक्ष्य से नहीं है और भ्रामक निर्णय से भी नहीं। प्रतिभान-धारणा विशुद्ध और सजग बुद्धि से प्राप्त होती है। तब संशय या अनिश्चितता नहीं रह जाती।÷ उन्होंने बुद्धि का दूसरा कार्य निगमन बताया है। बुद्धि द्वारा किसी विषय पर खण्डशः विचार-निगमन होता है। यह शुद्ध बुद्धि से ही संभव है। बुद्धि विभिन्न कारणों से दोषपूर्ण भी हो सकती है। अंधविश्वास में बुद्धि शुद्ध नहीं रहती, तब बुद्धि निगमन का कार्य नहीं कर पाती। डेकार्ट के अनुसार बुद्धि को शुद्ध रखना, भ्रमों और पूर्वाग्रहों से मुक्त रखना निगमन के लिए आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने ‘सुव्यवस्थित’ संशय की जरूरत बताई है कि ÷हमें अपने सभी मतों पर तब तक संशय करना चाहिए जब तक हम उनकी प्रामाणिकता के प्रति आश्वस्त न हों।÷ डेकार्ट का ‘संशय’ ज्ञान का साधन है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**भारत दसवें स्थान से उठकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया, जिससे लाखों लोगों का जीवन स्तर सुधरा और गरीबी में कमी आई। डॉ. सिंह के दृष्टिकोण में केवल उच्च विकास नहीं, बल्कि समावेशी विकास और उस विश्वास की भी अहमियत थी जो सभी को ऊपर उठाने वाली लहरें उत्पन्न कर सके। यह विश्वास उनके द्वारा पारित किए गए विधेयकों में दिखाई देता है, जिनसे नागरिकों को भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, काम का अधिकार और सूचना का अधिकार सुनिश्चित हुआ। डॉ. सिंह की अधिकार-आधारित क्रांति ने भारतीय राजनीति में एक नए युग की शुरुआत की, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर प्रदान करने का संकल्प था।**

# उदारीकरण एवं आर्थिक सुधार के महासूर्य का अस्त होना!



ललित गर्ग

**प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में समृद्धि और विकास की कहानी लिखी गयी। जुलाई 1991 में, डॉ. सिंह ने अपने बजट भाषण के अंत में कहा था, ‘भारत का दुनिया की प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उदय एक ऐसा विचार है, जिसका समय अब आ चुका है।’ डॉ. सिंह को न केवल उनके विजन के लिए जाना जाता है।**

भारत के धुरंधर अर्थशास्त्री, प्रशासक, कद्दावर नेता, दो बार प्रधानमंत्री रह चुके डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से आर्थिक सुधार का महासूर्य अस्त हो गया, भारतीय राजनीति में एक संभावनाओं भरा राजनीति सफर ठहर गया, जो राष्ट्र के लिये एक गहरा आघात है, अपूरणीय क्षति है। वे निश्चित ही आर्थिक सुधारों एवं उदारीकरण के नींव के पत्थर थे, मील के पत्थर थे। वे आर्थिक सुधार की बुलंद आवाज थे। उन्हें आर्थिक सुधार, भारत में वैश्विक बाजार व्यवस्था एवं उदारीकरण का जनक कहा जा सकता है। जिन्होंने न केवल देश-विदेश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर हमसे जुदा हो गये हैं। डॉ. सिंह यह नाम भारतीय इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त राष्ट्रनायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, भारत में नये अर्थ के निर्माता, कुशल प्रशासक, दार्शनिक के साथ-साथ भारत को आर्थिक महाशक्ति का एक खास रंग देने की महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग है, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, दार्शनिक और चिंतक हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. सिंह के निधन पर कहा है कि जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना आसान बात नहीं है। एक नेक इंसान के रूप में, एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।’ दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह ने पांच दशक तक सक्रिय राजनीति की, अनेक पदों पर रहे, केंद्रीय वित्त मंत्री व प्रधानमंत्री- पर वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे। घाल-मेल से दूर। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। वे भारत के इतिहास में उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हैं जिन्होंने सिर्फ अपने नाम, व्यक्तित्व और करिश्मे के बूते पर न केवल सरकार चलाई बल्कि एक नयी सोच की राजनीति को पनपाया, पारदर्शी एवं सुशासन को सुदृढ़ किया। विलक्षण प्रतिभा, राजनीतिक कौशल, कुशल नेतृत्व क्षमता, बेवाक सोच, निर्णय क्षमता, दूरदर्शिता और बुद्धिमत्ता के कारण कांग्रेस के सभी नेता उनका लोहा मानते रहे, उनके लिये वे



**वह एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें न केवल उन छलांगों और सीमाओं के लिए याद किया जाएगा, जिनसे उन्होंने भारत को आगे बढ़ाया, बल्कि एक विचारशील और ईमानदार व्यक्ति के रूप में भी याद किया। डॉ. सिंह के राजनीतिक जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आये, जब सार्वजनिक तौर पर उनकी प्रतिष्ठा और उनके पद को कमतर दिखाने की कोशिश की गई।**

मार्गदर्शक ही नहीं, प्रेरणास्रोत भी है। वे बेहद नम्र इंसान थे और वह अहंकार से कोसों दूर थे। उनके प्रभावी एवं बेवाक व्यक्तित्व से भारतीय राजनीति एवं लोकतांत्रिक संस्थान चमकते रहे हैं। डॉ. सिंह ने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजारों के लिए खोलने के लिए उदारीकरण सुधार लागू किए। साथ ही, उन्होंने लाइसेंस राज समाप्त कर, निजीकरण और राज्य नियंत्रण में कमी की। डॉ. सिंह द्वारा विदेशी निवेश को आकर्षित करने के साथ निर्यात को प्रोत्साहित किया गया। डॉ. सिंह का जन्म ब्रिटिश भारत के पंजाब में 26 सितम्बर 1932 को हुआ था। उनकी जन्मतिथि भी 26 एवं निधन तिथि भी 26 एक संयोग ही कहा जायेगा। उनकी माता का नाम अमृत कौर और पिता का नाम गुरुमुख सिंह था। देश के विभाजन के बाद सिंह का परिवार भारत चला आया। डॉ. सिंह की पत्नी का नाम गुरशरण कौर है, जो कि एक गृहिणी और गायिका भी हैं। उनके तीन बेटियां हैं। पंजाब विश्वविद्यालय से उन्होंने स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी की। बाद में वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय गये। जहाँ से उन्होंने पीएच. डी. की। तत्पश्चात् उन्होंने आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से डी. फिल. भी किया। डॉ? सिंह ने अर्थशास्त्र के अध्यापक के तौर पर काफी ख्याति अर्जित की। वे पंजाब विश्वविद्यालय और बाद में प्रतिष्ठित दिल्ली स्कूल ऑफ इकनामिक्स में प्राध्यापक रहे। इसी बीच वे संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन सचिवालय में सलाहकार भी रहे और 1987 तथा 1990 में जेनेवा में साउथ कमीशन में सचिव भी रहे। 1971 में डॉ? सिंह भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मन्त्रालय में आर्थिक सलाहकार के तौर पर नियुक्त किये गये। इसके तुरन्त बाद 1972 में उन्हें वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार बनाया गया। इसके बाद के वर्षों में वे योजना आयोग के उपाध्यक्ष, रिजर्व बैंक के गवर्नर, प्रधानमन्त्री के आर्थिक सलाहकार और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रहे हैं। भारत के आर्थिक इतिहास में हाल के वर्षों में सबसे महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब डॉ? सिंह 1991 से 1996 तक भारत के वित्त मन्त्री रहे। डॉ. सिंह ने भारत के 13वें प्रधानमंत्री के रूप में लगातार दो कार्यकाल पूरे किए हैं। पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया। वहीं सूचना का अधिकार अधिनियम भी उनके कार्यकाल में आया। इसके अतिरिक्त उन्हें ऐतिहासिक भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौता पर हस्ताक्षर के लिए भी जाना जाता है। दूसरे कार्यकाल में उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया। हालांकि, इस दौरान उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला और राष्ट्रमंडल खेल घोटाले जैसे विवादों का भी सामना करना पड़ा। यह बात हम सभी जानते हैं कि उन्हें मौन पीएम भी कहा जाता था, हालांकि उन्होंने इस पर चुप्पी तोड़ते हुए सार्वजनिक रूप से इसका सटीक जवाब भी दिया था। विकास के प्रति डॉ. सिंह की प्रतिबद्धता और उनकी अनेक उपलब्धियों को उन अनेक सम्मानों के माध्यम से मान्यता मिली है जो उन्हें प्रदान किए गए हैं। इनमें 1987 में पद्म विभूषण, 1993 में वित्त मंत्री के लिए यूरो मनी पुरस्कार, 1993 और 1994 में वित्त मंत्री के लिए एशिया मनी पुरस्कार और 1995 में भारतीय विज्ञान कांग्रेस का जवाहरलाल नेहरू जन्म शताब्दी पुरस्कार शामिल हैं। जवाहर लाल नेहरू के बाद मनमोहन दूसरे ऐसे व्यक्ति थे।

### एक्सप्रेस कविता

*सत्य अपने पीछे इतिहास नहीं छोड़ता। अक्षुण होता है सत्य, उसे किसी गवाह या किसी के समर्थन की शायद जरूरत नहीं। हां सत्य का भविष्य बड़ा उज्जवल है। चमकते सूर्य की तरह। सच अकेले चलता हुआ घबराता नहीं, वह किसी साथी को तलाशता भी नहीं, कोई कमी महसूस नहीं होती, सूरज की किरणों के साथ चमकता हुआ, गहन अंधकार में छुपता भी नहीं, कनक की तरह सदैव कसौटी पर खरा उतरता है। एक बार सत्य ने मुझसे कहा मेरे संग संग चार कदम चल कर देखो, तुम्हारी आत्मा परमात्मा में परिवर्तित हो जाएगी, अद्भुत शक्ति, ऊर्जा और उत्साह, जीवन में प्रवाहित हो जाएगा फिर किसी नाते, किसी रिश्ते, परिजनों की कहीं भी किन्ही भी परिस्थितियों में आवश्यकता न होगी, तुम किसी के संग नहीं।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*बिना माँगे तो पानी भी कोई नहीं पिलाता तो आप कैसे मान लेते हो की कोई आपकी सारी परेशानीय दूर कर देगा*

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 27:22 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढा 24:03 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | ध्रुव, 18:59 |
| सूर्योदयः | 07:14 |
| सूर्यास्तः | 17:34 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 14:59-16:16 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 12:03-12:45 |

## जन एक्सप्रेस

### आ गई वो बेला !

*हैं सारे सतर्क ।*
*भर रहे ललकार ।।*
*देखते हैं कितना ।*
*हो पाता उद्धार ।।*
*आ गई वो बेला ।*
*हुआ जिसका इंतज़ार ।।*
*मन ही मन पहनने को ।*
*हैं आतुर अब हार ।।*
*भले हो जग हंसाई ।*
*चलते हर पल चाल ।।*
*हैं लगते तैयार ।*
*करने को बवाल ।।*
*पर फैसला जनता का ।*
*क्यों नहीं स्वीकार ।।*
*पर लगता है जल्द ही ।*
*होंगे सब फरार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# कोरोनरी हार्ट डिजीज के मरीज न खाएं ये 5 चीजें, वरना बिगड़ सकती है सेहत



**कोरोनरी** हार्ट डिजीज, हार्ट से जुड़ी एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जिसमें हार्ट की धमनियां सिकुड़ जाती हैं और ब्लड सर्कुलेशन बाधित हो जाता है। इसका मुख्य कारण खराब जीवनशैली और असंतुलित आहार हो सकता है। जब धमनियों में प्लाक जमने लगता है, तो खून और ऑक्सीजन की आपूर्ति हृदय तक सही तरीके से नहीं हो पाती। इससे सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई और यहां तक कि दिल का दौरा पड़ने का खतरा भी बढ़ जाता है। इस बीमारी को कंट्रोल करने के लिए न केवल दवाओं का सही तरीके से सेवन करना जरूरी है, बल्कि आहार पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। विशेषज्ञ मानते हैं कि कुछ खाद्य पदार्थों से पूरी तरह परहेज करने से हृदय को स्वस्थ रखा जा सकता है और बीमारी के लक्षणों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। आइए जानते हैं, वे पांच चीजें जो कोरोनरी हार्ट डिजीज के मरीजों के लिए हानिकारक हो सकती हैं।

**प्रोसेस्ड फूड्स और ट्रांस फैट्स से बचें:** प्रोसेस्ड फूड्स जैसे बेकरी आइटम, फ्रोजन स्नैक्स और चिप्स में ट्रांस फैट की मात्रा ज्यादा होती है, जो हृदय की धमनियों में सूजन और ब्लॉकेज का कारण बन सकता है। यह कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाकर दिल के दौरे का खतरा बढ़ा सकता है। प्रोसेस्ड फूड्स की जगह ताजे फल, सब्जियां और होल ग्रेन का सेवन करें।

**ज्यादा नमक वाली चीजें न खाएं:** नमक का ज्यादा सेवन ब्लड प्रेशर को बढ़ाता है, जिससे हार्ट पर ज्यादा दबाव पड़ता है। पैकेज्ड फूड, पापड़, अचार और इंस्टेंट नूडल्स में सोडियम की मात्रा ज्यादा होती है। इसके बजाय कम सोडियम वाला नमक इस्तेमाल करें और घर का बना कम नमक वाला खाना खाएं।

**चीनी और मीठी चीजें:** ज्यादा चीनी का सेवन मोटापा और डायबिटीज का कारण बनता है, जो हृदय रोग का खतरा बढ़ा सकता है। सॉफ्ट ड्रिंक्स, पैकेज्ड जूस और मिठाइयों में हाई शुगर कंटेंट होता है। इसके बजाय आप ताजे फलों का रस पिएं और प्राकृतिक मिठास जैसे शहद या गुड़ का इस्तेमाल करें।

**सैचुरेटेड फैट वाली चीजें न खाएं:** घी, मक्खन, और रेड मीट में सैचुरेटेड फैट की ज्यादा मात्रा होती है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा सकता है और हार्ट की धमनियों में ब्लॉकेज पैदा कर सकता है। कम फैट वाले डेयरी प्रोडक्ट्स और खाने में जैतून का तेल या सूरजमुखी के तेल को शामिल करें।

**एल्कोहल और कैफीन से बचें:** एल्कोहल और ज्यादा कैफीन का सेवन करने से, हार्ट रेट तेज हो सकता है, जिससे हार्ट पर दबाव पड़ता है। यह बीपी बढ़ाने और धमनियों को नुकसान पहुंचाने का कारण बन सकता है। एल्कोहल जैसी हानिकारक ड्रिंक की जगह हर्बल टी या नारियल पानी पिएं। कोरोनरी हार्ट डिजीज के मरीजों को अपने आहार पर विशेष ध्यान देना चाहिए। ऊपर बताए गए खाद्य पदार्थों से बचकर और संतुलित आहार अपनाकर हार्ट को स्वस्थ बनाए रखा जा सकता है। उम्मीद करते हैं कि आपको यह जानकारी पसंद आई होगी। इस लेख को शेयर करना न भूलें।

### एक्सप्रेस विशेष

# मनमोहन का स्मारक तो सही, नरसिंह राव का कब बनेगा



जितेंद्र तिवारी

**जो सोनिया परिवार आज मनमोहन सिंह के लिए स्मारक की मांग कर रहा है, उसने अपने ही नेता नरसिंह राव के लिए कांग्रेस मुख्यालय के दरवाजे तक नहीं खोले थे। नरसिंह राव की पार्थिव देह 10 अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय के बाहर एंबुलेंस में आधे घंटे तक पड़ी रही।**

**पूर्व** प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का शनिवार दोपहर दिल्ली के निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ। डॉ. मनमोहन सिंह को जिस भव्यता के साथ विदा किया गया, वे वास्तव में उसके अधिकारी थे। देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल वरिष्ठ सहयोगी राजनाथ सिंह और अमित शाह सहित अनेक केन्द्रीय मंत्री पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार के समय उपस्थित रहे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान सहित सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों की उपस्थिति में पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ और 21 तोपों की सलामी देकर पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान प्रकट किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और गांधी परिवार की उपस्थिति का यहां इसलिए उल्लेख करना अनावश्यक है क्योंकि उन्हें तो उपस्थित रहना ही चाहिए था। कौन नहीं जानता कि एक बेहद ईमानदार छवि वाले और पूर्ण सादगी से जीवन जीने वाले मनमोहन सिंह के कार्यकाल में ही देश में सबसे ज्यादा घपले-घोटाले सामने आए थे। यह बात सही है कि मनमोहन सिंह एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर थे। वे कैसे प्रधानमंत्री बने, वह एक अलग कहानी है। हां, पर वे पहले एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर (प्रधानमंत्री) नहीं थे। सही मायने में राजीव गांधी पहले एक्सिडेंटल प्राइम मिनिस्टर थे। उसके बाद चंद्रशेखर, एच.डी. देवेगौड़ा, इंद्र कुमार गुजराल और डॉ. मनमोहन सिंह को इसी श्रेणी में रखा जाना चाहिए। वैसे, किसी दिवंगत व्यक्तित्व की कठोर आलोचना ठीक नहीं होती। पर वस्तुतः डॉ. मनमोहन सिंह राजनीतिक व्यक्ति नहीं थे। जो इतिहास है वह यह लिखा जाएगा कि डॉ. मनमोहन सिंह बड़े अर्थशास्त्री, विचारक, शिक्षक और एक समर्पित नौकरशाह थे। इसीलिए सोनिया गांधी के संवैधानिक कारणों से प्रधानमंत्री न बन पाने और उसे त्याग प्रचारित कर मनमोहन सिंह का चुनाव किया। सरकार के ऊपर नेशनल एडवाइजरी कमेटी बनाकर जैसे देश का शासन सोनिया परिवार ने पर्दे के पीछे से चलाया, वह भारत की राजनीति में कभी नहीं हुआ था। डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हुए टूजी, थ्रीजी, कोयला, एशियन गेम्स आदि घोटलों की लंबी फेहरिस्त को दोहराने की आवश्यकता नहीं। मनमोहन सिंह की साफ-सुथरी छवि को सामने रखकर कांग्रेसियों ने घपले-घोटालों का ऐसा दौर चलाया कि जनता खुद ही जतंर-मंतर पर जुटने लगी और कुछ नौसिखियों ने उन्हें भुना लिया। यह अलग बात है कि आज वे उसी भ्रष्टाचार की दलदल में डूबे दिल्ली व पंजाब की सत्ता पर काबिज हैं। उस दौर में प्रधानमंत्री के हस्ताक्षर होने से पहले सरकारी फाइलें सोनिया गांधी तक जाती थीं, यह एक ओपन सीक्रेट है। इतना ही नहीं, कांग्रेस के युवराज कहे जाने वाले राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल द्वारा पारित एक प्रस्ताव को दिल्ली के प्रेस क्लब में आकर जैसे फाड़ा, वैसा अपमान आज तक देश के किसी प्रधानमंत्री का नहीं हुआ होगा। वह ऐसा मामला था जब प्रधानमंत्री के छोटे भाई ने ही बयान दिया था कि कुछ तो अपनी सरदारी का ख्याल रखिए। घपले-घोटालों और भ्रष्टाचार के मामलों, प्रधानमंत्री कार्यालय से ऊपर एक सत्ता केन्द्र से संचालित होने और कांग्रेस द्वारा ही अपमानित किए जाने के अनेक मामलों को लेकर मनमोहन सिंह को भारी आलोचना का सामना करना पड़ता था, पर वे शांत रहकर उसे आत्मसात कर लेते थे। कांग्रेस की कारगुजारियां छिपाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने भी उनकी कटु आलोचना करते हुए यहां तक कह दिया था कि वे ‘रेनकोट पहनकर नहाते थे।’ इस सबके बावजूद भारत की मौजूदा सरकार ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति जो सम्मान और संस्कार प्रकट किया है, वह सीख लेने लायक है। इसे पूर्व प्रधानमंत्रियों के प्रति प्रकट की जाने वाली राजनीतिक शालीनता और आदर्श व्यवस्था की तरह देखा जाना चाहिए। डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के समाचार के बाद सरकार ने प्रोटोकॉल के तहत जो संभव था, वह तो किया ही। उससे भी कहीं अधिक जाकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित पूरी सरकार उनके अंतिम संस्कार में सम्मिलित हुई। ऐसा पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के समय भी नहीं हो पाया था। तत्कालीन राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम उनके संस्कार में सम्मिलित नहीं हो सके थे। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का विषय अलग है। उनका निधन तब हुआ जब उनके द्वारा रोपे गए बीज से बना विशाल वृक्ष देश की सत्ता पर आसीन था और उनके सहचरी ही सत्ता को संचालित कर रहे थे। इतना सम्मान दिए जाने के बाद भी कांग्रेस स्मारक बनाने की आड़ में मनमोहन सिंह का एक और अपमान कराने का कारण बनी है। स्मारक का विवाद इसीलिए खड़ा किया गया है। यह जानते हुए भी कि उसकी एक प्रक्रिया है।

**इस सबके बीच एक पूर्व प्रधानमंत्री का नाम और चर्चा में आ गया- पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव। वे देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें देश की राजधानी में दो गज जमीन तक तो छोड़िए, अंतिम संस्कार का भी अवसर नहीं दिया गया और न ही सैन्य सम्मान। 2004 में जब उनका निधन हुआ तब उनकी ही पार्टी कांग्रेस की सरकार केन्द्र में सत्तारूढ़ थी और मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे।**

# तीन तलाक़ के मामले को बहुत हल्के में ले रही है खीरी पुलिस

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** भारत में तीन तलाक़ को गैरकानूनी बनाने के लिए मुस्लिम महिलाओं और कार्यकर्ताओं ने अभियान चलाया था। इस अभियान का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी सरकार ने किया था। इसके बाद,19 सितंबर, 2018 को भारत में तीन तलाक़ कानून लागू हुआ। इस कानून के तहत, तीन तलाक़ बोलना गैरकानूनी हो गया और इसके लिए तीन साल तक की जेल हो सकती है।इस कानून के तहत,पुलिस बिना वारंट के आरोपी को गिरफ़्तार कर सकती है।इस प्रथा को गैरकानूनी घोषित करने के बाद, समुदाय में जागरूकता आई है और ऐसे मामलों की संख्या कम तो हुई लेकिन अब भी तीन तलाक़ व तीन तलाक़ की धमकी की घटनाएं कम नहीं हुई।जनपद लखीमपुर खीरी की एक पीड़िता को मूर्ख बनाया गया। तरह-तरह की यातनाएं दी गईं मासूम बच्चे को लेकर भीषण ठंड में पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र मे मोहल्ला गोटैय्याबाग चौकी संकटा देवी



कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी की रहने वाली पीड़िता ने बताया की जाकिर नगर जामिया नगर दक्षिणी दिल्ली में रहने वाले अबुल हसन पुत्र हाफिज मोहम्मद जावेद अशरफ जो सऊदी अरब में नौकरी करने वाले ने शोशल मीडिया के जरिए प्रेमजाल में फांस कर सऊदी अरब से पीड़िता के घर आकर 5-मई -2021 को विवाह इस शर्त पर किया पीड़िता को दिल्ली में रखकर पढ़ा लिखाकर पीड़िता का कैरियर बनाएगा दोनों साथ सऊदी अरब रहेंगे पीड़िता के परिजनों को अपने विश्वास में लेकर दो माह बाद पति मायके लखीमपुर से सऊदी अरब चला गया पीड़िता गर्भवती हो गई जिसकी सूचना जब पति को दी तो पति बोला अभी बच्चा नहीं चाहिए पति के इच्छा के विरुद्ध पुत्र को जन्म दिया पति द्वारा मूर्ख बनाया गया पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र के लिए फेंक आधार कार्ड दिया जो बाद में जांच में गलत साबित हुआ पति जेल जाते जाते बचा जाने के बाद पति ने पीड़िता व पुत्र की सुध तक नहीं ली तीन वर्ष के बाद पीड़िता को पता चला पति दिल्ली में अपना मकान बेचने के इरादे से सऊदी अरब से

> डेढ़ माफ से तीन तलाक़ की धमकी की पीड़िता पति द्वारा ठुकराए जाने के लिए जनपद के उच्च अधिकारियों के चक्कर लगा रही है न्याय के नाम पर सिर्फ दौड़ाया जा रहा है पीड़िता को

आया है। पीड़िता दिल्ली गयी पति को पकड़ लिया और मायके लेकर आई परिजनों ने पुलिस में शिकायत की बात की भयभीत पति ने पीड़िता को अपने पास सऊदी अरब बुला लेने का वादा कर पति सऊदी अरब चला गया। उसके बाद पीड़िता का पासपोर्ट वीजा बना और पीड़िता सऊदी अरब चली गई जहां पति अबुल हसन ने एक फ्लैट लेकर पीड़िता को रखा वहां पीड़िता को पता चला की अबुल हसन ने पीड़िता से शादी करने के एक साल बाद दूसरी शादी कर ली पीड़िता के पैरों तले जमीन खिसक गई विरोध करने पर पति द्वारा पीड़िता को बंधक बनाकर मोबाइल छीन कर यातनाए दी गई बच्चे को भूखा रखा गया मारने व बेचने का प्रयास किया गया पीड़िता ने सऊदी अरब में दो माह किस तरह से बिताए सोच कर रूह कांप उठती पीड़िता के पिता भी सऊदी अरब में नौकरी करते है बढ़ी मुश्किल से पीड़ित ने पिता से सम्पर्क किया पिता ने पीड़िता की दयनीय स्थिति देखकर दिनांक 16. नवम्बर.2024 को भारत आई पीड़िता डेढ माह से लगातार स्थानीय चौकी से लेकर प्रधानमंत्री तक से न्याय की गुहार लगाई विपक्षी नहीं आया महिला थाने से दरोग़ा का फोन आया पीड़िता के मोबाइल नम्बर पर फ़ोन आया कहां गया पति नहीं

उनका वकील आया है वकील से बात हुई वकील ने रूपए लेकर शांत बैठ जाने की बात कही और पीड़िता ने वकील से मिलने को इनकार किया तो दरोगा ने कहा टाइट करके आख्या लगा देंगे संकटा देवी चौकी में भी आख्या के नाम पर पीड़िता के साथ खिलवाड़ हुआ। कोतवाली में भी कोतवाल ने कहा एफआईआर दर्ज नहीं करेंगे मैं सऊदी अरब पति को पकड़ने थोड़ी जाऊंगा स्थानीय चौकी संकटा देवी से लेकर प्रधानमंत्री तक की न्याय की गुहार लगाई तीन बार पुलिस अधीक्षक से मिली लेकिन न्याय नहीं मिला।

# सगे चाचा ने की दुधमुहे भतीजे की निर्मम हत्या



**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी**

हत्यारे चाचा ने भाई को फोन कर कहा कि अब उसका बच्चा इस दुनिया में नहीं है। यह सुनते ही भाई कौशल निषाद व उनकी पत्नी की हालत खराब हो गई। किसी तरह से कौशल थाने पहुंचा। जहां रोरोकर अपने बच्चे की हत्या के बारे में बताया। उधर बच्चे की मां घर में दहाडे मारकर रो रही थी कि आखिर उसकी क्या गलती थी कि सगे चाचा ने ही अपने दुधमुहे भतीजे की गर्दन काटकर दर्दनाक हत्या कर दी। यही सवाल कमोवेश मुहल्ले के हर पुरुष महिला के चेहरों पर दर्द बनकर दिखाई दे रहा था।थाना निघासन क्षेत्र के इंद्रपुरी वार्ड नंबर 12 निवासी कौशल निषाद अपनी पत्नी व दो वर्ष के दुधमुहे बच्चे के साथ रह रहे थे। सोमवार को दोपहर कौशल का भाई अनिल रोज की तरह उनके बेटे हिमांशु को टाफी बिस्कुट दिलाने के बहाने घर से लेकर चला गया। इसके बाद धारदार बांके से बच्चे की हत्या कर दी। इसके बाद भाई कौशल को फोन कर कहा कि अब उसका बेटा इस दुनिया में नहीं है। यह सुनकर पति पत्नी दोनो अवाक रह गए। बता दें कि कौशल का भाई अनिल अपनी भाभी से किन्हीं कारणों से नाराज रहता था। तथा आए दिन शराब के नशे में गाली गलौज व झगडा फसाद किया करता था। सोमवार को करीब 12 बजे वह हिमांशु 2 वर्ष को घर से लेकर गया और उसकी निर्मम हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस ने अनिल को धर दबोचा। तथा उसके कब्जे से हत्या में प्रयोग किया बांका बरामद कर लिया है साथ ही मृतक बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस क्षेत्राधिकारी निघासन महक शर्मा ने बताया कि हिमांशु के हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया गया है। तथा हत्या में प्रयुक्त बांका बरामद कर लिया गया है। मृतक बच्चे का शव चूराटांडा के जंगल क्षेत्र से शव बरामद कर लिया गया है।

## जिला पंचायत सदस्य पूर्व नगर अध्यक्ष गोला वारिस अली अंसारी फिर हुए सपाई



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर जिला पंचायत सदस्य व पूर्व नगर अध्यक्ष गोला वारिस अली अंसारी समाजवादी पार्टी में अपने सैकडों साथियों के साथ पुनः वापसी की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, सांसद खीरी उत्कर्ष वर्मा, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, पूर्व विधायक विनय तिवारी, जिला महासचिव अंसार महलूद, जिला उपाध्यक्ष अशोक कश्यप, जिला उपाध्यक्ष विजय पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, सांसद प्रतिनिधि विधानसभा अध्यक्ष अशोक वर्मा, विधानसभा महासचिव आरिफ खान, मो0 अफजाल, अमित वर्मा, संजीव वर्मा, प्रभात गुप्ता, अजय सिंह, अनन्द पटेल ने मिठाई खिलाकर बधाई दी।इस अवसर पर मुन्ना अंसारी, गुड्डू बीडीसी, डॉक्टर अनीश, नैमिष वर्मा, जलीस अंसारी, मोहम्मद आसिफ, लाल मोहम्मद अंसारी, हाकिकुद्दीन, नईम खान, रईस खान, अफसर अली मंसूरी, आमिर हसन इदरीसी, शयर अली अंसारी, महताब मंसूरी, अय्यूब खान, रजत मिश्रा, आकाश वर्मा, फराज खान सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे।

# योग गुरु बाबा रामदेव को भायी बहराइच की हल्दी

- हरिद्वार से लौटी डीएम ने तीन हल्दी किसानों को नये साल पर दिया एमओयू का तोहफा
- जिला अधिकारी मोनिका रानी के साथ ए एम यू पर हस्बाताक्षर करते योग गुर बाबा रामदेव।



**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

योग गुरु रामदेव को बहराइच की हल्दी बहुत भायी। वह आयुर्वेद दवाओं के निर्माण के लिये हर साल उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले की हल्दी खरीदेंगे। उनके अनुसार बहराइच के हल्दी की गुणवत्ता काफी अच्छी होती है, इस कारण इसकी डिमांड भी काफी रहती है। इसका परिणाम है कि योगगुरु की कंपनी और बहराइच के तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है।

यह जानकारी हरिद्वार से लौटकर आयीं जिलाधिकारी मोनिका रानी ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिले के उत्पादों को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं। इसके तहत बहराइच में 86 कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) गठित किये गये हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर हल्दी और अन्नदाताओं को उनकी फसल का उचित मूल्य दिलाने के लिए योगगुरु स्वामी रामदेव की कंपनी के साथ बहराइच की तीन एफपीओ के बीच एमओयू साइन किया गया है। यह एमओयू बहराइच की 3 एफपीओ प्रत्युष बायोएनर्जी फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, वीरांगना लक्ष्मीबाई महिला किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड और सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड ने साइन किया है।

हरिद्वार में हुए एमओयू में योगगुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, बहराइच जिलाधिकारी मोनिका रानी, उप कृषि निदेशक टीपी शाही, सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड मिहिंपुरवा के निदेशक अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि बहराइच का मिहिंपुरवा क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, उपजाऊ भूमि और अनुकूल जलवायु होने के कारण कृषि के लिए काफी उपयुक्त है। यही वजह है कि यहां हल्दी, जिमीकन्द और हरी सब्जियों की काफी अधिक मात्रा में खेती की जाती है। इसे कई राज्यों के साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी भेजा जाता है। इसके बावजूद अन्नदाताओं को उनके उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पाता था।

इसे देखते हुए अन्नदाताओं की आय बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 20 से 25 टन प्रति हेक्टेयर के हिसाब से लगभग 2000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 45-50 हजार टन हल्दी के विक्रय/विपणन स्वामी रामदेव की कंपनी से कराया गया है। उप कृषि निदेशक टीपी शाही ने बताया कि एफपीओ के 1,880 पुरुष किसान तथा 975 महिला किसान हल्दी उत्पादन से जुड़े हैं।

इसी तरह यहां 150 हेक्टेयर में जिमीकन्द की खेती की जा रही है, जिसमें 30-35 टन प्रति हेक्टेयर में कुल 5,250 टन जिमीकन्द का उत्पादन हो रहा है। स्थानीय और राष्ट्रीय बाजारों में इसकी मांग अधिक है। इसी प्रकार लगभग 600 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में हरी सब्जियों की भी यहां खेती हो रही है।

## घाघरा नदी में डूबा युवक, तलाश में जुटे गोताखोर

**जन एक्सप्रे । लखीमपुर खीरी**

धौरहरा में सोमवती अमावस्या पर जालिम नगर पुल घाघरा नदी घाट पर स्नान करने गया युवक गहरे पानी में डूब गया। सूचना पर पुलिस ने युवक की तलाश स्थानीय गोताखोरों की मदद से शुरू की, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

खमरिया कोतवाली क्षेत्र के ऊंच गांव निवासी 26 वर्षीय शशिकांत मौर्या पुत्र नन्दलाल सोमवार सुबह सात बजे सोमवती अमावस्या पर स्नान करने जालिम नगर पुल घाघरा नदी घाट पर गया था।

नहाने समय युवक गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। सूचना पर धौरहरा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में जाल डाल कर युवक की तलाश शुरू की पर पता नहीं चल सका।

प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि नदी में डूबे युवक की तलाश की जा रही है।

# जिला उद्योग बन्धु, सिंगल विंडो निवेश मित्र की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सभागार में हुई सम्पन

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

शासन द्वारा गठित जिला उद्योग बन्धु, सिंगल विण्डो निवेश मित्र की बैठक मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में औद्योगिक आस्थानों के रख-रखाव, निवेश मित्र पोर्टल, निर्यात प्रोत्साहन योजना, ओडीओपी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जेम पोर्टल, क्लस्टर विकास योजना, एमओयू इत्यादि योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य परक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण कराया जाये। बैठक में उद्यमियों से प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु अध्यक्ष महोदया द्वारा बैठक में



उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला उद्योग बंधु की बैठक में सड़क सुरक्षा हेतु अनेक प्रस्ताव प्रस्तुत किए जिसमें विभिन्न स्थानों पर गति अवरोधक बनाने, सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने तथा सड़कों के किनारे के बेसहारा गोवाशों को हटवाए जाने सहित फुटपाथ को बेहतर किए जाने हेतु अनुरोध किया गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने समुचित कार्यवाही के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

उपरोक्त के अतिरिक्त उपायुक्त उद्योग द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा प्रशिक्षित युवाओं हेतु लांच की गयी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की विस्तृत जानकारी बैठक में देते हुए अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत जनपद का लक्ष्य 1000 निर्धारित है। योजनान्तर्गत ऐसे युवा जो कम से कम कक्षा 08 उत्तीर्ण हो उनकी आयु 21 से 40 वर्ष के मध्य हो तथा किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से कौशल सम्बन्धी प्रमाण पत्र आदि हो अथवा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, ओडीओपी प्रशिक्षण योजना, एससीएसटी, ओबीसी प्रशिक्षण योजना, आरसेटी एवं उप्र कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत प्रशिक्षित हो, आवेदन कर सकते है।

उपायुक्त उद्योग द्वारा योजना से सम्बन्धित ब्रोशर, पम्पलेट भी बैठक में वितरित किये गये। बैठक में प्रमुख रूप से उप जिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ, उप अग्रणी जिला प्रबन्धक, इण्डियन बैंक, सीतापुर, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग सीतापुर, सहायक अभियंता सेतु निगम सीतापुर, महेन्द्र अग्रवाल, चेयरमैन आईआईए सीतापुर एवं विवेक अग्रवाल सदस्य आईआईए सीतापुर सहित अनेक उद्यमीगण, व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि सुशील अग्रवाल, संजय मिश्रा, भगवती प्रसाद गुप्ता, गोपाल दारूका, कंचन प्रभा पांडे, अभिनव बंसल, महेंद्र अग्रवाल, सलीम नूरी, ललित लालवानी आदि उपस्थित रहे।

# अटल जन्म शताब्दी के अवसर पर लोगो प्रतियोगिता हुई आयोजित



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी के अवसर पर एक लोगो प्रतियोगिता का आयोजन डोर फाउंडेशन और संजीवन ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से अग्रेसन भवन मे किया गया द्य विभिन्न कॉलेज से आये लड़के और लड़कियों ने अटल जी के जीवन को रेखांकित हुए बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया। निर्णायक मण्डल मे शिवांशी मिश्रा और बृजेश गुप्ता ने प्रथम पुरस्कार के लिए शिवांश् बाजपेयी, द्वितीय पुरुस्कार के लिए दिव्यांश शर्मा, और तृतीय पुरस्कार के लिए श्यामभी सिंह का चयन किया। पुरुस्कार वितरण समाज सेवी राजेंद्र अगरवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर आकाश बजरंगी ने बोलते हुए अटल जी के जीवन के कुछ रोचक तथ्यों को बच्चों के सामने प्रस्तुत किया। लोगो प्रतियोगिता को सफलता पूर्वक संपन्न कराने मे डॉ वीरेंद्र आर्या, संतोष कुमार, पूनम मिश्रा, उत्कर्ष मिश्रा, दीपक शुक्ला, मनीष मिश्रा, प्रमोद सिंह, देवेश मिश्रा, प्रशांत शेखर सिंह, मानस मिश्रा, ममता तिवारी, बृजेश तिवारी, सुरेश कनौजिया,शिवांश् दीक्षित और खूशी सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

डोर फाउंडेशन संस्थापक सुधांशु मिश्रा द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया गया।

## पिकअप ने बाइक सवार पिता पुत्र को मारी टक्कर, दोनों गंभीर रूप से घायल

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** जनपद बहराइच के कतर्नियाघाट वन क्षेत्र अंतर्गत बिछिया–मिहीपुरवा एच730 सड़क मार्ग पर रविवार की देर शाम को निशानगाड़ा के निकट घने जंगल में एक पिकअप ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी घटना में बाइकसवार दो व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए।

जनपद के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सुजौली के टिलवा गांव निवासी अंकित 26 अपने पिता 50 वर्षीय अखिलेश की दवा लेकर मोटरसाइकिल से सवार होकर मिहीपुरवा से लौट रहा था तभी निशानगाड़ा से एक किलोमीटर की दूरी पर तिगड़ा चौकी नामक स्थान के पास बिछिया से मिहीपुरवा की तरफ जा रही एक अज्ञात पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी घटना के बाद पिकअप मौके से फरार हो गया जबकि पिता पुत्र बाइक सहित दूर जा गिरे। हादसे में दोनों का पैर फैक्चर हो गया सिर और शरीर के कई अंगों में भी गंभीर चोटें आई हैं हादसा इतना दर्दनाक था कि दोनों के पैर की हड्डी और मांस के टुकड़े सड़क पर बिखरे नज़र आए। दोनों सड़क पर ही लेटे दर्द से तड़प रहे थे इस बीच खबर बिछिया बाजार पहुंची तो बिछिया निवासी जबीर अंसारी, समाजसेवी जंग हिंदुस्तानी, फहीम अंसारी आदि।

# पुलिस व एसएसबी ने नेपाल सीमा पर पकड़ी डेढ़ करोड़ की अवैध चरस, एक गिरफ्तार

- अभियुक्त के कब्जे से पल्सर बाइक तथा मोबाइल फोन भी बरामद हुआ

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

पुलिस तथा सब के संयुक्त प्रयास से नेपाल सीमा पर एक युवक के कब्जे से लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की अवैध चरस बरामद की गई है। अभियुक्त की कब्जे से एक पल्सर बाइक तथा मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। यह जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने पुलिस लाइन के सभागार में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर सतर्कता से गश्त व चेकिंग के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह व प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा दद्दन सिंह के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी 42वीं बटालियन के डिप्टी दिलीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी टीम ने संयुक्त रुप से सीमा सुरक्षा के दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहन की सघन चेकिंग की जा रही थी कि एक व्यक्ति नेपाल की तरफ से पल्सर मोटरसाइकिल रंग लाल काला से आता दिखाई दिया। जिसे दबिश देकर पकड़ लिया गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम ज्ञान मान हरिजन पुत्र राम बहोरी हरिजन निवासी जानकी ग्राम पालिका वार्ड नं0 05, बेलभार जिला बांके राष्ट्र नेपाल बताया।

नियमानुसार व्यक्ति व बोरी की तलाशी ली गयी तो जामा तलाशी से 01 अदद मोबाइल फोन व बोरी में 12 पैकेट जो प्लास्टिक की पन्नी से लिपटे हुये थे जो काले रंग का पदार्थ है जिसे मौके पर डॉग हैण्डलर से डॉग द्वारा चेक कराया गया तो डॉग हैण्डलर द्वारा बताया गया कि यह पदार्थ चरस है।

जिसे बाजार से इलेक्ट्रनिक बाट मंगा कर वजन किया गया तो पन्नी के साथ कुल वजन 5 किलो 978 ग्राम चरस नशीला पदार्थ होना पाया गया। पकड़ी गयी चरस व मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर उसने गोल-गोल जवाब दिया।

ऐसे में नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुये पकड़े गये व्यक्ति को अन्तर्गत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का दण्डनीय अपराध होने का बोध कराते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी नानापारा प्रद्युम्न सिंह प्रभारी निरीक्षक ददन सिंह, एसआई विजय कुमार, हेड कांस्टेबल अभिषेकधर द्विवेदी एसएसबी के डिप्टी कमान्डेंट दिलीप कुमार, असिस्टेन्ट कमान्डेंट सुनील कुमार शान्ती, एएसआई विप्लव कुमार घोष, हेड कांस्टेबल मोहित कुमार, कांस्टेबल आर.वाला राजू, विश्वजीत कुमार, दीपा कलिता, सविता गोर तथा कल्पना वेन डाग हैण्डलर व डाग मारिया शामिल रहे।

## पुलिस ने 04 बाल श्रमिकों का किया सुरक्षित रेस्क्यू

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** बाल श्रम के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत सोमवार को पुलिस ने चार बाल श्रमिकों का रिस्क कराया। रेस्क्यू टीम ने व्यापरिक प्रतिष्ठान के प्रबंधकों तथा मालिकों से अपेक्षा की है कि वह बालकों को श्रमिक के रूप में अपने प्रतिष्ठान में न रखें। ऐसा करने पर उनके विरुद्ध विधि कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने बताया कि नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी के निर्देशन में थाना दरगाह शरीफ क्षेत्र अंतर्गत श्रम प्रवर्तन अधिकारी सूरज तिवारी, चाइल्ड लाइन व एनजीओ देहात इण्डिया से समन्वय बनाकर थाना एएचटी द्वारा मानव तस्करी से बालकों एवं किशोर श्रमिकों के अखिल भारतीय स्तर पर बचाव पुनर्वास अभियान मिशन शक्ति फेज 05 चलाए जाने के संदर्भ में, बालश्रम/भिक्षावृत्ति अभियान व बचपन बचाओ आन्दोलन के अंतर्गत दुकानों, होटलों, मिष्ठान भण्डारों आदि में बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू अभियान के अंतर्गत एक बाल श्रमिक को छावनी चौराहा से, एक बाल श्रमिक को दरगाह शरीफ पूर्वी (घोसियाना) तथा दो बाल श्रमिकों को भिनगा रोड से कुल 04 बाल श्रमिकों को दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया तथा नियोक्ताओं के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गयी। सभी 04 बाल श्रमिकों के माता–पिता से भविष्य में बच्चों से श्रम न करवाने की हिदायत दी गई। थाना एएचटी टीम द्वारा सभी सेवायोजकों को भविष्य में बाल श्रम न कराने की हिदायत दी गई।

# विधर्मियों द्वारा की गई गौ हत्या, खेत में मिले अवशेष

- ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि यहां इससे पहले भी कई गौ हत्याएं हुई है

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

थाना मितौली के अंतर्गत ग्राम कस्ता के पश्चिम नहर के उत्तर गन्ने के खेत में गौ वंश का अवशेष मिले खबर धीरे आग की तरह फैल गई भारतीय हिन्दू परिषद के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्र प्रहरी पवनेश जी महाराज को सूचना मिली मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए अपने दल बल साथ पहुंचे और थाना मितौली को जानकारी दी गई जिसके बाद थाना इंस्पेक्टर मितौली मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि ये कल की घटना है मगर जब आज किसान अपने खेत पहुंचा तो उसे वहां मरे हुए गौ वंशों के अवशेष दिखे ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि यहां इससे पहले भी कई गौ हत्याएं हुई है भारतीय हिन्दू परिषद के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रप्रहरी पवनेश जी महाराज मौके पर पहुंच कर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करा के कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है बाद में गौ वंश के अवशेषों का अंतिम संस्कार कराया और बताया अगर जल्द से जल्द कोई कार्यवाही नहीं होती है तो भारतीय हिन्दू परिषद एक बड़ा आंदोलन करेगा इस मौके पर कमल मिश्र प्रदेश प्रचारक, अभिचल मिश्रा, रुपेश कुमार मिश्र समाजसेवी प्रदेश मीडिया प्रभारी विश्व सनातन आर्मी व भारतीय हिन्दू परिषद के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## चोरी गया पंपिंग सेट बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** थाना राम गांव की पुलिस ने चोरी गया पंपिंग सेट बरामद कर लिया है। इस मामले में एक अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व से वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दिये गये दिशा निर्देश के अनुपालन में थानाध्यक्ष आलोक सिंह के नेतृत्व में एस आई मैनेजर सिंह, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र मोदनवाल तथा अमरजीत को अभियुक्त मुफीद पुत्र अहमद निवासी जुलाहन मड़ई दाखिला नरहरगोड़ा थाना रामगांव जनपद बहराइच को मुखबिर खास की सूचना पर समय करीब 07.05 बजे हिरासत में लिया गया तथा अभियुक्त की निशानदेही पर दिनांक 26/27 को रात में मेटुकहा निवासी मनोज पुत्र सकटू के खेत से चोरी कर लिया गए पंपिंग सेट को बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपनी गलती की माफी मांगते हुए बताया कि दिनांक 26/27 की रात में उक्त पम्पिंग सेट को वह मेटुकहा से चोरी करके खेत सिचाई के लिए ले गया था। उसी दौरान जानकारी हुई कि कुछ लोग पम्पिंग सेट को खोज रहे हैं। इसलिए उन्होंने उस पंपिंग सेट को गांव के बाहर पेड़ की आड़ में पुआल में छिपाकर खड़ा कर दिया था। इस सम्बन्ध में थाना राम गांव में मु0अ0सं0 600/2024 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। जिसमे बरामदगी के आधार पर धारा 317 (2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है।

## देश तो आजाद हुआ किन्तु सांस्कृतिक परतंत्रता अभी भी कायम

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** देश आजाद तो हुआ किन्तु सांस्कृतिक परतंत्रता ने हमें अभी तक मुक्त नहीं किया है। पाश्चात्य जीवन शैली पर आधारित प्रारंभिक शिक्षा ने हमारी विगत और वर्तमान दोनों पीढ़ियों को उनके उत्कृष्ट विरासत से दूर कर दिया है। आज परिवार टूट चुके हैं। माँ–बाप अपने छोटे से बच्चे को किसी बेबी सिटर संस्था में छोड़ कर चले जाते हैं। बच्चा माँ माँ चिल्लाता है। वही बच्चा जब बड़ा हो जाता है तब वह भी अपने मां–बाप को वृद्धा आश्रम में छोड़कर चल देता है। हमारी परंपरा कुटुंब की रही है एकल परिवार की नहीं। इस विषय के प्रति जन–जागरण हेतु सोमवार को अखिल भारतीय साहित्य परिषद, बहराइच के तत्वावधान में एक काव्य व विचार गोष्ठी राम जानकी मंदिर, छावनी बाजार बहराइच में आयोजित हुई। सभा ने बांग्लादेश में हिन्दू उत्पीड़न का विरोध प्रदर्शन किया। परिवार की आवश्यकता विषय पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की कहानी प्रतियोगिता में योगदान हेतु छात्रों एवं साहित्यकारों को प्रोत्साहित किया गया।

जनपद के प्रसिद्ध कवि राम संवारे द्विवेदी चातक द्वारा रचित पन्द्रहवाँ खण्डकाव्य त्रिशंकु लोक का विमोचन किया गया।

जनपद के गौरव राधा कृष्ण शुक्ल पथिक, परिषद् के अध्यक्ष राधाकृष्ण पाठक, गुलाब चन्द्र जायसवाल, नरेंद्र कुमार मिश्र, महामंत्री रमेश चन्द्र तिवारी, गयाप्रसाद मिश्र मधुकर, श्रवण कुमार द्विवेदी, अयोध्या प्रसाद शर्मा नवीन, राजकिशोर पांडेय राही, राम सूरत वर्मा जलज, मनोज शर्मा, लखनऊ से कमल नारायण अग्रवाल, राजेश आत्मज्ञानी, शिव कुमार अग्रवाल, विमलेश जायसवाल विमल, आर. पंडित मशरिकी, विद्याविलास पाठक, विनोद कुमार पांडेय विनोद, राकेश रस्तोगी विवेकी, छोटे लाल गुप्त, सुनील सिंह, ओम प्रकाश यादव बहराइची, बुद्धि सागर पांडेय, राम कुमार शर्मा, धनञ्जय शर्मा, राम गोपाल चौधरी, रॉकी श्रीवास्तव, साधू श्रीवास्तव, आदित्य शर्मा, आदि कवि, समाज सेवक, विचारक सहित श्रोता प्रेमियों ने इस कार्यक्रम में काव्य पाठ अथवा वक्तव्य से सहयोग प्रदान किया।

# गीता प्रेस से एक करोड़ धार्मिक पुस्तकें खरीदेगा अदाणी ग्रुप

## महाकुंभ में बांटने के लिए 'आरती संग्रह' के लिए दिया ऑर्डर

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में अदाणी ग्रुप ने प्रयागराज कुंभ मेले 2025 के लिए गीता प्रेस की श्आरती संग्रहश् पुस्तक की एक करोड़ प्रतियां छपवाने का प्रस्ताव दिया है। ग्रुप ने इन पुस्तकों के पिछले पृष्ठ पर गौतम अदाणी का संदेश और उनकी फोटो प्रकाशित करने की इच्छा जताई है। हालांकि, गीता प्रेस की परंपराएं और व्यस्त शेड्यूल इस प्रस्ताव को लेकर चुनौती बने हुए हैं।



### 100 वर्षों की परंपरा में बाधा

गीता प्रेस की पुस्तकों में विज्ञापन या किसी व्यक्ति का संदेश प्रकाशित नहीं किया जाता। यह परंपरा महात्मा गांधी के सुझाव पर शुरू हुई थी। प्रेस के ट्रस्टी देवी दयाल अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि किसी भी पुस्तक में व्यक्ति की फोटो लगाना उनके सिद्धांतों के खिलाफहै।

### विस्तार की योजना लंबित

गीता प्रेस ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में 20 एकड़ जमीन की मांग की है। इसके लिए 72 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। गीता प्रेस ने सरकार से यह जमीन चौरिटी संस्थान के लिए तय दर पर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। ट्रस्टी देवी दयाल अग्रवाल ने बताया की अदाणी ग्रुप का प्रस्ताव सिर्फव्यावसायिक नहीं, बल्कि नैतिक और परंपरागत मुद्दों से जुड़ा है। गीता प्रेस के सिद्धांतों के अनुसार किसी भी पुस्तक में व्यक्ति की फोटो प्रकाशित नहीं हो सकती। इस पर जल्द निर्णय लिया जाएगा।

### एक करोड़ प्रतियों की छपाई मुश्किल

श्आरती संग्रहश् की एक करोड़ प्रतियां छापने के लिए गीता प्रेस को अपने नियमित प्रकाशन रोकने होंगे। वर्तमान में, गीता प्रेस हर साल लगभग तीन करोड़ धार्मिक पुस्तकें छापता है। प्रबंधन अब इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है कि क्या सीमित संख्या में यह कार्य संभव है।

### महाकुंभ की तैयारी में गीता प्रेस

गीता प्रेस खुद भी महाकुंभ के लिए तैयारी कर रहा है। चार प्रमुख स्थानों पर स्टॉल लगाकर वह अपनी धार्मिक पुस्तकों का वितरण करेगा। इसके साथ ही, उसकी प्रमुख पत्रिका श्कल्याणश् का विशेष पर्यावरण अंक भी लाखों की संख्या में प्रकाशित किया जाएगा।

## भाजपा मंडल अध्यक्षों की सूची घोषित, जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी ने सभी अटकलों पर विराम लगते हुए संगठन के जिला निर्वाचन अधिकारी बालेंदु मणि त्रिपाठी ने शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार सोमवार को जनपद के 28 मंडलों में से 21 मंडलों के अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों की घोषणा कर दी । वहीं देवरिया विधानसभा के देहात मंडल, गौरी बाजार मंडल, रुद्रपुर विधानसभा के नगर मंडल, रुद्रपुर देहात, रामलक्षन मंडल, सलेमपुर विधानसभा के लार मंडल, भाटपार रानी विधानसभा के घांटी मंडल के नामों की घोषणा अभी नहीं की गई है । भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों को बधाई दी । सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों को सदर सांसद शशांक मणि, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, एम एल सी डाक्टर रतनपाल सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, सदर विधायक डाक्टर शलभ मणि त्रिपाठी, जयप्रकाश निषाद, सुरेंद्र चौरसिया, दीपक मिश्रा शाका, सभाकुंवर कुशवाहा, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी, नपा अध्यक्ष अलका सिंह सहित सभी कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

# अधिवक्ता व भाजपा नेता ने की कोटेदार की शिकायत, की जांच की मांग

**जन एक्सप्रेस । महाराजगंज**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सीनियर एडवोकेट अरविंद साहनी ने पिछले दिनों जिला अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी महाराजगंज को एक लिखित शिकायत ग्राम कुसमा ब्लाक परतावल बाजार के कोटेदार धर्मेंद्र कुमार के खिलाफ देते हुए जांच की मांग किया। उन्होंने बताया कि वह वर्तमान में लगभग 35 सालों से मध्य प्रदेश सहित उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है और अभी दीपावली की छुट्टियों के दौरान जब मूल गाँव आए तो बहुत सारे ग्रामीणों ने बताया की वर्तमान कोटेदार जिनके पिता की मृत्यु 2 साल पहले हो चुकी है जो कि असली कोटेदार थे उनकी जगह पुत्र धर्मेंद्र कुमार ने वैधानिक प्रक्रिया का पालन नहीं करते हुए अधिकारियों से मिलकर इस पद पर अपनी नियुक्ति करा ली है। इसके साथ वह बहुजन पार्टी के लंबे समय से कार्यकर्ता है । कोटेदार द्वारा आम गरीबों को पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री नहीं दी जाती है और जनता उनके खिलाफ कई बार



लामबंद भी हो चुकी है। वर्तमान प्रधान और ग्रामीणों ने कई बार जिलाधिकारी से शिकायत कर इसकी जांच की मांग किया है। किंतु अधिकारियों की कृपा से उनका भ्रष्टाचार चल रहा हैद्य पूरा राशन न देते हुए आम और सीधे-साधे भोले ग्रामीणों को यह कहते हैं कि मोदी और योगी सरकार हमें पूरा राशन नहीं देती हैं तो मैं कहां से दूं और लोगों से कहते हैं कि तुम लोग भाजपा को वोट दोगे तो यही हाल होगा। लगभग तीन गांव में उनके ही द्वारा राशन का वितरण किया जाता है और हर गांव में उन्होंने गोदाम बनाकर रखा है जहां पर छापा मार कर देखा जाए तो वहां वितरण से ज्यादा भंडारण अनाज मिलेगा। अभी कुछ दिनों पहले गांव की तमाम महिलाएं जिलाधिकारी के यहां भी शिकायत कर चुकी हैं किंतु कोई जांच नहीं हुई वहीं अधिवक्ता साहनी ने खुद जाकर लिखित शिकायत डीएम महराजगंज को देकर जांच की मांग की है उसके साथ उन्होंने खाद्य मंत्री और माननीय मुख्यमंत्री जी को भी शिकायती पत्र भेजा है, इसके अलावा उन्होंने वर्तमान स्थानीय विधायक ज्ञानेंद्र सिंह से भी मिलकर पूरी बात को अवगत कराया है कि ऐसे व्यक्ति जो कि लोगों का राशन डकार रहे हैं और उसका आरोप भाजपा और योगी सरकार पर लगा रहे हैं उनके खिलाफ जांच कर इन्हें हटाया जाए और उनकी जगह सही तरीके से आम ग्रामीणों के राय पर सही और ईमानदार कोटेदार को दिया जाए । साहनी ने कहा कि वह जल्द ही इस मुद्दे पर लखनऊ में जाकर मुख्यमंत्री जी से मिलकर भी इनकी शिकायत करेंगे अब देखना है कि जिलाधिकारी इस की जांच कराते हैं या नहीं या फिर कोटेदार अधिकारियों की कृपा और भ्रष्टाचार के दम पर इस पद पर बने रहेंगे। अब तो आने वाला कल ही बताएगा कि ऐसे भ्रष्ट कोटेदार को पर कब तक प्रशासन कार्यवाही करता है।

# महेंद्र शर्मा को तुर्कपट्टी मंडल अध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

फाजिलनगर विधानसभा के ग्राम सभा रावतपार के रहने वाले तुर्कपट्टी मंडल के महेंद्र शर्मा को मनोनीत किया है इस मनोनित पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। भारतीय जनता पार्टी आगामी चुनाव को सुचारू रूप से क्रियान्वन करने के लिए निष्ठावान कार्यकर्ताओं को मंडल लगता अध्यक्ष बनाया है ताकि आने वाले चुनाव में पार्टी अच्छा प्रदर्शन कर सके मालूम हो कि महेंद्र शर्मा विद्यार्थी जीवन से राजनीतिक में सक्रिय रहे लोक गायन में भी सक्रिय रहे इनके लगन और मेहनत को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है एक बातचीत के दौरान नवनिर्वाचित भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि मैं पार्टी के मजबूती के लिए कार्य कर्ता रहूंगा जिस उद्देश्य से पार्टी ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी सौंप है उसे पर हर ऋष्टा



खड़ा उतारने का प्रयास करता रहूंगा आगे कहां की कार्यकर्ताओं के समान के लिए सदैव संघर्षरत रहेंगे पार्टी में कोई बड़ा या छोटा नहीं होता है पार्टी हमारा परिवार है तो वही वही तुर्कपट्टी से महेंद्र शर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्रीय सांसद देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा जिला अध्यक्ष श्री दुर्गेश राय भाजपा नेता प्रमोद पांडे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सत्येंद्र पांडे देवेंद्र पप्पू राय विद्याधर ओझा राजेश तिवारी दीपक राजेश्वर सिंह महामंत्री नवनिर्वाचित लल्लन कुशवाहा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री शैलेंद्र कुमार तिवारी तुर्कपट्टी बसडिला पांडे पर स्वागत किया व वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## देवरिया पुलिस ने चलाया ऑपरेशन वज्र, किया वारंटियों को गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दीपेन्द्रनाथ चौधरी व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों की रोकथाम हेतु'ऑपरेशन वज्र अभियान के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा वांछित, पुरस्कार घोषित, वारंटियों की गिरफ्तारी। पुलिस द्वारा भगोड़ा, वांछित, पुरस्कार घोषित वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए 28.दिसंबर.2024 से 30 दिसंबर.2024 तक जनपद में अभियान चलाया गया । अभियान के क्रम में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थानों से गिरफ्तारी की टीमें बनाकर थाना क्षेत्र में वारण्टियों, वांछित अपराधियों के ठिकानों पर दबिश देते हुए जनपद के कुल 81 वारण्टी व 17 वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की है।

# बिना परमिट व फिटनेस परमिट के फर्राटा भर रहे स्कूली वाहन

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जनपद खड्डा तहसील क्षेत्र के स्कूलों में बच्चों को लाने-लेजाने के लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से लगाए गए वाहनों के फिटनेस परमिट नहीं हैं। फिर भी यह सड़क पर बेखौफहोकर फर्राटा भर रहे हैं। इनको चलाने वाले कई ड्राइवरों के पास लाइसेंस भी नहीं है। मगर वह बिना लाइसेंस के ही तीन और चार पहिया वाहन चला रहे हैं। स्कूली वाहनों से हादसे होते हैं तो जांच और जागरूकता की बात तो होती है। लेकिन, इस पार काम सिर्फ कागजों में ही होता है। खड्डा क्षेत्र में बिना फिटनेस, परमिट के यह स्कूली वाहन बच्चों की जान जोखिम में डालकर सड़कों पर दौड़ लगा रहे हैं,लेकिन, कार्रवाई तो दूर अब तक इन पर लगाम कसने के लिए विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। परिवहन विभाग सिर्फ वाहन संचालकों प्रबंधकों को नोटिस भेजकर कार्रवाई का कोरम पूरा कर ले रहा है।क्षेत्र के अनेकों स्कूली वाहन बच्चों को घर से स्कूल लाने




और वापस पहुंचाने के कार्य में लगे हैं। स्कूल के अधीन चलने वाले वाहनों के एवज में स्कूल प्रबंधन अभिभावकों से मनमानी फीस भी वसूल करता है। लेकिन, वाहन फिट हैं या नहीं, वाहन के अंदर अग्निशमन यंत्र व फर्स्ट एड बॉक्स है या नहीं, इसे देखने की जहमत कोई नहीं करता। इनकी जांच के लिए विभाग जरूर है, लेकिन उनकी जांच-पड़ताल सिर्फ अभियान के दिनों में ही होती है। वाहन ही फिट नहीं तो इसमें बैठने वाले बच्चे कितने सुरक्षित होंगे, इसको आसानी से समझा जा सकता है। यही नहीं बोलेरो, जीप, टेंपो जैसी कुछ प्राइवेट गाड़ियां जो पुरानी हैं और इनका चलन धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है। वह भी इन स्कूलों में धड़ल्ले से बच्चों को लाने-लेजाने के लिए इस्तेमाल की जा रहीं हैं। कुछ तो ऐसे वाहन संचालित हो रहे हैं जिनका नंबर प्लेट भी नहीं है। अगर विभाग द्वारा तत्काल इन खटारा गाड़ियों का संचालन बंद नहीं कराया गया तो भविष्य में दुदही जैसी घटना की पुनरावृत्ति होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# सड़क अतिक्रमण को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन



**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जटहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कंठीछपरा में खलियान की जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन किया प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि यह सरकारी खलियान की भूमि है जिस पर गांव में आने जाने का वही मेन मार्ग है। जिसमें गांव के ही मुन्ना प्रसाद व पिंटू प्रसाद ने ग्राम प्रधान और हल्का लेखपाल से मिलकर अतिक्रमण किया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि इसके संबंध में हम लोगों ने सदर एसडीएम पडरौना को लिखित शिकायत किया मगर उस आवेदन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई और ना ही निर्माण कार्य रुका है इसी को लेकर आज ग्रामीणों ने गांव में इकट्ठा होकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इस दौरान में नागेंद्र कुशवाहा, अवधेश कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, भगवत कुशवाहा, महात्मा कुशवाहा, लक्ष्मी कुशवाहा, हरेंद्र कुशवाहा, सुदामा कुशवाहा, नवल किशोर कुशवाहा, बिकाऊ गिरी, सुदामा कुशवाहा, दुखी दिनेश, पप्पू कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

# निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार रथयात्रा आज पहुंचेगी देवरिया

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल ÷निषाद पार्टी÷ के तत्वावधान में निकली जा रही ÷संवैधानिक अधिकार रथयात्रा÷32 वें दिन मंगलवार को निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉक्टर संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में जनपद कुशीनगर से यात्रा देवरिया जिले प्रवेश करेगी।
यात्रा के संबंध में कैबिनेट मंत्री के नीजी सचिव कि राहुल यादव ने बताया यात्रा का प्रारंभ जनपद सहारनपुर के माँ शाहकुंभरी देवी शक्तिदेवी पीठ से 30 नवंबर 2024 को हुआ था। उत्तर प्रदेश राज्य की 200 विधानसभा (निषाद बाहुल्य विधानसभा) होते हुए दिल्ली में समापन किया जाएगा।
'31 दिसंबर की यात्रा का रूट मैप' जनपद में कैबिनेट मंत्री डाक्टर निषाद यात्रा के दौरान देवरिया निरीक्षण भवन से बैतालपुर के सिरजम चौराहा होते हुए भगुआ से लंगड़ी चौराहा व गौरी बाजार चौक से इन्दुपुर चौराहा व कटाई चौराहा होते हुए अवधपुर में जनसभा करेंगे तथा राम लक्षण चौराहा से लक्ष्मीपुर चौराहा , पिपरा चौराहा , छपोली , रूद्रपुर , फतेहपुर ,तिवई सरौरा , कतरारी चौराहा होते हुए सोनुघाट , खुखूँदू चौराहा से होते हुए मइल चौराहा व भागलपुर में जनसभा करेंगे। भागलपुर से ही जनपद बलिया के लिए प्रस्थान करेंगे।
कैबिनेट मंत्री डाक्टर निषाद एनआईसी देवरिया से मंगलवार को को प्रातः 10रू00 बजे मत्स्य विभाग की प्रादेशिक समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। बैठक में मत्स्य विभाग के प्रमुख सचिव, महानिदेशक, निदेशक एवं प्रदेश के 18 मण्डल के सभी उपनिदेशक जुड़ेंगे तत्पश्चात् यात्रा की शुरुआत करेंगे।

# भाजपा नेता ने मां सरयू महोत्सव की तैयारी का लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर**

मां सरयू महोत्सव दीपदान व महाआरती आयोजन 1 जनवरी 2025 को आयोजित होगा।जिसको मद्देनजर रखते हुए सभासद प्रतिनिधि व भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने सोमवार को उपनगर गोला स्थित पक्का घाट और भगवान रसिक बिहारी मंदिर परिसर पर साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।और कोई भी अव्यवस्था रही तो नगर पंचायत कार्यालय गोला से करवाने का आश्वासन दिया। श्री कसौधन ने नगर पंचायत गोला के पक्का घाट पहुंचे और वहा पर मां सरयू महोत्सव 2025 के लिए चल रहे साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं को देखा।व्यवस्थाओं में कोई कमी पड़ने पर जल्द से जल्द उसे नगर पंचायत




कार्यालय के कर्मचारियों से कराने का भरोसा दिलाया। और इस मौके पर श्री कसौधन ने बताया कि मां सरयू महोत्सव दीपदान व महाआरती पर श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो इसका हमारे तरफ से भी पूरा प्रयास किया जा रहा है।इस दौरान सभासद प्रतिनिधि डॉक्टर राजेश जायसवाल पुर्व सभासद इमरान अंसारी रिंकू चौधरी संजय मद्धेशिया अक्षैबर जायसवाल ऋषिकेश साहनी संदीप मद्धेशिया सुदर्शन कसौधन विरेन्द्र मालाकार पप्पू कसौधन जगदीश निगम अनिल कुमार तेरस प्रसाद पिंटू अग्रवाल अर्जुन सोनकर सहित अधिक संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जिला औद्यानिक मिशन के तहत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिला औद्यानिक मिशन योजनान्तर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को ग्राम सौरहा बुजुर्ग टोला जवरही विकास खण्ड-नेबुआ नौरगिया में आयोजित किया गया। यहा पर खरीफ प्याज का वितरण एनएचआरडीएफ संस्था से प्राप्त बीज प्रजाति एल0-833 उद्यान विभाग के माध्यम से कृषकों को वितरित किया गया था। कृषक सिकन्दर गुप्ता पुत्र दीनानाथ गुप्ता एवं जिआउल हक पुत्र जहीर, के प्रक्षेत्र पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें किसान द्वारा एल0-833 प्रजाति के प्याज को खेत में दिखाया गया, जिसका विकास एवं वृद्धि काफी अच्छा है और किसान द्वारा बताया गया कि लगभग प्रति हेक्टेयर 350 कुन्तल उत्पादन होने की सम्भावना है। एनएचआरडीएफ से उपस्थित केन्द्र प्रभारी विनोद कुमार सिंह द्वारा प्याज के प्रजाति की विशेषताए एवं इसमें होने वाली बीमारियों स्टेम्फिलियम एवं थ्रिप्स के बारे में उपस्थित कृषकों को जानकारी दिया गया एवं उनके उपचार के लिए केन्द्र प्रभारी द्वारा कैप्टान 2.5 एम0एल0 प्रति लीटर दवा के बारे में जानकारी दी गयी एवं थ्रिप्स बीमारी के लिए जम्प दवा का 1 एमएल प्रति लीटर पानी में छिड़काव करने का सलाह दिया गया। उद्यान विभाग से उपस्थित विपिन उपाध्याय सहायक उद्यान निरीक्षक द्वारा विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में उद्यान सहायक मोहन प्रसाद, राजकिशोर तिवारी, कृषक काशी, प्रभु, हरिहर शारदा, रामाश्रय, भगवान, प्रमोद, वीरेन्द्र, श्रीमती किशोरी देवी, ष्जय किशुन, राजेश, केदारी, जोगेन्द्र हस्नदार, सरदार अली एवं केदार लगभग 30 प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

## गोरखपुर में आने वाले तीन दिनों में 5एब् तक गिरेगा तापमान, बढ़ेगी सर्दी

# 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चल रही हवा

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में सर्दियों ने पूरी तरह से दस्तक दे दी है और मौसम विभाग के अनुसार ठंड का असर अगले कुछ दिनों में और तेज हो सकता है। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 26एब् रिकॉर्ड किया गया, लेकिन आने वाले तीन दिनों में तापमान 5एब् तक गिरने की संभावना है। इसके साथ ही, तेज हवाओं की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने के कारण ठंड का असर और बढ़ेगा। सर्दी और कोहरे के कारण सड़क पर यात्रा करना और भी मुश्किल हो सकता है। सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा, जिससे वाहन चालकों को अपनी गाड़ी की लाइट



जलाकर यात्रा करनी पड़ी। विसिबिलिटी में कमी के कारण यातायात प्रभावित हुआ।
मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, आने वाले दिनों में भी सुबह और रात को कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है, जिससे सड़क सुरक्षा को लेकर खास सतर्कता बरतने की जरूरत होगी।
मौसम का यह बदलाव बच्चों और बुजुर्गों के लिए जोखिम बढ़ा सकता है। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि ठंडी हवाओं से बचने के लिए घर से बाहर कम निकलें, विशेष रूप से सुबह और रात के समय। इसके अलावा, गर्म कपड़ों का पहनना और संतुलित आहार पर ध्यान देना जरूरी है ताकि शरीर को सर्दी से बचाया जा सके।

# सफेद बालू के काले धंधे ने ले ली मजदूर की जान

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जनपद के हनुमानगंज थाना अंतर्गत नारायणी नदी से अवैध बालू का खनन जोरों पर है बीते देर रात अवैध बालू खनन कर भाग रहे ट्रैक्टर ट्राली से पनियहवा चौराहे पर कुचलकर मजदूर की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नायब तहसीलदार खड्डा अभिषेक सिंह बालू खनन की सूचना पर छापेमारी करने गए हुए थे उनकी सरकारी गाड़ी को देखकर ट्रैक्टर चालक असहज हो गया तथा आनन-फानन में भागते हुए ट्रैक्टर को अचानक मोड़ दिया जिससे अनियंत्रित होकर ट्राली पलटने से तो बच गई लेकिन उस पर सवार तीन मजदूर नीचे गिर गए एक मजदूर ट्रॉली के नीचे आ गया जिसकी



कुचलने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो मजदूर घायल हो गए। घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र तुरकहा ले जाया गया जहां स्थिति नाजुक होने के कारण मेडिकल कॉलेज कुशीनगर रेफर कर दिया गया।
ट्राली पर सवार पथलेश्वरनाथ गांव के मजदूर भीम निषाद(20वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि महेंद्र पुत्र छेदी व मुरारी पुत्र ध्रुव गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर पनियहवा मार्ग पर ढाई घंटे तक शव रखकर जाम लगा दिया। तहसीलदार ने मुआवजे का आश्वासन देकर जाम को खुलवाया।

# महाराजा बीपी सिंह ऑल इंडिया हॉकी टूर्नामेंट का समापन, गाजीपुर की टीम हुई विजयी

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज हॉकी मैदान पर 26 दिसंबर से खेले जा रहे पांच दिवसीय महाराजा सर बीपी सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का समापन सोमवार को फाइनल मुकाबले के साथ हो गया । फाइनल मैच में श्री मेघबरन सिंह हॉकी एकेडमी करमपुर गाजीपुर तथा नागपुर एकेडमी नागपुर के बीच खेला गया । गाजीपुर की टीम ने 3-1 से जीत दर्ज कर विजई ट्रॉफी अपने नाम किया।

जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर को महाराजा कर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइस मनी हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का शुभारंभ जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, प्रबंध समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता, प्राचार्य व टूर्नामेंट सचिव प्रो0 जे पी पाण्डेय, व आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन, डॉ आलोक शुक्ल व ऋषि रंजन पाण्डेय के साथ साथ न्यू ग्रीन सिटी के सीईओ अनवार अहमद व वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया । गाजीपुर ने नागपुर को 3-1 से पराजित करके सर बी पी सिंह अखिल भारतीय प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट कप पर कब्जा जमाया। गाजीपुर को विनर कप के साथ 75 हज़ार रुपये तथा नागपुर को रनर कप के साथ 51 हज़ार रुपये की प्राइजमनी प्रदान किया गया। बेस्ट स्कोरर का अवार्ड गाजीपुर के जर्सी नम्बर 05 नीरज यादव को, मैन ऑफ द मैच का अवार्ड गाजीपुर के जर्सी नम्बर 17 राहुल राजभर को तथा प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड नागपुर के जर्सी नम्बर 01 पीयूष सत्याकर को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉक्टर देवेंद्र कुमार चौहान ने किया । समापन समारोह में मैच शुरू होने से पूर्व एमएलके पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । समापन अवसर पर टूर्नामेंट से जुड़े समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता व प्राध्यापक, प्राध्यापिकाओं तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सम्मानित किया गया । टूर्नामेंट के दौरान निदान हॉस्पिटल के निर्देशक शरद सिंह, पायनियर पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर एमपी तिवारी, कुलानुशासक प्रोफेसर राघवेंद्र सिंह, प्रोफेसर पीके सिंह, पूर्व वनस्पति विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉक्टर जेपी तिवारी, डॉ सदगुरु प्रकाश, कामर्स के विभाग अध्यक्ष केपी मिश्रा, वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉक्टर मोहम्मद अकमल, डॉक्टर राजन प्रताप सिंह, प्रोफेसर श्रीप्रकाश मिश्र, डॉक्टर श्रीकृष्ण त्रिपाठी, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ सुनील शुक्ला, डॉ बंदना सिंह, डॉ शिव महेंद्र सिंह, डॉ दिनेश मौर्य, डॉ अनामिका सिंह, डॉ मणिका मिश्रा, डॉ आजाद प्रताप सिंह, डॉ रेखा रेखा विश्वकर्मा, प्रोफेसर मोहिनुद्दीन अंसारी, पूर्व प्राचार्य डॉ राम बक्स श्रीवास्तव, डॉ जितेंद्र भट्ट, राहुल कुमार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शाबान अली, प्रद्युमन सिंह, मोनू सिंह कलहंस व गायत्री विद्यापीठ पीजी कॉलेज रिसिया बहराइच के मुकेश चंद्र श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक प्राध्यापिकाएं तथा बड़ी संख्यां में खेल प्रेमी दर्शक मौजूद थे।

# हाजी असरार अहमद खान पब्लिक स्कूल स्पोर्ट एक्टिविटी का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




हाजी असरार अहमद खान पब्लिक स्कूल कि तरफ से रह्मुल्लह खान मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगता का आयोजन 28 से 30 दिसम्बर 2024 को किया गया इस प्रतियोगिता में हाजी असरार अहमद खान पब्लिक स्कूल के ही चार टीमों ने प्रतिभाग किया था जिसमें हाजी असरार वारियर्स ,हाजी असरार टाइटन हाजी असरार सुपर जायंट्स और किंग्स इलेवन हाजी असरार की टीम ने हिस्सा लिया , जिसके फाइनल में हाजी असरार वॉरियर्स और हाजी असरार सुपर जायंट्स की टीम पहुंची हाजी असरार वारियर्स की टीम ने क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच जीता और सुपर जायंट्स की टीम रनर अप रही और इसी तरीके से खुश्नैन मेमोरियल बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन बालिकाओं के लिए किया गया जिसमें 6 टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें विजेता अफनान और आरजू की टीम रही और उपविजेता नेहा गुप्ता और अंशिका चौहान कि टीम रही. क्रिक्केट में सबसे बेहतरीन खिलाडी का ख़िताब मोहित मौर्या को मिला. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रबंधक हाजी असरार अहमद खान व प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश वर्मा जी का अहम योगदान रहा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विपिन कुमार, मनीष सिंह, तौफीक अहमद, एजाजुद्दीन, शम्शुल्लाह खान, खान मोहम्मद, फसीउल्लाह, मोनिस हाशमी, पवन मिश्रा इसके अतरिक्त तमाम पत्रकार बंधु अशोक पाल, सुशील, आशीष गुप्ता, विकास श्रीवास्तव, मुकीम सिद्दीकी व रमेश शर्मा आदि मौजूद रहे.।

# एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित हॉकी टूर्नामेंट में डीएम ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया हौसला अफजाई

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



खेलों इंडिया इव फिट इंडिया के तहत एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित ऑल इंडिया प्राइस मनी हॉकी टूर्नामेंट के समापन पर मुख्य अतिथि डीएम पवन अग्रवाल द्वारा फाइनल मैच में सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलों इंडिया एवं फिट इंडिया के तहत जनपद में विभिन्न खेलों एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किए जाने हेतु परिषदीय विद्यालयों , इंटर कॉलेजों में विकास खंड स्तर एवं जनपद स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। एमएलके कॉलेज में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता से खिलाड़ी प्रोत्साहित होगे एवं राष्ट्रीय खेल हॉकी के प्रति लोगों के मन में भी उत्साह बढ़ेगा। इस अवसर पर लेफ्टि0 कर्नल आरके मोहता , प्राचार्य एमएलके पीजी कॉलेज व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# वीर बाल दिवस पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में सोमवार को वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर को शहर के अंग्रेंजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में ''वीर बाल दिवस'' मनाया गया । विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी नें समस्त छात्र-छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से सीबीएसई द्वारा भेजे गये लिंक पर साहिब जादों का अनुकरणीय साहस पर आधारित राष्ट्रीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि मुगल शासनकाल के दौरान पंजाब में सिखों के आध्यात्मिक नेता दसवें गुरू गोबिंद सिंह के चार बेटे थे, उन्हें चार साहिबजादे खालसा कहा जाता था। 1699 में गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की । धार्मिक उत्पीडन से सिख समुदाय के लोगों की रक्षा करने के उद्देश्य से इसकी स्थापना की गई थी। साथ ही चारो साहिबजादों के बारे में बच्चों को बताया कि सिख्खों के दशम गुरू गोविन्द सिंह के चार सुपुत्रों जिनकी उम्र 6 से 12 वर्ष की थी । उनके नाम साहिबजादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह का सामूहिक रूप से बलिदान कर दिया गया था। छोटे साहिबजादे के लिए ''निक्कियां जिदां, वड्डा साका'' गुरू गोविन्द सिंह के छोटे साहिबजादे की सहादत को जब भी याद किया जाता है, तो सिख्ख संगत के मुख से यह लफ्ज ही बयां होते है। एक सभा में मौजूद मुलाजिम ने साहेबजादों को वजीर खां ने सामने से झुकाकर सलामी देने को कहा। इस पर उन्होनें कोई जवाब नही दिया । उन्होंने कहा हम अकालपुरख और गुरू पिता के अलावा किसी के सामनें भी सिर नहीं झुकाते आखिर में दो साहेबजादों को जिंदा दीवारों में चुनवाने का एलान कर दिया। जब दीवाल तोड़ा गया तो दोनों साहेबजादों के स्वांस बाकी था, लेकिन मुगलों का कहर ढा गया और जबरदस्ती मौत के गले लगा दिया। उनकी शहादत का सम्मान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछ्ले साल घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को प्रति वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जायेगा । विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय सहित अध्यापक अध्यापिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने महान वीरता और सर्वोच्च बलिदान को श्रदांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भाषण का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में आयुश तिवारी, इलमा मन्नान, उन्नति एवं अंश मिश्रा नें अपना-अपना विचार प्रस्तुत किया, जिससे विद्यार्थियों के मन में अपना एक अष्ट छाप डाल दिया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी सहित समस्त अध्यापक अध्यापिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर ''वीर बाल दिवस'' मनाया।

# शिव कुमार अध्यक्ष व दिलीप गुप्ता केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री मनोनीत

**जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर में तहसील मुख्यालय तुलसीपुर के एक निजी मैरिज हॉल में सोमवार को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर को केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत प्रवीण दुबे तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर विकल्प मिश्रा को अध्यक्ष महामंत्री व संरक्षक ने आए अतिथियों का माल्यार्पण कर साल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान संरक्षक अमिताभ चक्रवर्ती ने किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला को लगभग 70 दवा व्यवसाइयों ने सर्वसम्मति से मनोनीत करने की संस्तुति दिया । इसी के साथ महामंत्री दिलीप गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष पंकज शुक्ला, सूर्यदीप मिश्रा के नाम की भी घोषणा की गई। 15 वर्ष से अध्यक्ष एवं महामंत्री पद पर इन्ही दोनों का मनोनयन अपने आप मे एक रिकार्ड है। संरक्षक पद पर अमिताभ चक्रवर्ती के नाम का प्रस्ताव नगर के थोक दवा व्यवसाई अमन मेडिकल एजेंसी के प्रोपराइटर विजय गुप्ता ने किया जिसे सर्व सम्मति से स्वीकार कर लिया गया। महामंत्री दिलीप गुप्ता ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर कमेटी गठन कर घोषणा कर दी जाएगी। प्रतिवर्ष होने वाले इस दिलीप गुप्ता ने विधायक को स्थानीय समस्याओं रोडवेज बस डिपो महिला हॉस्पिटल व तुलसीपुर के नाम के साथ देवीपाटन धाम जोड़ने को लेकर घोषित कराने की मांग की वहीं चिकित्साधीक्षक विकल्प मिश्रा तथा अधिशाषी अधिकारी प्रवीण दूबे ने हर संभव सहयोग की बात कही। कार्यक्रम के समापन की घोषणा संरक्षक श्री चक्रवर्ती ने किया।

# पालिका अध्यक्ष ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर बढ़ाया मनोबल

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू तथा एसएससी ग्रुप आफ कंपनीज के चेयरमैन प्रणव कुमार सिंह ने एमएलके पीजी कॉलेज के हॉकी ग्राउंड पर चल रहे महाराजा सर बीपी सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट के सेमी फाइनल मैच में टूर्नामेंट सचिव महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय, आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन, डॉक्टर आलोक शुक्ला, व डॉक्टर ऋषि रंजन पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया । डॉक्टर सिंह इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट के आयोजन हेतु आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारियों को बधाई दी । उन्होंने कहा कि बलरामपुर जैसे पिछड़े जनपद में हॉकी की अलख जगाए रखना आसान नहीं है । अध्यक्ष के साथ एसएससी ग्रुप आफ कंपनीज के अध्यक्ष प्रणव कुमार सिंह ने भविष्य में भी टूर्नामेंट आयोजन में हर सम्भव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# सराहनीय कार्य करने वाले चिकित्सकों व कर्मियो को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में सोमवार को एन्क्वास एवं लक्ष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दोनों में क्वालीफाई करने वाले संयुक्त जिला चिकित्सालय को शासन स्तर से पुरस्कार प्राप्त हुआ था। इसी के तहत क्वालिटी एश्योरेंस सेल के तत्वावधान में एन्क्वास एवं लक्ष्य प्रोग्राम के दौरान बेहतर कार्य करने वाले चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों का सोमवार को सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अटल बिहारी चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी ने चिकित्सक व कर्मियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार 30 दिसंबर को संयुक्त जिला चिकित्सालय बेहतर प्रदर्शन करते हुए एन्क्वास एवं लक्ष्य में क्वालीफाई हुआ था। दोनों प्रोग्राम के तहत अस्पताल की गुणवत्ता उच्च कोटि की पाई गई थी। इसके लिए शासन स्तर से विभिन्न विभागों के नोडल एवं अस्पताल कर्मियों के प्रोत्साहन हेतु राशि दी गई थी, जिसके क्रम में सोमवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकों समेत 120 स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि अस्पताल के चिकित्सक और कर्मियों के अथक परिश्रम का परिणाम है कि चिकित्सालय को एन्क्वास और लक्ष्य में पुरस्कृत किया गया है। इसके लिए अस्पताल के क्वालिटी एश्योरेंश सेल के साथ-साथ सभी चिकित्सक व कर्मी बधाई के पात्र हैं। कहा कि किसी भी अस्पताल की गुणवत्ता को बनाए रखने में अस्पताल प्रबंधक का बहुत बड़ा रोल होता है। जिसे इस अस्पताल में क्वालिटी प्रबंधक डॉ रुचि पाण्डेय द्वारा बखूबी निभाया गया। उन्होंने कहा कि इस सम्मान के साथ जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, इसे आगे भी कायम रखना होगा। अस्पताल के सीएमएस डॉ राजकुमार ने चिकित्सक व अस्पताल कर्मियों का हौसला अफजाई किया। कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने पर परिणाम भी अच्छे आते हैं। अस्पताल क्वालिटी प्रबंधक डॉ रुचि पाण्डेय ने एन्क्वास एवं लक्ष्य के दौरान अस्पताल में कराए गए गुणवत्ता परक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अस्पताल के सभी विंग के नोडल व कर्मियों के सहयोग से ही एन्क्वास एवं लक्ष्य में अस्पताल को सफलता मिल पाई है। इस अवसर पर अपर सीएमओ डॉ बीपी सिंह, डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, क्वालिटी एश्योरेंस सेल की जिला परामर्शदाता अनामिका सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चिकित्सकों समेत 120 कर्मियों को मिला सम्मान

सम्मान समारोह में विभिन्न विभागों के नोडल सहित 120 कर्मियों को सम्मानित किया गया। ओपीडी के लिए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एके यादव, आई सर्जन डॉ सुनील कुमार, डॉ आरके पाण्डेय सहित अन्य को मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ने सम्मानित किया। सामान्य प्रशासन की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए अस्पताल क्वालिटी प्रबंधक डॉ रुचि पाण्डेय को पुरस्कार दिया गया। इसी तरह से फार्मासिस्ट सुरेन्द्र दुबे, फिजियोथेरेपिस्ट अवनीश दीक्षित, लेबर रूम इंचार्ज कल्पना त्रिपाठी, मेटरनिटी ओटी इंचार्ज साक्षी मिश्रा, फार्मेसी के नोडल मोईद अहमद व क्वालिटी एश्योरेंस सेल की जिला परामर्श दाता डॉ अनामिका सिंह समेत कुल 120 कर्मियों का सम्मान किया गया। सम्मान पाकर सभी के चेहरे खिल उठे।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के बारे में कृषकों को किया गया प्रशिक्षित



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद में संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना(पर ड्रॉप मोर क्रॉप) माइक्रो इरिगेशन योजना अंतर्गत एकदिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिलाउद्यान विभाग द्वारा राजकीय अंबेडकर उद्यान परिसर में कराया गया प्रशिक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी धर्मेंद्र कुमार चौधरी ने कृषकों को फसलों की सिंचाई के लिए पोर्टबल स्क्रिपलर ड्रिप इरीगेशन मिनी स्क्रिपलर लगाने के संबंध में एवं इससे होने वाले लाभ और सब्सिडी के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर शशांक शेखर द्वारा बागवानी में सिंचाई पद्धति की उपयोगिता के बारे में बताया गया डॉ रामजीत और डॉ प्रदीप द्वारा मशरूम और पशुपालन के बारे में प्रशिक्षण में आए कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गई इस दौरान राकेश वर्मा उद्यान निरीक्षक सुनील वर्मा सहायक उद्यान निरीक्षक एवं संतोष कुमार कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहे।

# उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की बैठक आयोजित की गई। विगत बैठक में प्राप्त निर्देशों की अनुपालन आख्या की समीक्षा के उपरांत बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में अवगत कराया गया कि चालू वित्तीय वर्ष में 2509 प्रकरण प्राप्त हुए जिसमें से 2268 प्रकरण निस्तारित/एन ओ सी जारी कर दी गई है। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों का त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर समाधान और उनके आवेदनों का त्वरित निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। शासन स्तर से इसकी मॉनिटरिंग की जाती है। जिलाधिकारी ने इस दौरान मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद,वित्त पोषण योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाने हेतु प्लेज (पी एल ई डी जी ई) पार्क योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 04 वर्ष तक बिना ब्याज के ?5 लाख का ऋण आदि के बारे में गहन समीक्षा की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओडीओपी योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों की बैंकवार समीक्षा की तथा सभी बैंकों को समस्त प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। प्लेज योजना के तहत औद्योगिक पार्क विकसित किए जाने हेतु बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान करें। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करें और लोगों को योजनाओं के बारे में जागरूक करें। पीएम विश्वकर्मा योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित उद्यमियों एवं व्यापारियों से एक एक करके उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया तथा उनके समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी अकबरपुर, टांडा एवं जलालपुर को निकाय क्षेत्र के सौंदर्यीकरण एवं विकास की योजना से क्षेत्र के गणमान्य एवं सम्मानित नागरिकों को भी अवगत कराएं तथा एक मॉडल के रूप में विकसित करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ सदानंद गुप्ता, लीड बैंक मैनेजर सहित समस्त बैंकर्स एवं उद्यमी और व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

# लघु सिंचाई विभाग द्वारा कृषकों को को वितरित किया गया पंप सेट



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत पूर्व निम्मित(2015-16 से) उथले नलकूपों पर पम्पसेट स्थापना हेतु डीजल पम्पसेट वितरण कार्यक्रम में चयनित कृषकों की उपस्थित में मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अम्बेडकरनगर / अयोध्या डा0हरिओम पाण्डेय , सह मुख्य अतिथि विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद , एंव विशिष्ट अतिथि श्याम सुन्दर वर्मा (साधू वर्मा) के द्वारा योजना से आच्छादित 326 कृषकों के सापेक्ष 50 कृषकों को योजना से लाभान्वित करते हुए प्रमाण पत्र दिया गया। उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला एंव सहायक अभियन्ता,लघु सिंचाई सत्येन्द्र कुमार श्रीवास्तव एंव अवर अभियन्ता, लघु सिंचाई अशोक कुमार यादव, राजबहादुर पाल, सुशीलकुमार, हेमन्त तिवारी, रामजीत, राजेन्द्र कुमार यादव आदि समस्त लघु सिंचाई विभाग उपस्थित रहे।

# आतंकियों को नारकोटिक्स देने वाले मेडिकल स्वामी सहित कई संदिग्धों से पूछताछ

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**




**पुलिस की 12 टीमें नगर में चेक कर रही सीसीटीवी कैमरे**

**घटना के बाद से कोतवाली में मौजूद रहकर पड़ताल करा रहे एसपी**

पंजाब से बस में सवार होकर पूरनपुर पहुंचे खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स (केजेडएफ) के आतंकियों ने नगर के सिरसा चौराहा स्थित एक मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में नारकोटिक्स खरीदा था। पुलिस ने मेडिकल स्वामी से पूछताछ की। प्रकाश में आए अन्य का संदेशों को भी कोतवाली बुलाकर पूछताछ की गई। पुलिस टीम में लगातार नगर में भ्रमण कर कैमरे चेक करने में जुटी हुई है।
पंजाब के गुरदासपुर जिले की बक्शीबाल चौकी पर हैंड ग्रेनेड फेंकने के आरोपी गुरविंदर सिंह, वीरेंद्र,जसनप्रीत घटना के बाद बस में सवार होकर पूरनपुर पहुंचे थे। सीसीटीवी फुटेज में गजरौला जसी निवासी जसपाल आतंकियों को लेकर होटल हर जी पंहुचा था। आरंभिक पूछताछ में जसपाल पुलिस को गुमराह करता रहा।कड़ाई से की गई पूछताछ में जसपाल ने बताया कि तीनों आतंकियों ने नगर के सिरसा चौराहा स्थित एक मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में नारकोटिक्स (प्रतिबंध दवा) खरीदी थी।जिसके बाद सभी ने पास के ही एक ढाबे पर खाना खाया था।सोमवार पुलिस ने आतंकियों को नारकोटिक्स देने वाले मेडिकल स्वामी से पूछताछ की। प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री को लेकर भी जानकारी जुटाई। आतंकियों व कुलवीर सिंह उर्फ सिद्धू के संपर्क में आए कई संदिग्धों से भी पूछताछ की गई। पुलिस की 12 टीमें आतंकियों की आवाजाही वाली सड़कों पर लगे कैमरों को ट्रैस कर रही है।नगर के लगभग तीन सौ कैमरे रडार पर लिए गए हैं। पुलिस ने कई सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर कब्जे में ली है। जिन्हे चेक कर रही रही है। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे कोतवाली में मौजूद रहकर पूरी कार्रवाई की अपडेट ले रहे हैं।
एनकाउंटर के बाद से एसपी लगातार पूरनपुर पंहुच रहे हैं।

# पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव हत्याकांड का मुख्य आरोपित अभी भी पुलिस के पकड़ से दूर

- गिरफ्तारी न होने पर परिजनों ने कप्तान से मिल लगाई थी न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सबरहद गांव निवासी पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की निर्मम हत्या 13 मई को कर दिया गया था। नामजद मुख्य आरोपित नासिर जमाल व सिकन्दर आलम अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक डा कौस्तुभ से मिल न्याय की गुहार लगाई है।
मालूम रहे पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की सरेआम हत्या 13 मई को कर दिया गया था। जिसके बाद मृतक के बड़े भाई संतोष श्रीवास्तव ने नासिर जमाल शेख, कामरान उर्फ अर्फी समेत अन्य पर नामजद मामला दर्ज कराया था। बावजूद सात माह से ज्यादा बीत जाने के बाद भी नासिर जमाल अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।
इस बावत परिजनों ने पखवाड़े भर पूर्व आईजी मोहित गुप्ता से मिल न्याय की गुहार लगाया था। परिजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास भी जाकर मिले थे। भाई संतोष ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया गया था। किस तरह से भाई शासन प्रशासन के मंशानुरुप गो तस्करी, गोकशी, भू माफिया के विरुद्ध लड़ाई लड़ते रहे। जिसका खामियाजा उन्हें अपनी जान देकर चुकाना पड़ा।
मृतक पत्रकार के भाई व वादी संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि भाई पत्रकार की ही हत्या नहीं की गयी अपितु क्षेत्र के भू माफियाओं, दबंगों, गो तस्करी व गोकशी में लिप्त लोगों के विरुद्ध आवाज बुलंद कर लड़ाई लड़ने वाले एक योद्धा की निर्मम हत्या कर आवाज बंद कर दिया गया। पुलिस नासिर जमाल को खोज नहीं पा रही जबकि पिछले सप्ताह वह एक उद्घाटन के दौरान सार्वजनिक रूप से लखनऊ में मौजूद रहा। इस बाबत एसपी को फोटो भी दिखाया गया। कहा नवागत पुलिस अधीक्षक से न्याय की उम्मीद जगी है।

# कड़ाके की ठंड और शीतलहर से ठिठुरे लोग

**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

बारिश के बाद वेस्ट यूपी में हाड़ कंपा देने वाली ठंड शुरू हो गई है। दिनभर लोग बर्फीली हवाओं से कांपते हुए नजर आए। शाम के समय सर्दी और बढ़ गई। सुबह और रात के समय कोहरा पड़ने के आसार हैं। 6 जनवरी से फिर मौसम में परिवर्तन देखने को मिलेगा। मौसम विशेषज्ञ प्रचंड सर्दी की संभावना जता रहे हैं। मेरठ, मुजफ्फरनगर समेत पश्चिमी यूपी के सभी जिलों में फिलहाल सर्दी से लोगों का हाल बेहाल है।
कड़ाके की ठंड के कारण मेरठ और हापुड़ में परिषदीय, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई और अन्य बोर्डों से संबद्ध स्कूलों में नर्सरी से कक्षा आठ तक के छात्र-छात्राओं का 30 और 31 दिसंबर तक अवकाश घोषित किया है। दो दिन तक हुई बारिश के बाद सर्दी का सितम तेजी से बढ़ा है। दिन का तापमान भी 20 डिग्री से नीचे चल रहा है।
लगातार बढ़ रहीं ठंड के मद्देनजर कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।

# अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता के साथ मारपीट




**ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप**

**आरोपितों के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी**

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता के साथ मारपीट कर घायल कर दिया।आरोप है कि ससुरालियों ने विवाहिता के जेवर भी बिक्री कर दिए।मकान खरीदने के लिए रुपए की मांग की। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।
न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया भिंडारा निवासी जावेद ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी पुत्री इफरा का निकाह बर्ष 2019 में माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव गुलाब टांडा निवासी जावेद के साथ किया था।निकाह के कुछ साल तक सब ठीक-ठाक चलता रहा। आरोप है कि पति जावेद,ससुर मोहम्मद शाह,देवर जयरुल,सास जयरुल निशा उर्फ नन्ही देवी दिए गए दान दहेज से खुश नहीं थे। अतिरिक्त दहेज की मांग कर पुत्री को प्रताड़ित करने लगे।कई बार मारपीट की। जिसके बाद विवाहिता ने घटना की जानकारी मायके में पिता को दी। जिसके बाद ससुरालियों ने गलती मानकर समझौता कर लिया। आरोप है कि कुछ माह बाद ससुरालियों ने विवाहिता के जेवर बिक्री कर दिए।मकान खरीदने के लिए विवाहिता से अतिरिक्त दहेज में रुपए की मांग की। अस्मर्थता जताने पर 24 दिसंबर को ससुरालियों ने विवाहिता के साथ गाली गलौज कर जमकर मारपीट की। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी पर पंहुचे मायके पक्ष के लोगों ने गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया।आरोप है ससुरालियों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर जान से मारने की धमकी दी। बच्चों के खर्च के रुपए मायके से लाने का दबाव बनाया। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# जिलाधिकारी ने राजस्व वाद की सुनवाई दोनों पक्षों के बीच विवादित स्थल पर किया



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट
उप जिलाधिकारी मछलीशहर सौरभ कुमार की उपस्थिति में तहसील मछलीशहर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अमारा में स्थलीय निरीक्षण और चौपाल लगाकर राजस्व वाद की सुनवाई दोनो पक्षो की उपस्थिति की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश है कि अधिकारियों के द्वारा मौके पर जाकर दोनों पक्षों की उपस्थिति में आम जन की समस्याएं सुनी जाए।
इस अवसर पर नया तहसीलदार कानून को लेखपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संघर्षशील रहे सरदार सेना के कार्यकर्ता- बाबू सिंह कुशवाहा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



मडियाहूं में स्थित पटेल काम्पेक्स में सरदार सेना सामाजिक संगठन के कार्यालय का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि सदर सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि सरदार सेना के कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारियों के प्रति संगठित रहें7 वर्तमान परिवेश में विभिन्न पार्टियों के नेता उन्हें भ्रमित करने का प्रयास करेंगे लेकिन सरदार सेना के कार्यकर्ताओं को किसी के बहकावे में नहीं आना है 7इस लिए उन्हें संगठित रहने की आवश्यकता है7सरदार सेना हमेशा गरीब, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, किसानों के लिए तथा उनके उत्थान हेतू सदा प्रत्यनशील रही है और भविष्य में भी गरीबों के उत्थान के लिए उनकी लड़ाई लड़ती रहेंगी 7
इस अवसर पर सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.आर.एस. पटेल ने कहा कि हमें और हमारे संगठन को बदनाम करने की विभिन्न पार्टी द्वारा नाकाम प्रयास किया जा रहा है लेकिन सरदार सेना के कार्यकर्ता उनके इस कुचक्र से विचलित नहीं हुए है7 सरदार सेना के कार्यकर्ता के मनोबल को काफी साहस प्राप्त हुआ है7इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के द्वारा कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों को माला पहनाकर व गुलदस्ता तथा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया
कार्यक्रम के दौरान सांसद बाबू सिंह कुशवाहा व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा आर.एस.पटेल के द्वारा क्षेत्र के तमाम चिकित्सकों, अधिवक्ता व कार्यकर्ताओं को माल्यार्पण करते हुए अंग वस्त्रम् देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के दौरान, डां अवधनाथ पाल, अरविन्द सिंह पटेल, मुन्ना सिंह चौहान, राजकुमार पटेल, संजय सिंह, हरिवंश सिंह, त्रिभुवन सिंह पटेल, राजेश पटेल, वृजेन्द्र पटेल, बसन्त मौर्या, राजमणि पटेल, छोटे लाल गौतम, गुलाब चन्द्र, विजय कुमार, रोबिन,डां वकील, रामसिंह वर्मा, सुबास चन्द्र प्रजापति, शेरे हिन्द, भावेश पटेल, लालजी पटेल, रविशंकर यदुवंशी, दीपक आर विश्वकर्मा, विकास वर्मा, जयसिंह यादव, विजय पटेल, पवन पटेल, मुन्ना लाल, धीरज यादव, सुरज पटेल, मुलायम पटेल, आँसू यादव, डां राजकुमार पटेल, दिनेश पटेल, डां सुरेश पटेल, डांआर.पी.पटेल, डां आर.डी.पटेल, देवेन्द्र पटेल, प्रवीन मौर्या, मनोज मौर्या, अमर बहादुर चौहान कार्यक्रम का संचालन आर.सी.पटेल व अध्यक्षता राय साहब पटेल ने किया

## एक्सप्रेस खबरें...

### स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के खिल उठे चेहरे

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** सोमवार को डिवाइन कॉलेज, पीलीभीत परिसर में मुख्यमन्त्री योगी आदित्य नाथ के द्वारा संचालित स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत स्मार्टफोन / टैबलेट वितरण समारोह में मुख्य अतिथि गन्ना एवं चीनी मिल उद्योग राज्यमन्त्री (उ0प्र0 सरकार) संजय सिंह गंगवार के माध्यम से स्मार्टफोन वितरित किए गये। कार्यक्रम का शुभारम्भ गन्ना एवं चीनी मिल उद्योग राज्यमन्त्री (उ0प्र0 सरकार) संजय सिंह गंगवार एवं चेयरमैन आर0 के0 धवन के द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशिका चारू धवन भी उपस्थित रहीं। स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि गन्ना एवं चीनी मिल उद्योग मन्त्री संजय सिंह गंगवार ने बताया कि आज की युवाशक्ति तकनीकि शिक्षा पाकर सशक्त एवं समृद्ध हो रही है। मेरा आग्रह है कि सभी युवा छात्र-छात्राएँ स्मार्टफोन का सदुपयोग करते हुए अपने जीवन को सफलता की नई ऊँचाईयों तक ले जाएँ। इसी के साथ उन्होंने कहा कि मै आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। महाविद्यालय निदेशिका चारू धवन एवं चेयरमैन आर0के0 धवन ने सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि सहित सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्तागण उपस्थित रहे।

### इंद्रेश चौहान बने मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा जिला प्रतिनिधि

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से जनपद में 16 मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि घोषित कर दिए गए हैं। प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्रनाथ पांडेय की संस्तुति के बाद जिला चुनाव अधिकारी भाजपा गोपाल अंजान की ओर से सूची जारी कर दी गई है। यह सूची विधानसभावार जारी की गई है। सर्वाधिक पांच मंडल अध्यक्ष सदर विधानसभा और बरखेड़ा, पूरनपुर में चार-चार जबकि बीसलपुर में तीन मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है। सदर विधानसभा क्षेत्र में पीलीभीत नगर में इंद्रेश चौहान मंडल अध्यक्ष, मनोज मिश्रा जिला प्रतिनिधि, अमिरया में प्रमोद कश्यप मंडल अध्यक्ष, मान सिंह राठौर जिला प्रतिनिधि, ललौरीखेड़ा में सुमित सागर मंडल अध्यक्ष, महेश कुमार गंगवार जिला प्रतिनिधि, अनीता कश्यप बरहा मंडल अध्यक्ष, रामानंद सिंह जिला प्रतिनिधि, जहानाबाद में भारत राजपूत मंडल अध्यक्ष, सुरेशख गुप्ता जिला प्रतिनिधि घोषित किए गए। बरखेड़ा विधानसभा में न्यूरिया के महेंद्रपाल राजपूत मंडल अध्यक्ष, दीपचंद्र राठौर जिला प्रतिनिधि, मरौरी में महेश राजपूत मंडल अध्यक्ष, सत्यपाल वर्मा जिला प्रतिनिधि, बरखेड़ाकलां में प्यारेलाल कश्यप मंडल अध्यक्ष, लक्ष्मीकांत भोजवाल जिला प्रतिनिधि, गजरौलाकलां में कपिल सिंह मंडल अध्यक्ष, सुनील गुप्ता जिला प्रतिनिधि बनाए गए।पूरनपुर में हर्ष प्रधान मंडल अध्यक्ष, डॉ.रोहित मिश्र जिला प्रतिनिधि, कलीनगर में भगवती सिंह मंडल अध्यक्ष, रामबहादुर शर्मा जिला प्रतिनिधि, घुंघचिहाई में संजीव त्रिवेदी मंडल अध्यक्ष, हरिओम प्रजापति जिला प्रतिनिधि, रामनगर में विजय सिंह मंडल अध्यक्ष, सुभाष श्रीवास्तव जिला प्रतिनिधि बनाए गए हैं। बीसलपुर के ईटगांव में बृजेश शुक्ला मंडल अध्यक्ष, महेंद्रपाल वर्मा जिला प्रतिनिधि, बीसलपुर देहात मं हजारीलाल वर्मा मंडल अध्यक्ष, संगम बाजपेयी जिला प्रतिनिधि, बिलसंडा में संजीव मौर्य मंडल अध्यक्ष, रजत सागर जिला प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किए गए हैं।

### हाइड्रोसिफलिस से पीड़ित बच्चे को 102 एंबुलेंस से कराया जिला अस्पताल में भर्ती

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** जहानाबाद क्षेत्र के गांव करैया नवादा निवासी आशा सावित्री ने 102 एंबुलेंस के कॉल सेंटर पर कॉल करके बताया की 14 दिन का बच्चा है और उसके सिर में सूजन आ रही है। 102 एंबुलेंस उनके गांव पहुंची और बच्चे को एंबुलेंस के अंदर शिफ्ट किया सरकारी अस्पताल में लेकर जा रहे थे तभी बच्चे के बारे में जानकारी ली। बच्चों की मां ने बताया बच्चा दूध भी सही से पीता है टॉयलेट भी सही से करता है एक्टिविटीज भी सारी सही है ईएमटी के के ने बच्चे के बाइटल चेक किये जिसमें पता चला कि बच्चे के वाइटल नॉर्मल है। सर में पीछे की साइड में सूजन है।तुरंत लखनऊ ईआरसीपी सेंटर पर बच्चे की सारी स्थिति की जानकारी दी और सीएचसी जहानाबाद लेकर आए जहां डॉक्टर ने बताया बच्चे को हाइड्रोसिफलिस के लक्षण लग रहे हैं और उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके बाद 102 एंबुलेंस के द्वारा ही उस बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती करवा दिया।



# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

टनकपुर हाईवे पर स्थित पुलिस इमारत में युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते चले की 13 वी मंजिल पर महिला कांस्टेबल के साथ उनका बेटा रहता था।
महिला आरक्षी ट्रेनिंग के लिए मेरठ गई हुई थी और उनका बेटा सौरभ अकेला था।
महिला अपने बेटे को 2 दिन से फोन कर रही थी परंतु फोन ऑफ जाने के बाद महिला आरक्षी को शक हुआ जिसकी सूचना पड़ोस में रह रहे लोगों को दी गई। पड़ोसियों ने जब देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है फिर उन्होंने दरवाजा तोड़ा तो देखा कि सौरभ की डेड बॉडी फंदे से लटकी हुई है। सुसाइड की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने युवक के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# कलीनगर के संदीप इंस्टाग्राम पर मचा रहे धमाल, तेजी से वायरल हो रही रील

- संदीप के इंस्टाग्राम पर बारह हजार से अधिक फॉलोवर्स
- प्रशंसक घर पंहुच कर दे रहे बधाई, मोबाइल रिपेयरिंग का कार्य करते संदीप

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



संदीप जयसवाल की एक रील इंस्टाग्राम पर बड़ी तेजी से वायरल हो रही है। जिसे अब तक लगभग पचास लाख से अधिक लोग देख चुके हैं।संदीप मोबाइल रिपेयरिंग का काम करते है।वह अपने काम से सबंधित वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड करते थे। जिससे उनकी वीडियो तेजी से वायरल हुईं। इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर संदीप के बारह हजार से अधिक फॉलोवर्स हो गए। इसी खुशी में संदीप ने अपने दोस्तो को पार्टी दी। संदीप के फैंस लगातार उनके घर पहुंच कर उन्हें बधाई दे रहे हैं। सुबह शाम उनके घर प्रशंसकों की भीड जमा हो रही है। आजकल सोशल मीडिया पर हर कोई वायरल होने की होड़ में है। इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लड़के लड़कियां वीडियो अपलोड कर बाबही लूट रहे हैं। कई लोग तो इसी का सहारा लेकर महानगरी मुंबई तक में पांव जमा चुके हैं। इन्हीं प्लेटफार्म के जरिए शिवानी कुमारी तो राजपाल यादव के साथ फिल्म की शूटिंग भी कर रही है। जनपद पीलीभीत तहसील कलीनगर के निवासी संदीप जयसवाल इंस्टाग्राम पर डाली गई। एक वीडियो जमकर वायरल हो रही है, वैसे तो संदीप जयसवाल अब तक 199 से अधिक वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड कर चुके हैं।वह कई वीडियो सॉन्ग में बात और लीड रोल का काम कर चुके हैं। लेकिन इंस्टाग्राम पर संदीप की एक रील बहुत तेजी से वायरल हुई है।
संदीप का कहना है। मेरी इस छोटी सी कामयाबी में मेरे दोस्तो का बड़ा हाथ है मैं अपने दोस्तो को तह दिल से धन्यवाद करता हूं।

# अधखाया शव मामला-वन विभाग की टीम ने घटनास्थल के आसपास की कांबिंग नहीं मिले पगमार्क

- पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों ने पीलीभीत में किया अंतिम संस्कार

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**




हजारा। युवक का अधखाया शव मिलने पर ग्रामीणों ने बाघ के हमला में युवक की मौत होने की आशंका जताया है जिस पर बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में वन दरोगा पुष्कर सिंह,शमशेर सिंह वन रक्षक हीरा लाल, वनकर्मी रामकुमार शेरा,शोभनाथ,महेंद्र कुमार, लक्ष्मण प्रसाद टीम के रुप मे घटनास्थल पर दूसरे दिन भी पहुंच कर बाघ के पगमार्क की पड़ताल किया है मगर कोई बाघ के पगमार्क नहीं मिले हैं।
ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव रामनगर निवासी ग्रामीण बृजकिशोर सिंह का अड़तीस वर्षीय पुत्र अजयपाल सिंह जो घर से लगभग एक सप्ताह पहले बिना बताए कही चला गया था रविवार को उसका गांव के पास ही उसके ही खेत में अधखाया शव ग्रामीणों ने देखा और हजारा पुलिस व वन विभाग संपूर्णानगर रेंज को सूचना दिया जिस पर टीम मौके पर पहुंचकर परिजनों से शव की शिनाख्त कराते हुए हजारा पुलिस ने पंचायत नामा भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय पीलीभीत भेजा था जहां सोमवार को शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों ने पीलीभीत में ही अंतिम संस्कार कर दिया है।वन विभाग संपूर्णानगर वन रेंज के अधिकारी बाघ की घटना होने से नकार रहे हैं पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही युवक के मौत पर से पर्दा उठेगा। उधर हजारा पुलिस ने बताया है कि परिजनों की ओर से अगर किसी प्रकार का आरोप वाला प्रार्थना पत्र दिया जाता है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

# रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष बने विजय सिंह तो सुभाष श्रीवास्तव बने जिला प्रभारी

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

हजारा। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा उत्तर प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉक्टर महेंद्रनाथ पांडे के संस्तुति के उपरांत पीलीभीत जनपद के रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी के नामों की घोंषणा पर ट्रांस शारदा क्षेत्र के भाजपाइयों ने खुशी का इजहार करते हुए पुष्पमाला पहनाते हुए मिष्ठान वितरण किया।
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश चुनाव अधिकारी डा महेंद्र नाथ पांडेय की संस्तुति के उपरांत जनपद पीलीभीत के बृज क्षेत्र के रामनगर मंडल अध्यक्ष के पद पर भाजपा कार्यकर्ता विजय सिंह को रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष व निवर्तमान रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव को जिला प्रभारी पद पर निर्वाचित घोषित किया गया है।विजय सिंह को रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाएं जानें पर राजकुमार सिंह सिध्द नगर, सत्यप्रकाश सिंह रामनगर(ग्राम प्रधान प्रतिनिधि) आदर्श सिंह परिहार प्रजा केयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, रामनगर भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश शर्मा, भरतपुर प्रधान शमशेर आलम शास्त्री नगर प्रधान मनोज सिंह, संजय सिंह, बबलू जायसवाल, रामप्रवेश फौजी, रुद्र प्रताप सिंह सहित अन्य दर्जनों भाजपाईयों ने नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष विजय सिंह को पुष्पमाला पहनाते हुए मिष्ठान वितरण किया है
तो वहीं ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्रामीणों ने दोनों भाजपा पदाधिकारियों को बधाई दिया है।

# मेरठ पुलिस ने भाकियू जिलाध्यक्ष को घर में किया नजरबंद

**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

भारतीय किसान यूनियन की ओर से आज नोएडा में जीरो माइल्स पर आज किसानों की पंचायत आयोजित की जा रही है। इस पंचायत में पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों से किसान नेताओं ने आज नोएडा कूच का एलान किया। मेरठ में पुलिस ने कई किसान नेताओं को नजरबंद कर दिया। नोएडा में किसानों की पंचायत में जाने से रोकने के लिए पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी को घर पर ही नजर बंद कर दिया। उनके आवास पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई को जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी ने दमनकारी नीति बताया है।

# फर्जी बैनामे के दाखिल खारिज को रद्द किये जाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठी महिला

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र में जहा महिला के मकान को बेच दिया गया। उसने बैनामा रद्द कराने के लिए उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर भूख हड़ताल पर बैठने व जिलाधिकारी के सामने आत्मदाह किये जाने की चेतावनी दी। बैनामा रद्द न होने पर महिला अपने नाबालिग पुत्र के साथ भूख हड़ताल पर बैठ गयी। उपजिलाधिकारी ने अश्वासन देकर पुलिस को बुलाकर भूख हड़ताल समाप्त करा दी है।
गांव मंडरा सुमन निवासी विनीता देवी पत्नी स्व0 सुरेश गिरि ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार तहसील परिसर में अपने नाबालिग पुत्रके साथ भूख हड़ताल शुरु कर दी। महिला का कहना है कि बढ़ेपुरा धारम गाटा सं0 34 में 20 वर्षों से रह रही है। जिस मकान का निर्माण उसके पति ारा खुद करवाया गया था। जोकि गाटा सं0 34 उसके पति की पैत्रिक जमीन है। जिसके पास गाटा 30 का विक्रय प्रार्थनी के पति के 5 भइयों द्वारा 20 वर्ष पूर्व ही हो चुका है। जिसमें 2 लोगों ने सिर्फ स्टाम्प द्वारा ही अपनी जमीन विक्रय कर दी थी। जिससे उसका कोई लेना देना नही है। परन्तु राजेन्द्र गिरि द्वारा गाटा सं0 30 का पुनः बैनामा करवाकर उसका मकान गाटा सं0 34 की चौहद्दी डाली गयी जिसमें उसको क्रेता पुष्पेन्द्र द्वारा मकान खाली कराने की धमकी मिल रही है। जिसकी अपील आपके समक्ष की जा चुकी है। मकान के फर्जी बैनामे के दाखिल खारिज रद्द करने की मांग की। उपजिलाधिकारी नागेन्द्र पाण्डेय ने पुलिस को बुलाकर भूख हड़ताल स्थगित करा दी है।

### 20 वर्ष से प्रतिमा का नहीं हो सका अनावरण

**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर।** जनपद के परासौली में भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण नहीं होने से किसानों के बीच नाराजगी बढ़ रही है। जनपद जाट महासभा का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को कलक्ट्रेट में डीएम उमेश मिश्रा से मुलाकात करेगा। विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि अगर प्रशासन कोई फैसला नहीं कर पाता तो किसान खुद निर्णय करेंगे। यह चौधरी साहब के साथ-साथ किसानों का भी अपमान है। प्रशासन से मांग रखी गई की तुरंत फैसला करना चाहिए। चौधरी चरण सिंह हिंडन-कृष्णा दोआबा नहर प्रणाली का लोकार्पण 15 जनवरी 2004 को तत्कालीन सिंचाई विभाग की मंत्री अनुराधा चौधरी ने किया था। बुढ़ाना क्षेत्र के परासौली गांव के पास सिंचाई विभाग की जमीन पर वाटिका का निर्माण कर किसान मसीहा की प्रतिमा भी स्थापित की गई। लोअर खंड की जमीन पर प्रतिमा होने के चलते विभाग ही पहल करेगा, लेकिन 20 साल बाद भी अनावरण पर निर्णय नहीं हो सका।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिथिलता को लेकर शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और वित्त एवं लेखाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने चयन वेतनमान, ऑनलाइन जीपीएफ भुगतान और ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अन्य सेवाओं का लाभ समयबद्ध पूर्ण किए जाने वाले विभाग के आदेश के क्रम में कार्यों को ससमय पूर्ण कराने का आग्रह किया। जिलामंत्री बालकृष्ण ओझा ने कहा कि आगामी जनवरी माह में 400 से अधिक शिक्षकों का चयन वेतनमान लगाने का कार्य गतिमान है जिसको समय से पूर्ण किया जाय।

जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव व उपाध्यक्ष रवीश मिश्र ने बताया कि महानिदेशक द्वारा समस्त लेखाधिकारी को जीपीएफ की राशि मानव संपदा पोर्टल पर अंकन किए जाने का निर्देश दिया गया है। पूर्व में मई 2023 में भी लेखा पर्ची जारी करने को कहा गया लेकिन अब तक जारी नहीं हुआ है। इसको जल्द पूर्ण किया जाय। कहा कि शिक्षकों के विभिन्न कार्यों में खंड शिक्षा अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शिथिलता अपनाई जाती है वहीं शिक्षकों द्वारा विभागीय कार्यों में क्षणिक देरी पर विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करने में तत्परता दिखाई जाती है। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के लंबित कार्यों में लापरवाही पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। शिक्षकों ने कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन कार्य को समय अवधि में पूर्ण कराते हुए चयन वेतनमान, जीपीएफ से धनराशि निकासी हेतु कुल कटौती जीपीएफ खातों में धनराशि पोर्टल पर चढ़ाने आदि कार्यों के लिए निर्देशित करें जिससे शिक्षकों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष उमाकांत शुक्ल, सुधीर तिवारी, शिव प्रकाश सिंह, प्रवीन श्रीवास्तव ब्लॉक अध्यक्ष हरेन्द्र यादव, सुरेश गौड़, अखिलेश पाण्डेय, सनद पटेल, आशीष दूबे, संजय यादव, विजय यादव, आशुतोष राठोर, प्रवीण श्रीवास्तव, संतोष पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# शत्रु संपत्ति को अवैध कब्जे से करायें मुक्त- सत्येन्द्र कुमार

■ जिलाधिकारी ने नगर पंचायतों के अधिशाषी अधिकारियों के साथ की बैठक

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में नगर पालिका नबावगंज व जिले की समस्त नगर पंचायतों में 15 वां वित्त आयोग टाइड, अनटाइड ग्रांट योजना अंतर्गत प्राप्त धनराशि से कराये गये कार्यों की प्रगति एवं अन्य कार्यों के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद सहित सभी नगर पंचायतों में घर-घर नियमित कूड़े के उठान सहित समुचित निस्तारण भी किया जाए। डंपिंग यार्ड की जहाँ जरूरत हो उसे प्राथमिकता के साथ बनाया जाए। कस्बों में जल निकासी हेतु नालों के निर्माण, मरम्मत आदि के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा टाइड, अनटाइड ग्रांट से ई-रिक्शा सहित अन्य जरूरी संसाधनों का क्रय भी नियमानुसार प्रस्ताव पारित करके किया जाए। नगर पंचायतों के तालाबों की नीलामी भी पोर्टल के माध्यम से ऑन लाईन प्रक्रिया के तहत नियमानुसार मत्स्य पालन आदि के लिये की जाए, इससे तालाबों की जलकुंभी आदि की समस्या का निदान भी हो जाएगा। शत्रु संपत्ति को चिन्हांकित करते हुए उसे अवैध कब्जे से मुक्त रखा जाए। साथ ही जिन नगर पंचायतों में सुलभ शौचालयों की कमी है वहाँ पर प्राथमिकता से इस कार्य को किया जाए। नगर पंचायतों में बने साप्ताहिक मार्केटों को भी साफ सुथरा रखा जाए। खेल मैदानों को खेलने योग्य साफ-सुथरा रखा जाए। जहाँ पर आवश्यकता है वहाँ पर नए आधार सेंटर बनाये जाएंगे। बैठक में एडीएम न्यायिक इंद्रसेन, डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह, एसडीएम फतेहपुर राजेश कुमार विष्वकर्मा, अनुराग सिंह सहित नगर पालिका व समस्त नगर पंचायतों के ईओ, चेयरमैन, प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 19 वार्डों में प्रतिदिन बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** फतेहपुर। नगर क्षेत्र में 70 वर्ष की आयु व उससे अधिक के लोगो का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अब वार्डों में कैम्प लगाये जायेंगे। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग ने योजना तैयार कर पहल शुरू कर दी है। ज्ञात हो नगर क्षेत्र फतेहपुर में वृद्ध लोगो को आयुष्मान योजना का लाभ प्राप्त हो। इसके तहत अब 70 वर्ष व उससे अधिक उम्र के लोगो का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए गति प्रदान की गयी है। जिसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुर सीएचसी प्रभारी डा. अवनीश चौधरी ने नगर पंचायत के 19 वार्डों में प्रत्येक दिन कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने की योजना तैयार की है उन्होंने बताया, कि बुजुर्ग लोगो का अस्पताल आने में असुविधा होती है। जिसमें नगर पंचायत के सभासदों के सहयोग से आसानी से वार्डों में रह रहे बुजुर्गों के कार्ड बनाये जायेंगे। इस संबंध में एसडीएम राजेश कुमार ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# गंगाघाट नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण अभियान

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



शुक्लागंज। सोमवार को नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) मुकेश मिश्रा के नेतृत्व में राजधानी मार्ग पर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया। पालिका कर्मियों की भारी संख्या व जेसीबी की मदद से फुटपाथ से लेकर नालों तक फैले अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया नाले पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा था जिससे नाले की सफाई सुचारू रूप से नहीं हो रही हैं अभियान के दौरान नाले पर रखें सामान को हटा कर पुनः अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई का आदेश दिया गया पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहा। ईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि इस अभियान के दौरान लगभग दर्जनों अवैध अतिक्रमण हटाए गए हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। अतिक्रमण की समस्या और उसे हटाने के दौरान आने वाली चुनौतियों को उजागर किया गया।

एक ओर जहाँ पालिका प्रशासन शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रयासरत है,

वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों द्वारा इस तरह के अभियानों का विरोध और कानून व्यवस्था का उल्लंघन चिंता का विषय है।

# पशुधन मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए

**जन एक्सप्रेस । पंकज यादव**



सोमवार को मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन विभाग/जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान विकास खण्ड नवाबगंज के ग्राम अमरेथा में संचालित बृहद गौशाला का निरीक्षण किया गया तथा विकास भवन सभागार में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा की गयी।

समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा जनपद में निर्माणाधीन विकास कार्य यथा कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे, लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्माणधीन सड़कें, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्य सहित भवन व सेतु निर्माण की अन्य परियोजनाओं सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत सप्लाई, खाद्यान्न वितरण, पेंशन, राजस्व कार्य, सड़क सुरक्षा, कानून व्यवस्था, पशुपालन, निराश्रित गौवंश संरक्षण, वनीकरण, डेयरी, कृषि, उद्यान, मत्स्य, सहकारिता आदि जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए तहसीलवार गौचर, चरागाह एवं ग्राम समाज की भूमि की जानकारी ली गयी। इसके साथ ही मंत्री द्वारा सर्दी के दृष्टिगत गौवंश के बेहतर रख-रखाव हेतु सभी गौशालाओं में अलाव, झूल, लाईट, शेड, पानी, भूसा, हरा चारा आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृषि के साथ-साथ पशुपालन आवश्यक है इसलिए जनपद में गायों को संरक्षित कर उनका भरण-पोषण किया जाये। उन्होने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसीलवार चिन्हित की गयी गौचर भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराकर उस भूमि पर नैपियर तथा एजोला घास लगवाएं ताकि वर्ष भर गौवंशों के लिए हरा चारा उपलब्ध हो सके। अन्ना गौवंश की समस्या से निजात हेतु जनपद स्तर से ग्राम स्तर तक सभी अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों को समाज की सक्रिय सहभागिता के साथ एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होने बताया कि कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने हेतु सीमेन की कीमत सरकार द्वारा 300 रूपये से घटाकर 100 रूपये कर दी गयी है ताकि ज्यादा से ज्यादा पशुपालक/किसान इससे लाभान्वित हो सके। बेसिक शिक्षा को लेकर उन्होने निर्देश दिये कि सभी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए वहाँ पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करायी जाए। इसके अलावा मंत्री ने बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराने, जॉमिंग की समस्या को रोकने, रोड अतिक्रमण को हटाने, रोस्टर के मुताबिक ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने, विद्युत बिल सुधार करने आदि के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में अधीक्षण अभियन्ता पी0डब्ल्यू0डी0 द्वारा प्रतिभाग न करने पर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिये गये। समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा सिल्ट सफाई, दिव्यांग पेंशन व आधार सिडिंग, किसान सम्मान निधि योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना, विद्युत बिल सुधार, फसल बीमा व पीएम कुसुम योजना, स्ट्रीट लाईट योजना आदि में प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त करने पर संबंधित विभागों की सराहना की गयी तथा अन्य विभागों को और अच्छा काम कर अपनी रैंक सुधारने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने राजस्व कार्यों को लेकर जिलाधिकारी गौरांग राठी से कहा कि वरासत, पैमाइश, नामांतरण, भूमि उपयोगिता, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आदि कार्य जनपद में समयांतर्गत पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि राजस्व से जुड़े मामलों को बेहतर व सुगम बनाया जाए, ताकि आम लोगों को परेशान न होना पड़े। जिलाधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि विकास कार्यों में जनपद की प्रदेश में 15 वीं रैंकिंग है। उन्होने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-हर घर जल योजना में तीव्रता लाने हेतु श्रमिक क्षमता को तीन गुना तक बढ़ाया गया है, ताकि जल्द से जल्द लोगों को इसका लाभ मिल सके। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जन संवाद अभियान के तहत हर बृहस्पतिवार को असंतुष्ट फीडबैक देने वाले शिकायतकर्ताओं को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी जाती हैं। राजस्व न्यायालयों में 05 साल से अधिक समय से लम्बित सभी वाद खत्म हो चुके हैं तथा 03 साल से पेंडिग केस भी अधिकांशतः निस्तारित किये जा चुके है, साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में ज्ञानालय एवं खेल का मैदान बनाये जा रहे है ताकि बच्चों का मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी हो सके। जिलाधिकारी द्वारा जनपद में आईजीआरएस निस्तारण, जन संवाद अभियान व ज्ञानालय की स्थापना आदि जैसे किये गये नवाचारों की प्रभारी मंत्री द्वारा सराहना की गयी। उन्होंने जनपद की सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा व साइबर क्राइम आदि को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण शिकायत कर्ता के साथ असभ्य व्यवहार कदापि न करें। लोगों की समस्या को गम्भीरता से सुनें तथा निदान करें। सामान्य नागरिक पुलिस को अपना मित्र समझे, ऐसा व्यवहार अमल में लाएं। जनपद में नागरिक सुरक्षा चाक-चैबन्द रहे। एसपी द्वारा पुलिस विभाग में ऑपरेशन भरोसा, गरूण वाहिनी दस्ता, बीट चलो अभियान जैसे नवाचार तथा ऑपरेशन कन्विक्शन में किए गए अच्छे कार्य की मंत्री द्वारा सराहना की गयी। साथ ही निर्देश दिए गए कि वर्ष भर में जिस गांव से एक भी एफआईआर दर्ज नहीं हुई हो उसे वाद रहित आदर्श गांव घोषित कर उसमें जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य कराएं।

बैठक के दौरान मा0 सांसद डॉ0 स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी जी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती शकुन सिंह, एम0एल0सी0 रामचन्द्र प्रधान, एम0एल0सी0 अरूण पाठक, मा0 विधायक सदर पंकज गुप्ता, मा0 विधायक मोहान बृजेश रावत, मा0 विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर, मा0 विधायक भगवन्त नगर आशुतोष शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गौंड सहित जनपद स्तरीय अन्य अधिकारी गण तथा समस्त उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# लाभांश बढ़ाने की मांग को लेकर कोटेदारों ने किया प्रदर्शन

■ कोटेदारों ने डीएसओ डॉ राकेश कुमार तिवारी को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



जिले के कोटेदारों ने सोमवार को लाभांश बढ़ाने व मानदेय की मांग को लेकर जिला पूर्ति कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएसओ को सौंपा। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजयपाल गौतम के अगुवाई में कोटेदार जिला पूर्ति कार्यालय के समक्ष इकट्ठा हुए। कोटेदारों ने डीएसओ कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएसओ डॉ राकेश कुमार तिवाारी को दिया। ज्ञापन में कहा है कि प्रदेश के कोटेदारों को महज 90 रुपये प्रति क्विंटल लाभांश दिया जाता है, जबकि हरियाणा में 280, गोवा में 200, केरल में 200, महाराष्ट्र में 150, राजस्थान में 125 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन दिया जा रहा है। गुजरात सरकार कोटेदारों को 20 हजार रुपये मानदेय भी दे रही है। श्री गौतम ने कहा कि काटेदारों द्वारा ई-पास मशीन से आनलाइन वितरण किया जा रहा है। जिसका सारा रिकार्ड आनलाइन मौजूद है। इसलिए कोटेदारों से स्टाक रजिस्टर, बिक्र रजिस्टर व वितरण प्रतमाण पत्र की व्यवस्था समाप्त कराया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद के कोटेदारों को जून 2020 में जमा की गयी धनराशि का खाद्यान वितरण फ्री कराया गया जिसका भुगतान विभाग नहीं मिला, जिसे तत्काल दिलाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विगत वर्षो से आंगनवाडी एमडीएम का खाद्यान कोटेदार अपने किराये से उठाते रहे है जिसका कोटेदारों को अभी तक किराया लदाई उतराई नहीं दिया गया जिसका भुगतान कराया जाए। इस मौके पर कार्यकार जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार गौतम, विनोद भारती, रचना शर्मा, बलराम, भरत लाल, रजा हैदर, अजय गुप्ता सहित कई कोटेदार मौजूद रहे।

## खुली बैठक में हुई जर्जर भवनों की नीलामी

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** सिरौलीगौसपुर। मदारपुर, करौरा, मौलाबाद, चकदहेपुर, प्यारेपुर, सदेवां, रामसहाय सहित 26 परिषदीय विद्यालयों के जर्जर भवनों की नीलामी खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें अधिक बोली लगाने वाले टेंडर डालने वाले व्यक्तियों को भवन दिए गए और उन्हें समय से भवन तोड़कर मलवा उठाने के लिए कहा गया। सोमवार को प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रांगण में नीलामी बोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के टेंडर डालने वाले तमाम व्यक्तियों के द्वारा विद्यालयों के जर्जर भवन पाने के लिए अपनी-अपनी बोली लगाई ज्यादा बोली लगाने वाले व्यक्तियों को जर्जर भवन दिए गए। खण्ड शिक्षाधिकारी संजय कुमार ने उन्हें समय से जर्जर भवन तोड़कर मालवा उठा ले जाने के लिए कहा। कार्यक्रम कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुलदीप श्रीवास्तव, शिक्षक अभिषेक सिंह, सहित जर्जर भवन के सभी मौजूद रहे।

# एक्सप्रेस खबरें...

## आवास सर्वे में लगी समूह सखी से अभद्रता

**जन एक्सप्रेस । संतकबीरनगर।** जनपद अन्तर्गत सांथा ब्लाक परिसर में दर्जनों समूह की महिलाएं धरने पर बैठ गई उनका कहना है कि आवास सर्वे में लगी समूह सखियों से अभद्रता की जा रही है सबिता नाम की एक समूह सखी से नरसिंह नाम का व्यक्ति गाली गलौज कि और जबरन सूची में आवास के लिए नाम डालने का दबाव बना रहा था जब समूह सखी ब्लाक कार्यालय पर बीडीओ से शिकायत करने आयी तो ब्लाक पर भी नरसिंह पहुंच गया तथा गाली गलौज किया ।जब समूह सखी ने अधिकारियों से शिकायत किया तो कोई सुनवाई नहीं हुई। धरने पर बैठीं समूह सखियों का कहना है कि जब तक सुरक्षा नहीं दी जाएगी तब तक आवास सर्वे का काम नहीं करेंगे।

## पिता-पुत्र समेत नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** बीते 24 घंटे अंदर असंद्रा थाना क्षेत्र के अलग-अलग तीन गांव में पुरानी रंजिश में हुई लाठी-डंडों व बांका से हुई मारपीट में पुलिस ने पिता-पुत्र समेत नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। घायलों का सीएचसी सिद्धौर में उपचार कराया है। असंद्रा थाना क्षेत्र के खारिकाफूल गांव निवासी सुनीता देवी पत्नी मायाराम यादव का कहना है कि उनके परिवार के प्रेम नारायण उर्फ मुंशीलाल पुत्र रामलखन यादव उनकी भैंस को खेदने लगे। इसका विरोध करने पर वह अपने भाई सुरेश कुमार उर्फ नननऊ, सुरेश की पत्नी जनकलली, व सुरेश की पुत्री स्वाति एकराय उसे पीट दिया। जबकि अमहिया गांव निवासी परमानंद मिश्र पुत्र रामतीरथ मिश्र का कहना है कि खेत में गेहूं की बुवाई कर रहा था। तभी यहां पवन शुक्ल पुत्र सत्यनाम शुक्ल, अपने पुत्र प्रभात व पंकज व पत्नी सीता साथ पहुंचे। पुरानी रंजिश में वाद करते हुए एकराय होकर मारने लगे। बचाव में लोदपुरवा निवासी ट्रैक्टर चालक राजू आने पर विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इसी क्रम में अशरफपुर निवासी लल्लन गुप्त पुत्र स्व. रामबक्श गुप्ता का कहना है कि उसके खेत से वापस लौटते समय गांव मैकू यादव पुत्र जगप्रसाद यादव पुरानी रंजिश में उसे पीट दिया। इसके शिकायत पर इंस्पेक्टर जेपी सिंह ने संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर किया है। घायलों का सीएचसी सिद्धौर में उपचार कराया है।

## दबंगो ने घर में घुसकर महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** फतेहपुर। नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला गोठवनपुरवा में दबंगो ने घर में घुसकर एक युवती की पिटाई करने के साथ गैस का चूल्हा तोड दिया। युवती की मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मामला नगर फतेहपुर क्षेत्र के मोहल्ला गुठवनपुरवा का है। जहां पर स्थानीय निवासी राजेष्वरी देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया, कि उसका पति राजू सुढियामऊ में कार्य करता है। 15 दिन पूर्व बच्चों बच्चों में लडाई झगडा हुआ था। लेकिन तब कोई विवाद उत्पन्न नही हुआ था। रविवार को राजेष्वरी घर पर नही थी उसकी पुत्री मोहिनी घर में अकेली थी तभी इसी मोहल्ले के आरोपी बाबू व बराती घर के बाहर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जब उसकी पुत्री ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उसको लाठी-डन्डों से पिटाई कर दी और घर में रखा गैस का चूल्हा पटककर तोड दिया। इस सम्बन्ध में कोतवाल डी.के सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दो दिन हुई हल्की बारिश के बाद बढ़ी ठंड

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**शुक्लागंज।** प्रदेश में दो दिन हुई बारिश के बाद नगर में ठंड बढ़ गई है. प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है. पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का असर भी मैदानी इलाकों में दिखने लगा है. सोमवार को चली बर्फीली हवाओं ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है. ठंड इतनी पड़ रही है कि नगर और ग्रामीण इलाकों में सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है. मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में मौसम के शुष्क रहने की संभावना जताई है. इस बीच सुबह और शाम के दौरान कोहरा छाए रहने का आशंका है। सोमवार भोर पहर सुबह से ही नगर में कोहरा छाया हुआ है. आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड और बढ़ेगी। आने वाले दिनों में ऐसा ही मौसम रहने की उम्मीद है। सोमवार को सुबह से चली तेज बर्फीली हवाओ ने राहगीरों के बदन में कंपकपी ला दी। जगह जगह लोग अलाव जलाए दिखाई दिए, और बाजारों में भी औसतन भीड़ भाड़ कम दिखाई दी। तेज बर्फीली हवाओं में रुकड्रुक कर बेहद बारीक फुहारों ने भी मौसम डरावना बना दिया। अब और गिरेगा तापमान अगले 48 घंटों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना जताई गई है।

# बिल्हौर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ने अस्थायी गौशाला पहुंच गुड़ और हरा चारा खिलाया



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा इन दिनों गौशाला और निर्माण कार्य को बखूबी अपनी देखरेख में करवा रही हैं। सोमवार को औचक निरीक्षण अस्थाई गौशाला पहुंचकर देखा गोवंश को हरा चारा और गुड अपने हाथों से खिलाया जहां पर तिरपाल फटा था वहां दूसरा तिरपाल लगाया वहां पर केयरटेकर को हिदायत दी किसी तरह से कहीं पर गोवंश ना भूखे रहे और ना ही कहीं से उनको हवा लगे अगर किसी तरह से तिरपाल फट जाता है

तो तुरंत इसकी सूचना हम तक पहुंचाएं उन्होंने बताया कि शौचालय निर्माण में किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो जिसके चलते वह स्वयं पहुंचकर मरम्मत का काम देखने पहुंची और मसाला निर्माण के बारे में पूछा और सीमेंट भी गुणवत्ता वाली अच्छी वहीं पर निर्माण हो चुकी दीवाल को हिला कर भी देखा साथ में पहुंचे कर्मचारियों से ईंटों की गुणवत्ता के बारे में आपस में ईंट टकराकर देखें और उन्होंने बताया कि गुणवत्ता के मामले किसी तरह का कोई समझौता नहीं किया जा सकता है।

## एसडीएम मेंहदावल के खिलाफ वकीलों ने खोला मोर्चा

**जन एक्सप्रेस । संतकबीरनगर।** जनपद अन्तर्गत मेंहदावल तहसील में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम ने फौजदारी अधिवक्ता अजय प्रताप शाही के साथ अभद्रता की थी क्योंकि अजय प्रताप शाही ने सिविल कोर्ट द्वारा जारी स्थगन आदेश का हवाला देते हुए एक जमीनी विवाद में न्याय मांगा था एसडीएम ने सीओ और एस ओ से वकील को बंद करने को कहा था ।आज सिविल बार एसोसिएशन द्वारा जनपद बार एसोसिएशन की संयुक्त बैठक में एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई हेतु आन्दोलन करने का निर्णय लिया गया। वकीलों की एक समूह जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसडीएम के खिलाफ नारेबाजी भी किया सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार मिश्र ने जिलाधिकारी को एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई का मांगपत्र सौंपा।



# वाह-वाह गोविंद सिंह आपे गुरु चेला...

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

### गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशपर्व पर निकली प्रभात फेरी

सोमवार को सिक्खों के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशपर्व की तैयारियों को लेकर शहर के लाजपत नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में स्त्री सा संगत की तरफ से सुखमनी साहब का पाठ होता रहा। जिसकी समाप्ति गुरुद्वारे से प्रभात फेरी के आयोजन शुरू हुआ। जिसमें संगत के द्वारा भजन कीर्तन गुरु जसगायन किया गया। जिसके उपरांत सुबह नितनेम साहिब का पाठ किया गया। दूसरा दीवान 11:30 बजे से हजूरी रागी जत्था तीरथ सिंह सोढ़ी द्वारा जस गायन किया गया। उसके उपरांत बच्चों द्वारा विशेष कीर्तन दीवान सजाया गया। वाह-वाह गोविंद सिंह आपे गुरु चेला गुर सिमर मनाई कालका खंडे की वेला वाह-वाह गोविंद सिंह आपे गुरु चेला इसके उपरांत आनंद साहिब का पाठ कर अरदास कर समाप्ति की गई। समाप्ति उपरांत गुरु का अटूट लंगर वरताया गया। जिसमें लोगों पंगत में प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर व्यापारी नेता सरदार चरनजीत सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी व प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी द्वारा गुरु गोबिंद सिंह के बच्चों के नाम पर शहीदी दिवस को वीर बाल दिवस पूरे भारत और लखनऊ में भव्य रूप से कार्यक्रम करने की सराहना की।

कार्यक्रम में सरदार भूपेंद्र सिंह, सुमित्रा कौर, रंजीत कौर, नरेंद्र कौर, सुरजीत कौर, इंदरजीत कौर, कवलजीत कौर, लवली कौर, अधिवक्ता सरदार रविन्द्रपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# पुजारियों व पेश इमामों को सरकार दे मानदेय- उमेश श्रीवास्तव

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

समाजसेवी सदाचारी लाला उमेश चंद्र श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ट्वीट के माध्यम से पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश में भी दिल्ली सरकार की 'पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना' की तर्ज पर पुजारियों, ग्रंथियों और मस्जिदों के पेश इमामों को हर महीने 18,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की है। उनका कहना था कि देवा महादेवा की गंगा-जमुनी तहज़ीब की धरती बाराबंकी से हैं, ने इस कदम को सभी धर्मों और समुदायों के बीच समानता और सद्भावना को बढ़ावा देने के रूप में देखा है। उनका मानना है कि उत्तर प्रदेश में धार्मिक विविधता को देखते हुए यह पहल एक मजबूत समाज की नींव रख सकती है, जिसमें हर धर्म और समुदाय के धार्मिक नेताओं को सम्मान और सहयोग मिल सके। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई 'पुजारी और ग्रंथी सम्मान' योजना को सराहते हुए, श्रीवास्तव ने इस योजना को उत्तर प्रदेश में लागू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में गंगा-जमुनी तहज़ीब का एक लम्बा इतिहास है, और इस तरह की योजना से राज्य में धार्मिक सद्भाव और एकता को बढ़ावा मिलेगा। इस पत्र में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस योजना से न केवल धार्मिक नेताओं को आर्थिक सहायता मिलेगी, बल्कि इससे समाज में भाईचारे का संदेश भी जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर शीघ्र विचार किया जाए ताकि समाज में समरसता और सद्भावना का माहौल बन सके।

# संभल में मस्जिद के पास पुलिस चौकी बनाने पर भड़के ओवैसी, कहा बीजेपी स्कूल-कॉलेज क्यों नहीं बनवा सकती

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद



संभल में जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी बनाए जाने को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सरकार पर सांप्रदायिक मानसिकता का आरोप लगाते हुए कहा कि मुस्लिम बहुल इलाकों में स्कूल, अस्पताल और सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने के बजाय सरकार वहां पुलिस चौकियां बना रही है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार पर सांप्रदायिक मानसिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

## बुनियादी सुविधाए देने में नाकाम क्यों सरकार: ओवैसी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद ओवैसी ने पूछा कि सरकार संभल में एक ऐतिहासिक मस्जिद के पास पुलिस चौकी का निर्माण क्यों कर रही है? आखिर शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी सुविधाएं देने में नाकाम क्यों है? उन्होंने कहा, कई अध्ययन किए गए हैं जो स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि सरकारों ने कभी यह सुनिश्चित नहीं किया कि जहां मुस्लिमों की संख्या अधिक है वहां स्कूल, अस्पताल या कॉलेज जैसी सुविधाएं दी जाएं। सरकार ऐसे इलाकों में सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने में नाकाम रही है।

## भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप

उन्होंने आगे डार्टमाउथ कॉलेज एमआईटी के पॉल लोवोसाद द्वारा हाल ही में किए गए एक अध्ययन की ओर इशारा किया, जिसमें बताया गया है कि सरकारों ने कितना भेदभाव किया है, विशेष रूप से भाजपा सरकार ने सार्वजनिक सेवाएं प्रदान नहीं करने में भेदभाव किया है।

## मुस्लिमों में साक्षरता दर कम

उन्होंने मुस्लिम महिलाओं में स्कूल छोड़ने की चिंताजनक दर, कम साक्षरता दर, मुस्लिम समुदाय में स्नातकों की सीमित संख्या तथा चिकित्सा संबंधी गंभीर मुद्दों पर भी प्रकाश डाला। एआईएमआईएम सांसद ने कहा, यदि आपके पास संभल में ऐतिहासिक मस्जिद के ठीक सामने पुलिस चौकी बनाने के साधन हैं, तो आप संभल में स्कूल, कॉलेज और अस्पताल क्यों नहीं बना सकते? यह तो सबको ही पता है कि मुस्लिम महिलाओं के स्कूल छोड़ने की दर सबसे अधिक है। यह भी एक ज्ञात तथ्य है कि मुस्लिमों में साक्षरता दर कम है। यह एक ज्ञात तथ्य है कि मुस्लिम समुदाय में स्नातकों की संख्या सबसे कम है।

### नफरत का माहौल बनाना चाह रही सरकार

ओवैसी ने कहा, यहां विभिन्न चिकित्सा मुद्दे हैं। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार इन समस्याओं को हल करने में दिलचस्पी क्यों नहीं ले रही है, जबकि लगातार दावा करते रहे हैं कि वे एक विकसित भारत चाहते हैं, फिर आप ये सभी सेवाएं क्यों नहीं दे रहे हैं। मगर आप सांप्रदायिक मानसिकता रखते हैं। आप उस सांप्रदायिक मानसिकता को मजबूत करने के लिए यह संदेह पैदा कर रहे कि इन मुस्लिम क्षेत्रों की निगरानी सीसीटीवी द्वारा पुलिस चौकियों द्वारा की जानी है। पुलिस चेक पोस्ट का यह निर्माण और कुछ नहीं बल्कि मुसलमानों के बीच संदेह को मजबूत करना, नफरत का माहौल बनाना है। भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में यही कर रही है जिसकी मैं निंदा करता हूं।

### पुलिस चौकी बनाने का चल रहा काम

फिलहाल उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद के पास खाली मैदान में पुलिस चौकी बनाने का काम चल रहा है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्माण स्थल के पास रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) तैनात की गई है। इस बीच, इस बीच, संभल के सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने सोमवार को कहा कि संभल में जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा। आवास की आवश्यकता के कारण चौकी के निर्माण में तेजी लाई जा रही है, क्योंकि बड़ी संख्या में बल वर्तमान में ठंड में बाहर रह रहे हैं। आस-पास की सुविधाएं नहीं होने के कारण काम तेज गति से पूरा किया जा रहा है।

# साइबर अपराध करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, 3 अभियुक्त गिरफ्तार

■ साढ़े चार करोड़ रुपयों की आपराधिक घटनाओं का खुलासा

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद




गाजियाबाद पुलिस की साइबर क्राइम के खिलाफ़ जारी अभियान के बाद लगातार सफलता मिलती जा रही हैं । इसी क्रम में गाजियाबाद क्राइम पुलिस द्वारा साइबर अपराध करने वाले एक बड़े अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से आधा दर्जन से ज्यादा मोबाइल , चेकबुक, एटीएम बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधियों द्वारा 31 घटनाओं में लगभग साढ़े चार करोड़ की साइबर अपराध की घटनाओं में संलिप्तता का खुलासा पुलिस द्वारा किया गया है। आपराधिक कृत्यों की जानकारी के संबंध में पूछे जाने पर अभियुक्त अमित रॉय ने बताया कि उसका एक गैंग है, जो ऐसी घटनाओं को अंजाम देने के लिए सक्रिय रहता था। जिसमें उसके साथ उत्तम, विवेक कुमार, अनुज कुमार, मुकेश चौहान उर्फ प्रधान, अतुल, विक्की यादव और राहुल सक्रिय रूप से जुड़े थे। उनका गैंग जरूरतमंद लोगों को झांसे में लेकर बैंक में खाते खुलवाकर अपराधिक कार्य करते थे। इतना ही नहीं उनके सहयोगियों द्वारा बैंकों में आहरण के लिए डाले गए चेक जो ड्रॉप बॉक्स में रहते थे, हासिल करके उसमें केमिकल का प्रयोग करके नाम परिवर्तित करके उसका आहरण कर लेते थे। जिसके लिए अनेकों राज्यों के जैसे हैदराबाद, राजस्थान, चेन्नई, विजयवाड़ा, मुंबई, लखनऊ, बड़ौदा, नागपुर, भोपाल, कोलकाता जैसे सघन क्षेत्रों को चुनते थे। ज्ञात हो कि इस गैंग के अमित रॉय और राहुल को 29 दिसम्बर को विजय नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था । बाकी अभियुक्त उत्तम कोलकाता, अनुज और अतुल बिजनौर, मुकेश चौहान देहरादून, विक्की यादव दिल्ली की तलाश पुलिस कर रही है।

### साइबर अपराध करके करोड़ों की धन की उगाही

लगातार बदलते तकनीक और व्यवस्थाओं से आम नागरिक जहां हाईटेक बनता जा रहा है, वहीं तकनीकी जानकारी और जागरूकता के अभाव में मध्यम शहरी अथवा कम पढ़े लिखे लोग ऐसे अपराधियों के आर्थिक शोषण का शिकार बनते जा रहे हैं। साइबर अपराधियों की तकनीकी दक्षता ऐसी है कि अच्छे अच्छे व्यापारी अथवा पढ़े लिखे भी आसानी से धोखा कह जा रहे हैं। इस गिरोह ने गुजरात के राजकोट निवासी रिद्धिश शाह से अपराधिक कृत्य करते हुए 3 करोड़ 66 लाख, अहमदाबाद निवासी जिग्नेश भाई के साथ 44 लाख , आनंद निवासी। किशोर भाई जादव के साथ 39 हजार, राजस्थान भीलवाड़ा निवासी विजय सिंह के साथ 3 लाख, पंजाब गुरदासपुर निवासी अनिल कुमार से 75 हजार सहित तेलंगाना समेत अन्य जगह बड़े अपराध किए।

### अपराध के खिलाफ जारी रहेगी मुहिम: अपर पुलिस आयुक्त

साइबर अपराध के खिलाफ मुहिम छेड़ने वाले सच्चिदानंद , अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने आगे भी ऐसे कार्यवाही करने की बात दोहराते हुए नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने की बात कही है। ज्ञात हो कि साइबर अपराध के खिलाफ गाजियाबाद पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर संगोष्ठी और प्रचार प्रसार करके नागरिकों को जागरूक करने का अभियान छेड़ा गया है। जिसके सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलने लगा है।

# एयरलाइन संचालकों को सूचना कस्टम्स को देनी ही होगी, 1 अप्रैल से अनिवार्य होगी शर्त




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

साल 2025 में अंतरराष्ट्रीय यात्री डाटा शेयर करने के मामले में बड़ा बदलाव होगा। अप्रैल, 2025 से एयरलाइन संचालकों को ये सूचनाएं कस्टम्स के साथ अनिवार्य रूप से साझा करनी होगी। अगले साल 1 अप्रैल से इस अनिवार्य शर्त का पालन न करने की सूरत में कंपनियों पर बड़ा जुर्माना लगाया जा सकता है। विमान कंपनियों को राष्ट्रीय सीमा शुल्क लक्ष्यीकरण केंद्र-यात्री (एनसीटीसी-पैक्स) के साथ अनिवार्य पंजीकरण भी कराना होगा।

## उड़ान से 24 घंटे पहले देनी होगी जानकारी

नए नियमों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय उड़ान प्रस्थान से 24 घंटे पहले मोबाइल नंबर और पैसे भुगतान के तरीकों की जानकारी सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों के साथ साझा करनी होगी। इसके अलावा यात्रा कार्यक्रम का विवरण भी देना होगा। इसका मकसद अधिकारियों की प्रतिबंध लगाने की क्षमताओं के साथ-साथ यात्रियों से जुड़े जोखिम के विश्लेषण को बेहतर करना है।

### एयरलाइंस संचालक सूचना देने से इनकार नहीं कर सकते

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के बयान के मुताबिक अगर भारत आने वाली या यहां से दूसरी जगहों पर जाने वाली फ्लाइट्स में यात्रा करने वाले यात्रियों से जुड़ी सूचना मांगी जाती है तो एयलाइंस संचालक सूचना साझा करने से इनकार नहीं कर सकते। शर्तों के अनुपालन के लिए सभी हवाई परिवहन सेवा प्रदाताओं को 10 जनवरी, 2025 तक राष्ट्रीय सीमा शुल्क लक्ष्यीकरण केंद्र-यात्री (एनसीटीसी-पैक्स) के साथ पंजीकरण करना होगा।

### पीएनआरजीओवी प्रणाली: जानकारी देने में विफल रहने पर कितना जुर्माना लगेगा

अगर एयरलाइन डेटा साझा करने में विफल रहती है, तो सीमा शुल्क विभाग के नियमों के अनुसार एक गैर-अनुपालन के लिए 25,000-50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। सीबीआईसी ने कहा है कि नए नियमों को एनसीटीसी-पैक्स की मदद से लागू किया जाना है। जनवरी, 2025 से इसे चरणबद्ध तरीके से रोलआउट किया जाएगा। कुछ एयरलाइन संचालकों ने इस पायलट प्रोजेक्ट को लागू करने के अभ्यास में भाग लेने पर सहमति व्यक्त की है। सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि पीएनआरजीओवी प्रणाली से यात्रियों से जुड़ी जरूरी सूचनाएं जुटाई जाएंगी। 10 फरवरी, 2025 तक पायलट चरण लागू होने वाला है।

### कौन सी सूचनाएं मांग सकते हैं सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी

बता दें कि साल 2022 में सरकार ने यात्री नाम रिकॉर्ड सूचना विनियम तैयाकर किया था। इसके मुताबिक एयरलाइनों को उड़ान के प्रस्थान से 24 घंटे पहले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का डेटा सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ साझा करना होगा। जो जानकारी साझा करनी होगी उसमें यात्री का नाम, बिलिंग / भुगतान जानकारी (क्रेडिट कार्ड नंबर), टिकट जारी करने की तारीख, इच्छित यात्रा, पीएनआर में अन्य यात्रियों के नाम, पीएनआर के लिए यात्रा कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, ट्रैवल एजेंसी का विवरण मांगे जाने पर ये सूचनाएं भी देनी होंगी। बैगेज और कोड शेयर (जब एक एयरलाइन किसी अन्य एयर कैरियर की उड़ान पर सीटें बेचती है) जैसी जानकारी भी साझा करनी होगी।

# पनडुब्बियों की ताकत में होगा इजाफा, रक्षा मंत्रालय ने 2867 करोड़ के दो अहम समझौतों पर किए हस्ताक्षर



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को करीब 2,867 करोड़ रुपये के दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों का मकसद पनडुब्बियों की क्षमता को बढ़ाना और कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों में इलेक्ट्रॉनिक हेवी वेट टॉरपीडो (ईएचडब्ल्यूटी) का एकीकरण (इंटीग्रेशन) करना है।

## रक्षा सचिव की मौजूदगी में हुए हस्ताक्षर

पहला समझौता मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ हुआ है, जो करीब 1900 करोड़ रुपये का है। जबकि दूसरा समझौता फ्रांस के नेवल ग्रुप के साथ हुआ है, जो करीब 877 करोड़ रुपये का है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में नई दिल्ली में दोनों समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। बयान में कहा गया, रक्षा मंत्रालय ने करीब 2,867 करोड़ रुपये की राशि के दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें एक समझौता एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) प्लग के निर्माण और उसे भारतीय पनडुब्बियों में शामिल करने के लिए है। जबकि दूसरा समझौता कलवरी-श्रेणी की पनडुब्बियों में ईएचडब्ल्यूटी का एकीकरण शामिल है।

### तीन लाख श्रम दिवसों का रोजगार सृजित होगा

इसमें आगे कहा गया, एआईपी तकनीक को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया जा रहा है। मंत्रालय ने कहा, इस परियोजना से पारंपरिक पनडुब्बियों की ताकत बढ़ेगी और यह आत्मनिर्भर भारत पहले में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इससे करीब तीन लाख श्रम दिवसों का रोजगार सृजित होगा। कलवरी-श्रेणी की पनडुब्बियों में ईएचडब्ल्यूटी का एकीकरण भारतीय नौसेना, डीआरडीओ और फ्रांस के नेवल ग्रुप के सहयोग से किया जाएगा। इसमें आगे कहा, यह भारतीय नौसेना की कलवरी-श्रेणी की पनडुब्बियों की क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा।

# 'खेलो गोरेगांव' 54 चषक क्रिकेट स्पर्धा सफलतापूर्वक संपन्न






■ भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

खेलो गोरेगांव क्रिकेट स्पर्धा में नेसको बॉयज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता। उन्हें 11,111 नकद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आर बॉयज ने दूसरा स्थान हासिल किया और उन्हें 7,777 नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई। साई लीला फाउंडेशन की अध्यक्ष रश्मि उपाध्याय एवं श्रद्धा कदम द्वारा भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित खेलो गोरेगांव 54 चषक क्रिकेट स्पर्धा का उद्घाटन आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली के द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता विशेष रूप से युवाओं में जोश और उत्साह भरने का माध्यम बनी क्योंकि इसमें प्रवेश शुल्क नहीं रखा गया था।

पहले दिन उद्घाटन के मौके पर उपस्थित मुंबई भाजपा के प्रवक्ता उदयप्रताप सिंह ने नारियल फोड़कर प्रतियोगिता का श्रीगणेशा किया। मुंबई हिंदी पत्रकार संघ के अध्यक्ष आदित्य दुबे ने कॉइन उछालकर मैच का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में मुंबई भाजपा सचिव एवं मजदूर नेता अभिजीत राणे, श्री सिद्धिविनायक मंदिर के कोषाध्यक्ष व भाजप मुंबई के उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा मुंबई महासचिव बलवंत वर्मा, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष सचिन भिल्लारे, बेटी बचाओ बेटी पढाओ की मुंबई उपाध्यक्ष रुपाली कुलकर्णी, पत्रकार अंकित मिश्रा, भाजपा वार्ड 54 के अध्यक्ष डॉ.अमर यादव उपस्थित होकर मनोबल बढ़ाने का काम किया।

यह दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणादायक मंच साबित हुई और खेल भावना को प्रोत्साहित करने का माध्यम बनी। कुल टीमें 35 थी। प्रत्येक मैच के बाद मैन ऑफ द मैच% का पुरस्कार दिया गया। सभी खिलाड़ियों को सिल्वर मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के लिए एक रोमांचक अनुभव था बल्कि खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का एक बेहतरीन मंच भी साबित हुआ।

# जजों के रिश्तेदार अब नहीं बन पाएंगे हाईकोर्ट के जज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम एक नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इस प्रस्ताव के तहत मौजूदा या पूर्व संवैधानिक न्यायालय के जजों के परिवार के सदस्यों को हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश फिलहाल रोकी जा सकती है। सूत्रों की माने तो ऐसा इसलिए किया जा रहा क्योंकि एक आम धारणा है कि इन वकीलों को पहली पीढ़ी के वकीलों की तुलना में जज बनने की प्रक्रिया में प्राथमिकता मिलती है। दिसंबर 2022 में, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाईकोर्ट न्यायाधीशों के लिए सिफारिश किए गए वकीलों के साथ बातचीत भी शुरू की है। यह उनकी उपयुक्तता और क्षमता का आकलन करने के लिए किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के करीबी रिश्तेदारों की नियुक्ति के खिलाफ विचार कर सकता है। कॉलेजियम हाईकोर्ट के कॉलेजियम को ऐसे उम्मीदवारों की सिफारिश न करने का निर्देश देने पर विचार कर सकता है, जिनके माता-पिता या करीबी रिश्तेदार सर्वोच्च न्यायालय या हाईकोर्ट के वर्तमान या पूर्व न्यायाधीश रहे हों।

# सरकारी योजना के लाभार्थी किसी को पैसे न दें: ममता



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

इसी साल जनवरी में उपजे विवाद के 11 महीने से भी अधिक समय बीतने के बाद आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी संदेशखाली पहुंचीं। उन्होंने राज्य सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं का लाभ पाने के लिए पैसों का भुगतान न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योजनाओं का संचालन राज्य सरकार कर रही है। सीधे बैंक खातों के माध्यम से लाभार्थियों को उनके हक का पैसा मिल रहा है। सीएम ममता ने कहा कि पैसा जनता का है और इस पर उनका पूरा अधिकार है। उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में 30 दिसंबर को पहुंचीं ममता बनर्जी ने सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। इनका लाभ सीधे बैंक खातों में भेजा जा रहा है। महिलाओं से मुखातिब ममता ने कहा, अगर कोई उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के बहाने बुलाता है तो ऐसी बातों पर ध्यान देना जरूरी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि संदेशखाली में विरोध-प्रदर्शन को भड़काने के लिए भारी मात्रा में पैसों का दुरुपयोग किया गया।

# चंद्रबाबू नायडू सबसे अमीर मुख्यमंत्री

## सबसे कम संपत्ति वाले सीएम के पास हैं सिर्फ 15 लाख रुपए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) द्वारा सोमवार को एक रिपोर्ट जारी कर देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री और सबसे कम संपत्ति रखने वाले मुख्यमंत्री का डेटा जारी किया है। एडीआर के मुताबिक,आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं, जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि, प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय 2023-2024 में लगभग 1,85,854 रुपये थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत आमदनी 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। एडीआर के डेटा के मुताबिक, देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। एडीआर की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति के साथ दूसरे सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। वहीं कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

## सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं, जबकि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं। देश के 31 मुख्यमंत्रियों में से केवल दो महिलाएं पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी और दिल्ली की मुख्यमंत्री अतिशी हैं। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की कुल नेटवर्थ 13.27 करोड़ रुपये है, जबकि उनके ऊपर 62 लाख रुपये की देनदारी भी है। वहीं हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू का नेटवर्थ 7 करोड़ से अधिक, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी का 4 करोड़ से अधिक, बिहार से सीएम नीतीश कुमार का 3 करोड़ से अधिक, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और पंजाब के सीएम भगवंत मान के पास एक-एक करोड़ की रुपए की संपत्ति है।

### जानें किस सीएम के पास कितनी संपत्ति

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की कुल संपत्ति कुल संपत्ति 25.33 करोड़ रुपये के आस-पास है, जबकि उनके ऊपर 3.92 करोड़ रुपये की देनदारी है। असम से सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की नेटवर्थ करीब 17 करोड़ रुपये बताई गई। मेघालय के सीएम कोनराड संगमा के पास 15 करोड़ रुपए की संपति है। त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा की संपति 13 करोड़ के आसपास है। गोवा के सीएम प्रमोद सावंत की कुल संपति 9 करोड़, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन की कुल संपति 8 करोड़, गुजरात के मख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की संपति 8 करोड़ से अधिक की संपति के मालिक हैं।

# चीन-पाकिस्तान के करीब जा रहा बांग्लादेश भारत पर निर्भर, चिकित्सा-शिक्षा के लिए हम ही सहारा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बांग्लादेश पिछले कुछ समय से राजनीतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। सरकार विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के बीच अगस्त में प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने पद से हट गईं। इस हिंसा में अल्पसंख्यक हिंदुओं और उनके घरों और प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया। इस्कॉन से जुड़े संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के मसले पर भारत ने चिंता जताई। उधर मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने हाल ही में भारत को किनारे कर पाकिस्तान और चीन के साथ नजदीकियां बढ़ाई हैं। हालांकि, भारत बांग्लादेश के लिए ऐतिहासिक रूप से सहयोगी रहा है चाहे वह 1971 का युद्ध हो या देश में कोई दूसरा संकट। कोरोना के समय भी भारत ने पड़ोसी देश को स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरी मदद मुहैया कराई थी।

## ई-मेडिकल वीजा की शुरुआत

दोनों देशों के संबंध बहुआयामी हैं, जिसमें चिकित्सा सहायता, शैक्षिक आदान-प्रदान और बांग्लादेशी नागरिकों को दी जाने वाली कई सुविधाएं शुमार हैं। चिकित्सा सहायता और स्वास्थ्य सेवा सहयोग दोनों देशों के बीच एक अहम कड़ी रही है। जून 2024 में भारत सरकार ने भारत में चिकित्सा उपचार चाहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के लिए ई-मेडिकल वीजा सुविधा शुरू करने की घोषणा की थी। इस पहल का उद्देश्य रोगियों के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शेख हसीना के बीच एक बैठक के दौरान इस पहल की घोषणा की गई थी।

### उपचार के लिए भारत आते हैं लाखों बांग्लादेशी

बांग्लादेश भारत के चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र में एक अहम योगदानकर्ता है, जो कुल आमद का 50-60% है। प्रति वर्ष लगभग तीन से साढ़े तीन लाख बांग्लादेशी मरीज सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं की वजह से चिकित्सा उपचार के लिए भारत आते हैं। हालांकि, बांग्लादेश में हाल ही में हुई राजनीतिक अशांति के कारण चिकित्सा उपचार के लिए भारत आने वाले रोगियों की संख्या में कमी आई है।

### शिक्षा में छात्रवृत्ति से लेकर वित्तीय सहायता तक

भारत बांग्लादेशी छात्रों को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी कार्यक्रमों के लिए छात्रवृत्ति मुहैया कराता है। हर साल 200 बांग्लादेशी छात्रों को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) की छात्रवृत्ति मिलती है। इसमें आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में अवसर शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फ़ोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)